
राष्ट्रीय मुख्यधारा PRINT | WEB | VIDEO
बोकारो, मंगलवार
03.12.2024
पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/
वर्ष : 11, अंक : 297
हिन्दी दैनिक
mukhyadhara.daily@gmail.com +91 8873 319 159
RNI : JHAHIN/2014/54374
# राष्ट्रीय मुख्यधारा
www.rashtriyamukhyadhara.com
अख़बार भी, आन्दोलन भी



राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

# शीतकालीन सत्र : हंगामे के चलते पांचवें दिन भी कार्यवाही बाधित, दोनों सदन स्थगित

**एजेंसी। नई दिल्ली**



संसद के शीतकालीन सत्र का आज सोमवार को पांचवां दिन भी हंगामे की भेंट चढ़ गया। लोकसभा और राज्यसभा दोनों में विपक्षी सांसदों ने जोरदार हंगामा किया, जिसके चलते कार्यवाही को मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। शीतकालीन सत्र के दूसरे सप्ताह के पहले दिन आज सोमवार सुबह 11 बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई, विपक्षी सांसदों ने गौतम अडानी समेत विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरने के प्रयास में जोरदार हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान अडानी समूह से जुड़े मामलों और उत्तर प्रदेश के संभल में हुई हिंसा पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष ने जोरदार नारेबाजी की। आज लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक पेश करने की संभावना थी, लेकिन हंगामे के चलते इसे भी टालना पड़ा है। इससे पहले पिछले हफ्ते भी चारों कार्यदिवस बिना किसी प्रगति के समाप्त हो गए थे।

**राज्यसभा की कार्यवाही भी रही बाधित** : राज्यसभा में भी हंगामें की स्थिति लोकसभा जैसी ही रही। वहां भी विपक्ष के हंगामे के चलते कोई चर्चा नहीं हो सकी और कार्यवाही को कल तक के लिए स्थगित कर दिया गया। गौरतलब है कि पिछले सोमवार से शुरू हुए शीतकालीन सत्र के दौरान अब तक विपक्ष और सरकार के बीच गतिरोध बना हुआ है। सत्र के पहले दिन उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच तीखी बहस भी देखने को मिली थी। इसके बाद विपक्ष के सांसद लगातार हंगामा करते देखे गए और सदन की कार्वाही स्थगित की गई। इस सत्र में कुल 19-19 बैठकें आयोजित होनी हैं, लेकिन हंगामे और गतिरोध के चलते कामकाज पूरी तरह हो पाएगा इस पर शंका जाहिर की जा रही हैं। सरकार और विपक्ष के बीच सहमति बनने तक संसदीय कार्यवाही के सामान्य रूप से चलने की संभावना कम ही नजर आती है।

## स्पीकर के साथ सर्वदलीय बैठक के बाद संसद में गतिरोध खत्म, आज से सुचारू रूप से कामकाज की उम्मीद



**नई दिल्ली।** लोकसभा और राज्यसभा में पिछले एक सप्ताह से जारी गतिरोध समाप्त होने जा रहा है। लोकसभा अध्यक्ष के साथ सोमवार को विभिन्न दलों के फ्लोर लीडर की बैठक हुई। बैठक में सहमति बनी कि मंगलवार से सदन को सुचारू रूप से चलाया जाएगा। लोकसभा अध्यक्ष के साथ बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री ने इसकी जानकारी दी और आशा व्यक्त की कि सभी दल मिलकर सदन को चलाने में मदद करेंगे। उन्होंने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि सभी सांसदों को सदन में अपनी बात रखने का अवसर मिलना चाहिए। विपक्ष के नेता अपने हर विषय को अनुमति से सदन में रख सकते हैं। रिजिजू ने बताया कि आज की बैठक में संविधान पर चर्चा कराए जाने पर भी सहमति बनी है। लोकसभा में 13-14 दिसंबर यानि शुक्रवार और शनिवार को चर्चा कराई जायेगी। राज्यसभा में 16-17 दिसंबर को चर्चा कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि लोकसभा और राज्यसभा में पिछले कई दिनों से संभल में हुई हिंसा और अडाणी पर अमेरिका में जांच से जुड़े मुद्दों को लेकर गतिरोध जारी था। विपक्ष इन मुद्दों पर चर्चा कराए जाने की मांग कर रहा था। इसी बीच विपक्ष ने संविधान को अंगीकृत करने की 75वीं वर्षगांठ पर दोनों सदनों में संविधान पर विशेष चर्चा कराए जाने की मांग की थी। आज हुई बैठक में टीडीपी से लवु श्रीकृष्ण देवरायलु, कांग्रेस से गौरव गोगोई, द्रमुक से टीआर बालू, एनसीपी (शरदचंद्र) से सुप्रिया सुले, सपा से धर्मेंद्र यादव, जेडी (यू) से दिलेश्वर कामैत, राजद से अभय कुशवाहा, तृणमूल से कल्याण बनर्जी, शिवसेना (यूबीटी) से अरविंद सावंत और सीपीआई (एम) से के. राधाकृष्णन ने बैठक में भाग लिया।

# कर संग्रह में प्रौद्योगिकी का अधिक उपयोग किया जाना चाहिए : राष्ट्रपति

**एजेंसी। नई दिल्ली**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि इस नए और गतिशील युग में कर संग्रह में कम हस्तक्षेप और प्रौद्योगिकी का अधिक उपयोग करने का प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कर प्रशासन के क्षेत्र में नए विचार और नए समाधान लाने की जिम्मेदारी युवा अधिकारियों पर है। भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) के प्रशिक्षु अधिकारियों ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) हमारी अर्थव्यवस्था को एक समान कर व्यवस्था तथा साझा प्रशासनिक मूल्यों के माध्यम से जोड़ती है। यह सेवा देश के कर प्रशासन में समानता को बढ़ावा देती है। आईआरएस अधिकारी भारत सरकार, व्यापार और विभिन्न राज्यों के कर प्रशासनों के बीच एक बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया भर में बदलते सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में राष्ट्रीय हित का एजेंडा काफी हद तक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग से तय होता है। आईआरएस अधिकारी देश की आर्थिक सीमाओं के संरक्षक हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उन्हें हमेशा ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से काम करना होगा। दूसरे देशों के साथ व्यापार सुविधा समझौतों में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) देश को आर्थिक विकास और बुनियादी ढांचे के निर्माण, सामाजिक-आर्थिक योजनाओं के संचालन, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने आदि के लिए संसाधनों का उपयोग करने में सक्षम बनाती है। यह राष्ट्र निर्माण में आईआरएस अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रशासक के रूप में अपनी भूमिका को निभाने के लिए आपको ऐसी प्रणालियां और प्रक्रियाएं विकसित करने की आवश्यकता है जो पारदर्शी हों और जवाबदेही सुनिश्चित करें। राष्ट्रपति ने अधिकारियों को सलाह दी कि वे याद रखें कि कराधान केवल देश के राजस्व को बढ़ाने का साधन नहीं है। यह सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। देश के नागरिकों द्वारा दिया गया कर देश और लोगों के विकास के लिए उपयोग किया जाता है। इसलिए, यदि वे अपना काम लगन और निष्ठा से करेंगे, तो वे देश के विकास में बहुत बड़ा योगदान दे पाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### गल्फ एयर विमान की इमरजेंसी लैंडिंग के कारण कुवैत में भूखे-प्यासे फंसे रहे भारतीय



**कुवैत सिटी।** गल्फ एयर के विमान की हुई आपात लैंडिंग के चलते यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। मुंबई से मैनचेस्टर की उड़ान भरने वाले यात्री विमान में करीब 60 भारतीय यात्री रविवार को कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर करीब 24 घंटे तक भूखे-प्यासे फंसे रहे। विमान के यात्रियों का आरोप है कि लंबे इंतजार के बाद भी उन्हें खाना-पानी, आवास या बुनियादी सुविधाएं भी मुहैया नहीं कराई गई। तकनीकी खराबी के चलते गल्फ एयर की उड़ान जीएफ 005 को डायवर्ट किया गया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक विमान 24 घंटे बाद फिर रवाना हुआ। इस दौरान फंसे हुए यात्रियों में से कुछ ने बताया कि वे लोग हवाई अड्डे को छोड़ने में असमर्थ थे। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके पास ट्रांजिट वीजा नहीं था। जबकि यूके और यूएस पासपोर्ट धारकों को ट्रांजिट वीजा की उपलब्धता के कारण बाहर जाने की अनुमति दी गई थी। ऐसे में स्थिति और खराब तब हो गई जब यात्रियों ने सोशल मीडिया पर इसकी शिकायत करना शुरू कर दिया। इसके बाद कुवैत स्थित भारतीय दूतावास को हस्तक्षेप करना पड़ा। रिपोर्ट के मुताबिक सोशल मीडिया पर इससे जुड़ा मुद्दा उठाने के बाद, कुवैत में भारतीय दूतावास के वरिष्ठ अधिकारियों ने हवाई अड्डे पर फंसे भारतीय यात्रियों से संपर्क साधा।

### किसानों के दिल्ली कूच के ऐलान के बाद पुलिस ने कसी कमर




**नई दिल्ली।** किसानों के दिल्ली कूच के ऐलान के बाद दिल्ली पुलिस ने कमर कस ली है। किसानों के राजधानी आने की घोषणा के बाद दिल्ली पुलिस ने उनको आने से रोकने के लिए खास इंतजाम किए हैं। दिल्ली के चौतरफा बॉर्डर के साथ ही सिंघु और टिकरी बॉर्डर पर ज्यादा एहतियात बरती जा रही है। दिल्ली पुलिस के पूर्वी रेंज के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त सागर सिंह कलसी ने बताया कि किसानों के दिल्ली मार्च को देखते हुए हमने पूर्वी दिल्ली में दाखिल होने वाले सभी प्रमुख रास्तों पर कड़े इंतजाम किए हैं। हमने बैरिकेडिंग की है, दंगा-रोधी उपकरणों से लैस पुलिस टीमों को तैनात किया गया है। इसके अलावा ड्रोन से निगरानी की भी व्यवस्था की गई है। पुलिस यह भी देख रही है कि इन एहतियाती व्यवस्थाओं से आम लोगों को परेशानी न हो। इसके लिए पुलिस सोशल मीडिया के जरिए लोगों को समय-समय पर जानकारी दी जा रही है। ज्वाइंट सीपी संजय कुमार जैन ने कहा, "कालिंदी कुंज बॉर्डर, डीएनडी फ्लाईओवर बॉर्डर पर पुलिस टीम तैनात की गई है। इसके अलावा बीएनएस की धारा 163 के तहत किसी को भी बिना अनुमति के इस तरह के विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं है। दोनों सीमा स्थलों पर बैरिकेडिंग की गई है।

# कश्मीर में बर्फबारी जारी

## मप्र-राजस्थान में पारा 10 डिग्री तक हुआ कम

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कश्मीर के पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के चलते मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कई जिलों में ठंड के मौसम का असर देखने को मिल रहा है। मध्य प्रदेश के 10, राजस्थान के 8, उत्तर प्रदेश के 2, छत्तीसगढ़ के 2 शहरों में पारा 10डिग्री से कम रिकॉर्ड किया गया है। कश्मीर के मारवाह, किश्तवाड़ और बादवान में सीजन की पहली बर्फबारी देखने को मिली है। केंद्रीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार अगले 24 घंटों में हिमाचल के कांगड़ा, किन्नौर, कुल्लू, लाहौल स्पीति और चंबा में बर्फबारी होने के आसार हैं। इधर, 32 दिन बाद रविवार को दिल्ली का एक्यूआई 300 से नीचे दर्ज किया गया। केंद्रीय पर्यावरण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, एक्यूआई 285 दर्ज किया गया है, लेकिन दिल्ली में हवा की कैटेगरी अभी भी खराब बनी हुई है। दक्षिण भारत में कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु में फेंगल तूफान का असर देखने को मिला, जिसके चलते सोमवार को भी भारी बारिश हुई है।

# शिदे ने दी महाटेंशन: जनता की पसंद मैं




**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा का रिजल्ट आने के 10 दिन बाद भी मुख्यमंत्री का नाम तय नहीं हो पाया है। महायुति यानी भाजपा, शिवसेना शिंदे और एनसीपी में एक सीएम और दो डिप्टी सीएम का फॉर्मूला तय किया गया है। वहीं महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि जनता चाहती है कि सीएम मैं ही रहूं। मैं आम लोगों के लिए काम करता हूं। मैं जनता का मुख्यमंत्री हूं। इसी वजह से लोग मानते हैं कि मुझे ही मुख्यमंत्री बनना चाहिए। उधर, भाजपा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतामण और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी को पर्यवेक्षक बनाया है। दोनों मंगलवार को मुंबई जाएंगे और विधायक दल की बैठक में सीएम चेहरे को लेकर बात करेंगे। हालांकि, भाजपा की ओर से देवेंद्र फडणवीस का सीएम बनना तय माना जा रहा है। इस बीच, अजित पवार और देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को दिल्ली में अमित शाह से मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक, इस मीटिंग में मंत्रियों की लिस्ट और उनके रिपोर्ट कार्ड पर चर्चा की गई।

**सरकार गठन की तैयारी,सीएम तय नहीं** : महाराष्ट्र में सरकार गठन तो छोड़िए, मुख्यमंत्री कौन होगा ये ऐलान तक नहीं हो सका है। मुंबई से दिल्ली तक मैराथन बैठकों के दौर के बाद यह बात तो तय हो चुकी है कि मुख्यमंत्री भाजपा से ही होगा लेकिन कौन होगा? ये अभी तक तय नहीं है। अब बात इसे लेकर भी हो रही है कि महाराष्ट्र में महायुति सरकार के गठन में क्या कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ही बाधा बन रहे हैं? सीएम शिंदे को लेकर शुरू हुई यह बहस निराधार भी नहीं है। हाल ही में सीएम शिंदे के साथ ही उनकी अगुवाई वाली पिछली सरकार में डिप्टी सीएम रहे देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार को भाजपा नेतृत्व ने दिल्ली तलब किया था। एकनाथ शिंदे, फडणवीस और अजित पवार ने दिल्ली पहुंचकर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। अमित शाह के आवास पर तीन घंटे तक चली मैराथन बैठक के बाद तीनों ही नेता उसी रात मुंबई लौट आए थे। मुंबई में महायुति नेताओं की बैठक होनी थी लेकिन एकनाथ शिंदे सतारा जिले में स्थित अपने पैतृक गांव चले गए और दो दिन वहीं रहे। इसकी वजह से महायुति नेताओं की बैठक में देरी हुई।

## भाजपा ने निर्मला सीतारमण और विजय रूपाणी को महाराष्ट्र विधायक दल का पर्यवेक्षक नियुक्त किया



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और भाजपा विधायक दल के नेता के चुनाव की निगरानी के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। केंद्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति को मंजूरी देने के साथ ही भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने महाराष्ट्र सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अब सीतारमण और विजय रूपाणी की निगरानी में चार दिसंबर को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और भाजपा विधायक दल के नेता का चुनाव होगा। भाजपा पहले ही घोषणा कर चुकी है कि नई सरकार 5 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में आजाद मैदान में शाम 5 बजे शपथ लेगी। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भाजपा के संसदीय बोर्ड ने महाराष्ट्र में पार्टी विधायक दल के नेता चुनाव के लिए गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पंजाब के प्रभारी विजय रूपाणी तथा केंद्रीय वित्त एवं कारपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

## बाबा बागेश्वर को फिर मिली हत्या की धमकी, गिरफ्तारी की मांग



**अमृतसर।** बाबा बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। इस पर आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने ी मांग हिंदू संगठनों ने की है। जानकारी अनुसार मध्य प्रदेश स्थित बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री के बयान को लेकर पंजाब में बवाल मचा हुआ है। दरअसल 18 मार्च को मुरादाबाद में धीरेंद्र शास्त्री ने हरिहर मंदिर को लेकर एक बयान दिया था, जिसे पंजाब के सिख कट्टरपंथी बरजिंदर परवाना ने अमृतसर स्थित हरमंदिर साहिब यानी गोल्डन टेंपल से जोड़ा है। इसे लेकर अब उसने पंडित धीरेंद्र शास्त्री को कथित धमकी दी कि उनकी उल्टी गिनती शुरू हो गई है, चाहे जैसे मर्जी, उन्हें मार डालेंगे। बरजिंदर परवाना ने पंडित शास्त्री को पंजाब आने की चुनौती दी और फिर जान से मारने की कथित धमकी भी दे डाली। यह पहला मामला नहीं है, इससे पहले भी धीरेंद्र शास्त्री को धमकियां मिल चुकी हैं। पंजाब का जरुर यह पहला मामला है। यहां बताते चलें कि पंजाब के कपूरथला जिले के कादराबाद गांव में 26 से 30 नवंबर तक चले समागम से परवाना ने धीरेंद्र शास्त्री को धमकी दी थी। यही कारण है कि एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया और विश्व हिन्दू तख्त प्रमुख वीरेश शांडिल्य ने पुलिस से आरोपी परवाना को गिरफ्तार करने की मांग की है।

# हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की गतिविधियों पर भारत की कड़ी नजर: नौसेना प्रमुख



**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने सोमवार को स्पष्ट किया कि भारतीय नौसेना की हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में चीन की गतिविधियों पर कड़ी नजर है। हमने चीनी नौसेना इकाइयों सहित हिंद महासागर क्षेत्र में सक्रिय अतिरिक्त क्षेत्रीय बलों की गतिविधियों पर भी कड़ी नजर रखे हुए है। चाहे वे उनके युद्धपोत या अनुसंधान पोत हों। पैनी नजर रखने की वजह से ही हम जानते हैं कि कौन कहां और कैसे क्या कर रहा है। नौसेना प्रमुख ने कहा कि भारत अगले दो महीनों के भीतर भारतीय नौसेना के लिए 26 राफेल लड़ाकू विमानों और तीन अतिरिक्त भारत निर्मित स्कॉर्पीन पनडुब्बियों के सौदे को पूरा करेगा। नौसेना दिवस की वार्षिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आज एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि 29 अगस्त को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने परमाणु ऊर्जा से चलने वाली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आईएनएस अरिघात को नौसेना के बेड़े में शामिल किया है, जो हमारे परमाणु त्रिकोण का तीसरा चरण है। उन्होंने कहा कि फ्रांस के साथ प्रस्तावित राफेल मरीन लड़ाकू विमान सौदे की बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है और अब इसे सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति के पास ले जाना बाकी है। चूंकि, यह सरकार से सरकार के बीच का सौदा है, इसलिए इसमें ज्यादा समय नहीं लगेगा।

# गल्फ एयर विमान की इमरजेंसी लैंडिंग के कारण कुवैत में भूखे-प्यासे फंसे रहे भारतीय

**एजेंसी।कुवैत सिटी**



गल्फ एयर के विमान की हुई आपात लैंडिंग के चलते यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। मुंबई से मैनचेस्टर की उड़ान भरने वाले यात्री विमान में करीब 60 भारतीय यात्री रविवार को कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर करीब 24 घंटे तक भूखे-प्यासे फंसे रहे। विमान के यात्रियों का आरोप है कि लंबे इंतजार के बाद भी उन्हें खाना-पानी, आवास या बुनियादी सुविधाएं भी मुहैया नहीं कराई गई। तकनीकी खराबी के चलते गल्फ एयर की उड़ान जीएफ 005 को डायवर्ट किया गया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक विमान 24 घंटे बाद फिर रवाना हुआ। इस दौरान फंसे हुए यात्रियों में से कुछ ने बताया कि वे लोग हवाई अड्डे को छोड़ने में असमर्थ थे। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके पास ट्रांजिट वीजा नहीं था। जबकि यूके और यूएस पासपोर्ट धारकों को ट्रांजिट वीजा की उपलब्धता के कारण बाहर जाने की अनुमति दी गई थी। ऐसे में स्थिति और खराब तब हो गई जब यात्रियों ने सोशल मीडिया पर इसकी शिकायत करना शुरू कर दिया। इसके बाद कुवैत स्थित भारतीय दूतावास को हस्तक्षेप करना पड़ा।

रिपोर्ट के मुताबिक सोशल मीडिया पर इससे जुड़ा मुद्दा उठाने के बाद, कुवैत में भारतीय दूतावास के वरिष्ठ अधिकारियों ने हवाई अड्डे पर फंसे भारतीय यात्रियों से संपर्क साधा। इसके बाद ही हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने वरिष्ठ नागरिकों और शिशुओं के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों को हवाई अड्डे के अंदर ही बनी एक फैसिलिटी देने वाली जगह तक ले जाने पर सहमत हुए। वैसे इस संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। इस दौरान भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था करने के लिए एयरलाइन से बातचीत की और संपर्क बनाए रखा। वहीं भारतीय दूतावास की एक पोस्ट में बताया गया, कि मैनचेस्टर के लिए गल्फ एयर की उड़ान अंततः फंसे हुए भारतीय यात्रियों और अन्य लोगों को लेकर सुबह 4:34 बजे रवाना हो गई।

## 26 वर्षीय आईपीएस अधिकारी की सड़क हादसे में मौत


**बेंगलुरु।** कर्नाटक कैडर के 2023 बैच के आईपीएस हर्षवर्धन अपनी पहली पोस्टिंग के लिए ज्वाइनिंग देने जा रहे थे, तभी अचानक हुए सड़क हादसे में उनकी मौत हो गई। मध्य प्रदेश निवासी आईपीएस की गाड़ी रविवार देर शाम हादसे का शिकार हो गई, जिसमें उनकी मौत हो गई। उनके निधन पर सीएम सिद्धारमैया ने शोक जताया है। कर्नाटक के हासन जिले से प्राप्त जानकारी अनुसार आईपीएस अफसर हर्षवर्धन की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह अपनी पहली तैनाती पर कार्यभार ग्रहण करने जा रहे थे। पुलिस के अनुसार कर्नाटक कैडर के 2023 बैच के आईपीएस अधिकारी हर्षवर्धन मध्य प्रदेश के रहने वाले थे। दुर्घटना रविवार देर शाम को हुई। हर्षवर्धन जिस पुलिस वाहन से जा रहे थे उसका हासन तालुक के किट्टाने के निकट टायर फट गया, जिसके बाद चालक ने नियंत्रण खो दिया और वाहन सड़क किनारे एक घर और पेड़ से टकरा गया।



## संक्षिप्त समाचार

### पश्चिम बंगाल से परीक्षा देने रांची आई छात्रा के साथ होटल में छेड़खानी

**रांची**। पश्चिम बंगाल से परीक्षा देने आयी नाबालिग छात्रा के साथ होटल में छेड़खानी का मामला सोमवार को प्रकाश में आया है। घटना रांची के कटहल मोड़ स्थित एक होटल की है, जहां बदमाशों ने कमरे में घुसकर लड़की के साथ छेड़खानी की। इस मामले में छात्रा के पिता ने नगड़ी थाना में मालदा के शुभेंदु मंडल, शांतनु मंडल, तमिलनाडु के अभिषेक दत्ता, अर्कापराव दत्ता और सोमनाथ शर्मा पर केस किया है। उनका आरोप है कि लड़कों ने उनकी बेटी की आपत्तिजनक तस्वीर खींची और उसे ब्लैकमेल किया। जानकारी के अनुसार, छात्रा कटहल मोड़ के काव्यन रेसीडेंसी में ठहरी थी। वह आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी में परीक्षा देने आयी थी। रात में जब पिता खाना खाकर लौटे तो वह उनसे लिपटकर रोने लगे। यह घटना 16 सितंबर की है। इस मामले में करीब ढाई महीने बाद 29 नवंबर को प्राथमिकी दर्ज की गयी है। थाना प्रभारी अभिषेक राय ने बताया कि पूरे मामले की गहन जांच-पड़ताल की जा रही है।



### पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई पूरी, आदेश सुरक्षित

**रांची**। टेंडर कमीशन घोटाला मामले में आरोपित पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की डिस्चार्ज पिटीशन पर पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में सोमवार को सुनवाई पूरी हो गई। कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रखा है। मामले में आरोपितों पर आरोप गठित होना है। इससे पहले खुद पर लगे आरोप को मुक्त कराने के लिए आरोपितों के जरिये डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल किया गया है। मामले में ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम और उनके परिजन सहित कई सहयोगियों की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज हो चुकी है। 15 मई को ईडी ने आलमगीर आलम को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद से वे जेल में बंद है। टेंडर आवंटन में कमिशन लेने का उनपर आरोप है। टेंडर कमीशन घोटाला मामले को लेकर ईडी ने सबसे पहले 21 फरवरी, 2023 को बड़ी कार्रवाई की थी। निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के रांची जमशेदपुर पटना और दिल्ली सहित कई ठिकाने पर छापेमारी की थी। छापेमारी के बाद वीरेंद्र राम सहित अन्य को ईडी ने गिरफ्तार किया था। ईडी की दूसरी बड़ी कार्रवाई 6 और 7 मई को हुई थी। इसमें कई इंजीनियर, कांट्रेक्टर ठेकेदार और पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के पीएस के ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की थी। आलमगीर आलम पीएस संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के ठिकाने से 32 करोड़ कैश बरामद हुए थे। इसके बाद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम से दो दिनों की पूछताछ के बाद ईडी ने 15 मई को गिरफ्तार कर लिया था।



### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा और जुर्माना

**रांची**। पॉक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने सोमवार को नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोaषी करार हिन्दपीढ़ी के मो. अली उर्फ नूर अली को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने नूर अली पर 15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। नूर पर पड़ोसी की बेटी के साथ जबरदस्ती करने का आरोप सिद्ध हुआ है। इस घटना को लेकर पीड़िता के परिजन ने हिन्दपीढ़ी थाना में 8 जून, 2022 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। नूर को 11 जून, 2022 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।




### जन शिकायत के लिए उपायुक्त ने जारी किया नंबर, जनता कर सकेगी 24 घंटे शिकायत

**रांची**। रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सोमवार को आम जनता के लिए जन शिकायत नंबर जारी किया है। जिला प्रशासन नंबर 9430328080 पर रांची वासियों से शिकायत प्राप्त करेगा। उपायुक्त ने आधिकारिक तौर पर इस नंबर की पायलट लॉन्चिंग की। उपायुक्त के आवसीय गोपनीय स्थित सभाकक्ष से नंबर की लॉन्चिंग करते हुए उपायुक्त ने कहा कि आम लोगों की सुविधा और उनकी शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन की ये पहल है। समय के साथ इस प्लेटफार्म के माध्यम से शिकायत प्राप्त करने और समाधान की प्रक्रिया को और बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि व्हाट्सअप ग्रुप 9430328080 चौबीस घंटे क्रियाशील रहेगा। इस ग्रुप के अनुश्रवण के लिए जिला स्तर पर नोडल पदाधिकारी को नामित किया गया है। साथ ही उनके सहयोग के लिए दो अन्य पदाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। व्हाट्सएप ग्रुप 9430328080 पर समाहरणालय अवस्थित विभिन्न शाखाओं में होने वाले कार्यों तथा आम लोगों से प्राप्त होने वाली शिकायतों के तत्काल समाधान के लिए तीन पालियों में कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इनकी कार्यावधि सुबह 06:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक, दोपहर 02:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक एवं रात्रि 10:00 बजे से सुबह 06:00 बजे तक होगी। प्रतिनियुक्त कर्मी प्राप्त शिकायत ससमय संबंधित विभाग को अग्रसारित करेंगे। साथ ही की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।




### दुलाई से कमाई के मामले में धनबाद रेल मंडल का जलवा बरकरार, नवंबर तक 2087 करोड़ की हुई आमदनी

**धनबाद**। धनबाद रेल मंडल एक बार फिर अप्रैल से नवंबर तक सबसे अधिक माल ढुलाई कर देश मे सबसे कमाऊ रेल मंडल का दर्ज बनाए रखने में कामयाबी हासिल की है। इसके साथ यात्री सुविधाओं में भी कई अहम कार्य किए जा रहे हैं। धनबाद रेल मंडल के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने आज बताया कि एक बार फिर धनबाद रेल मंडल ने सबसे ज्यादा 125.95 मिलियन टन माल ढुलाई कर आय के मामले में देश का सर्वश्रेष्ठ रेल मंडल बने रहने में कामयाबी हासिल की है। उन्होंने बताया कि नवंबर माह तक धनबाद रेल मंडल ने 2087 करोड़ रुपये का आय किया है। दूसरे नंबर पर रहे बिलासपुर रेल मंडल ने 122.06 मिलियन टन माल की ढुलाई किया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा टिकट चेकिंग से भी यात्रियों में जागरुकता आई है। जिस वजह से टिकट खरीद में भी यहाँ 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जबकि यात्री सुविधाओं को देखते हुए नई ट्रेन देने समेत नई स्टॉपेज, रेल कोच, रेस्टोरेंट सहित आरयूबी-आरओबी जैसे कार्य जारी हैं।



# झारखंड में बदला मौसम का मिजाज, चार से ज्यादा ठंड पड़ने की संभावना

**रांची**। झारखंड में रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में फेंगल चक्रवात का असर देखने को मिल रहा है। इस वजह से सुबह से ही आसमान में धुंध और हल्के बादल छाए हैं। इस बीच शहर में बूंदाबांदी भी देखने को मिल सकती है। वहीं, अब दोपहर में भी ठंड लोगों को सताएगी। झारखंड में सोमवार से आसमान में बादल छाए रहने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। वहीं, रविवार को रांची समेत कई जगहों पर बादल छाए रहे और कहीं-कहीं हल्की बारिश भी देखने को मिली। इस दौरान अधिकतम तापमान करीब 23 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि, सात दिसंबर के बाद आसमान साफ रहने की उम्मीद है। इस दौरान तापमान में भी बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के दक्षिणी भागों में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। सुबह के समय हल्का से मध्यम कोहरा रहेगा, बाद में आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे। इस दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, 3 दिसंबर से 7 दिसंबर तक सुबह के समय हल्का से मध्यम कोहरा, धुंध रहने और बाद में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है। इस दौरान मौसम शुष्क रह सकता है। चार दिसंबर से ठंड ज्यादा पड़ने की संभावना है। क्योंकि, न्यूनतम तापमान और नीचे जा सकता है। इस संबंध में रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने सोमवार को बताया कि बंगाल की खाड़ी में बने 'फेंगल' तूफान के कारण हवा का रुख बदल चुका है। वहीं, दक्षिण से आ रही हवा के कारण राज्य में बादल छाए हुए हैं। इसके बाद राज्य में ठंड भी बढ़ेगी। उल्लेखनीय है कि पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के दक्षिणी हिस्से में हल्की बारिश दर्ज की गई। जगन्नाथपुर में 12 मिमी, सिमडेगा में 2.5 मिमी बारिश हुई। इस दौरान सबसे अधिक अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस गोड्डा में दर्ज किया गया। जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस गढ़वा में दर्ज किया गया। हालांकि इस दौरान कुछ जगहों पर तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं देखा गया।



## रांची उपायुक्त ने समाहरणालय परिसर का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



**रांची**। रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सोमवार को समाहरणालय परिसर की साफ-सफाई एवं रख-रखाव का जायजा लिया। उपायुक्त ने शौचालय की स्वच्छता, समाहरणालय प्रांगण के सुन्दरीकरण और पेयजल क्षेत्र के सफाई पर विशेष ध्यान देने को लेकर कई निर्देश दिये। उपायुक्त ने अग्निशमन और ड्रेनेज की व्यवस्था को दुरुस्त करने और समाहरणालय में सौर ऊर्जा प्रणाली के विषय में जानकारी ली। उपायुक्त ने इस दौरान सभी अंचल और प्रखंड कार्यालय में पदाधिकारियों की उपस्थिति की जानकारी गूगल लोकेशन के माध्यम से ली। उपायुक्त ने कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक कर समाहरणालाय स्तर के सभी पदाधिकारी और कर्मचारियों के आइडेंटी कार्ड एवं कर्मियों की उपस्थिति तथा जन शिकायत कोषांग के कार्यों की जानकारी भी ली। इस मौके पर साफ-सफाई के लिए प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारी मौजूद थे।

## आदिम जनजाति और पहाड़िया समाज के सर्वांगीण विकास के लिए विशेष समिति का गठन करे राज्य सरकार : बाबूलाल मरांडी

**रांची**। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सलाह देते हुए राज्य के आदिम जनजातियों विशेषकर संथाल परगना क्षेत्र में निवास करने वाली पहाड़िया समाज की सामाजिक आर्थिक स्थिति पर चिंता व्यक्त की है। मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर सोमवार को लिखा कि झारखंड की आदिम जनजातियों, विशेष रूप से पहाड़िया समाज की आर्थिक और सामाजिक स्थिति किसी से छिपी नहीं है। आज भी यह समुदाय विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर है और बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। इनके गांवों तक आवागमन के लिए न तो सड़कों की उचित पहुंच है और न ही इन्हें स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल पाता है। उन्होंने लिखा है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और पीने का पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी घोर अभाव है। कुपोषण, एनीमिया, मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियां इनके जीवन का हिस्सा बन चुकी हैं। मरांडी ने कहा कि पहाड़िया समाज के उत्थान के लिए बनाई गई योजनाओं का लाभ भी अधिकतर बिचौलिए हड़प लेते हैं। उन्होंने लिखा है कि इन पहाड़ी क्षेत्रों में उनके लगातार दौरे में पहाड़िया समाज कि दयनीय स्थिति को देखकर यह साफ जाहिर होता है कि उनकी हालत बेहद चिंताजनक है। मरांडी ने लिखा है कि आजादी के 75 वर्ष बाद भी आदिम जनजाति समाज कि ऐसी स्थिति राज्य के लिए चिंताजनक है। उन्होंने मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि झारखंड की आदिम जनजातियों, विशेषकर पहाड़िया समाज के समग्र उत्थान के लिए एक विशेष समिति का गठन किया जाए। समिति के जरिये किए गए सर्वेक्षण और सिफारिशों के आधार पर एक वर्ष की ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए, ताकि उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान हो सके।



## रांची में रोहित हत्याकांड का खुलासा, दो गिरफ्तार



**रांची**। दुर्गा पूजा के दौरान रोहित तिर्की की पीट-पीटकर हत्या करने वाले दो आरोपितों को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते दो आरोपितों मंतोष कुमार उर्फ मंटू और आयुष राज उर्फ अंकित कुमार को गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गत 11 अक्टूबर को रोहित दुर्गा पूजा घूमने के लिए गया हुआ था। पूजा के दौरान कुछ आपराधिक किस्म के युवकों से उसका विवाद हो गया। विवाद के बाद युवकों ने रोहित के साथ मारपीट की। मारपीट में रोहित बुरी तरह से जख्मी हो गया। रोहित को अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। रोहित की हत्या से आक्रोशित परिजनों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर शव के साथ लालपुर चौक को जाम कर दिया था। एसपी ने बताया कि इस संबंध में लालपुर थाना निवासी मृतक के भाई मोहित तिर्की के बयान के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने अनुसंधान में आये तथ्यों के आधार पर और तकनीकी सहयोग से पंडरा ओपी क्षेत्र के पिस्का मोड़ स्थित विकास नगर में छापेमारी कर मंतोष कुमार उर्फ मंटू और आयुष राज उर्फ अंकित कुमार को गिरफ्तार किया। अन्य शामिल फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## जल स्रोतों के संरक्षण के लिए जनांदोलन करेगा गंगा समग्र

**रांची**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आनुषंगिक संगठन गंगा समग्र के महानगर इकाई की बैठक मनधीराम महतो की अध्यक्षता में विकास भारती कार्यालय आरोग्य भवन में सोमवार को हुई। बैठक का संचालन करते हुए के. जयराम ने कहा कि संगठन रांची महानगर के सभी सरोवरों, तालाबों एवं नदियों की अविरलता एवं निर्मलता के लिए जन-जागरण के माध्यम से सभी जल स्रोतों के संरक्षण के लिए शीघ्र ही जनांदोलन शुरू करेगा। झारखंड के प्रान्त संगठन मंत्री अम्बरीष ने कहा कि रांची में कई सरोवर हैं, जिन पर नगर निगम ने अच्छा काम किया है। सरोवर पक्के कराए गए हैं। पेड़-पौधों से सुसज्जित हैं लेकिन पानी काला एवं बदबूदार है। पालीथीन और कचरा प्रत्येक तालाब में है। उन्होंने कहा कि शहर की सांस्कृतिक पहचान बड़ा तालाब में घरों मल-मूत्र युक्त नालियां गिर रही हैं। रांची की धरोहर स्वर्ण रेखा नदी नाला बन गई है। इक्कीसों महादेव धाम, चुटिया जाकर देखें तो नदियों की दुर्दशा समझ में आयेगी। शहर के बड़े-बड़े दुर्गन्ध युक्त नाले सीधे नदी में गिर रहे हैं। ये जहरीला पानी न केवल जनजीवन के स्वास्थ्य को नष्ट कर रहा है, बल्कि सामान्य जीव-जंतुओं को बीमार कर रहा है। बैठक को मुख्य रूप से डॉ. रत्नेश मिश्रा, अशोक प्रधान और उदय सिंह ने भी संबोधित किया।



## राज्यपाल ने जेपी नड्डा को जन्मदिन की दी शुभकामनाएं





**रांची**। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। साथ ही राज्यपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर सोमवार को ट्वीट कर नैसर्गिक सौंदर्य और अद्भुत लोक संस्कृति से समृद्ध असम राज्य के स्थापना दिवस पर सभी असमवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा है कि हमारी कामना है कि असम निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर रहे और यहां के नागरिकों के जीवन में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहे। दूसरी ओर, भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी है। दुबे ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि बाबा बैद्यनाथ से आपके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना करता हूं।

## लातेहार में नाबालिग का शव मिला, नाराज लोगों ने सड़क पर लगाया जाम

**लातेहार**। जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में सोमवार को एक नाबालिग का शव कुएं से मिला। वह पिछले चार दिनों से लापता थी। लड़की के परिजनों ने हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए चंदवा प्रखंड मुख्यालय में सड़क जाम कर दिया। डीएसपी अरविंद कुमार के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम हटाया। जानकारी के अनुसार, सोमवार को कुछ ग्रामीणों ने कुएं में एक शव को देखकर हल्ला मचाया। बाद में शव को कुएं से निकाला गया तो उसकी पहचान हुई। लड़की के परिजनों का कहना था कि लड़की गत 29 नवंबर से ही घर से लापता हो गई थी। इस मामले को लेकर चंदवा थाना में आवेदन भी दिया गया था और कुछ लोगों पर आशंका भी जताया गया था लेकिन पुलिस के जरिये इस मामले में कोई उचित कार्रवाई नहीं की गई। इस कारण उनकी लड़की की हत्या हो गई। घटना के विरोध में परिजनों ने चंदवा प्रखंड मुख्यालय के इंदिरा चौक पर रांची-डालटेनगंज-चतरा रोड को जाम कर दिया। जाम कर रहे लोग मांग कर रहे थे कि मामले में दोषियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए। लगभग डेढ़ घंटे तक जाम रहने के बाद अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी जामस्थल पर पहुंचकर लोगों से बातचीत की। डीएसपी अरविंद कुमार ने आश्वासन दिया कि पुलिस मामले में पूरी तरह निष्पक्ष कार्रवाई करते हुए जांच के बाद दोषी पाए जाने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई करेगी। इसके बाद लोगों ने सड़क जाम हटाया।



## लातेहार में बदमाशों ने दो वाहनों में लगाई आग

**लातेहार**। जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत कुसमाही रेलवे साइडिंग के पास रविवार की देर रात लगभग 2:00 बजे अज्ञात अपराधियों ने कोयला लदे दो हाइवा में आग लगा दी। इस दौरान अपराधियों ने चालकों के साथ मारपीट भी की। जानकारी के अनुसार, लातेहार के तुबेद कोलियरी से कोयला लोड कर हाइवा बालूमाथ के कुसमाही रेलवे साइडिंग की ओर जा रही थी। इसी दौरान चार की संख्या में अपराधी कुसमाही साइडिंग के पास पहुंचे और वहां कोयला लदे दो गाड़ियों में आग लगा दी। अपराधियों ने इस दौरान चालकों के साथ मारपीट भी की। बताया जाता है कि अपराधियों ने मौके पर फायरिंग भी की। अपराधियों ने चालकों को मारपीट कर घटनास्थल से भगा दिया। घटना के बाद चालक ने पूरे मामले की जानकारी हाइवा के मालिक को दी। इसके बाद हाइवा के मालिक ने घटना की सूचना पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार के निर्देश पर पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची लेकिन तब तक हाइवा जल गया था। पुलिस की टीम घटना को लेकर छानबीन कर रही है। वाहन चालकों ने कहा कि वे लोग कोयला लेकर साइडिंग की ओर जा रहे थे। साइडिंग से थोड़ी देर पहले ही चार की संख्या में अपराधियों ने उन्हें रोक लिया और मारपीट करते हुए मोबाइल छीन लिया। अपराधियों ने इस दौरान अपने साथ लेकर आये पेट्रोल से वाहन में आग लगा दी।



## संक्षिप्त समाचार

### ट्रांसपोर्ट नगर की मांग पर बड़ी पहलः बीएसएल को 20 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश






**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारोः** लंबे समय से लंबित ट्रांसपोर्ट नगर की मांग को लेकर सोमवार को एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। बोकारो विधायक श्वेता सिंह की पहल पर जिला उपायुक्त ने बोकारो स्टील लिमिटेड (BSL) प्रबंधन को 20 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इस भूमि का उपयोग भारी वाहनों की पार्किंग के लिए किया जाएगा, जिससे शहर में ट्रैफिक जाम और अन्य संबंधित समस्याओं का समाधान हो सके।

बोकारो, एक प्रमुख औद्योगिक शहर होने के कारण, यहां भारी वाहनों का आवागमन आम बात है। हालांकि, इन वाहनों के सड़क किनारे रुकने से न केवल ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न होती थी, बल्कि दुर्घटनाओं और वाहन मालिकों को पार्किंग फाइन जैसी आर्थिक परेशानियों का भी सामना करना पड़ता था। इन समस्याओं का प्रभाव न केवल आम जनता पर पड़ा बल्कि शहर के यातायात व्यवस्था पर भी नकारात्मक असर हुआ।

विधायक श्वेता सिंह ने कहा, "यह समस्या वर्षों से क्षेत्र की जनता के लिए गले की फांस बनी हुई थी। चुनाव के दौरान मैंने जनता से वादा किया था कि जीत के बाद इस समस्या को प्राथमिकता से हल करूंगी। आज मैंने इस दिशा में पहला कदम उठाया है। भविष्य में भी बोकारो विधानसभा को देश के विकसित क्षेत्रों में शामिल करने के लिए तत्पर रहूंगी।"

भारी वाहनों के लिए विशेष पार्किंग स्थल के निर्माण से न केवल यातायात व्यवस्था सुधरेगी, बल्कि छोटे वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। साथ ही, यह पहल स्थानीय विकास में एक मील का पत्थर साबित हो सकती है।

बोकारो की जनता ने इस पहल का स्वागत किया है और विधायक के प्रयासों की सराहना की है। इस कदम से शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने और औद्योगिक नगरी के रूप में बोकारो की पहचान को और सुदृढ़ करने की उम्मीद है।

### अब ग्राम पंचायतों में ही जमा होंगे पेंशन के आवेदन : बीडीओ

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बेड़ोः** राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली विभिन्न पेंशनों के आवेदन लेकर प्रखंड कार्यालय आने वाले लोगों को अब परेशानी नहीं होगी। इसको लेकर बीडीओ राहुल उरांव ने सोमवार को आमजनों व ग्रामीणों की सुविधा के लिए एक आदेश जारी किया है। इसके अंतर्गत प्रखंड के सभी पंचयात भवन में गुरुवार के दिन मईया सम्मान योजना,वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन जन्म,मृत्यु, जॉब कार्ड,राशनकार्ड आदि का आवेदन प्रत्येक गुरुवार को सभी पंचायत भवनों में लिए जाएंगे। उक्त जानकारी जेई सदाम अंसारी ने दी।

# मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल की प्रबंध समिति की बैठक, विद्यालय के विकास पर विचार-विमर्श

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो :** प्रतिष्ठित सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद्, बोकारो द्वारा संचालित व सीबीएसई, नई दिल्ली से प्लस टू तक की शिक्षा प्रदान करने के लिए संबद्धता प्राप्त बोकारो के सेक्टर 4 ई स्थित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल की प्रबंध समिति की बैठक रविवार को विद्यालय के विद्यापति सभागार में हुई। विद्यालय के अध्यक्ष हरिमोहन झा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विद्यालय द्वारा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने व विद्यालय के उत्तरोत्तर विकास को लेकर चर्चा की गयी। विद्यालय को सीबीएसई द्वारा पांच वर्षों (2025 - 2030) के लिए एफिलिएशन रिन्यूअल होने पर विद्यालय प्रबंध समिति ने प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार पाठक ने विद्यालय की गतिविधियों व उपलब्धियों को रेखांकित किया। विद्यालय सचिव पी के झा चंदन ने कम शुल्क के बावजूद विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने को लेकर किए जा रहे कार्यों व प्रयासों के बारे में जानकारी दी। मिथिला सांस्कृतिक परिषद् के महासचिव नीरज चौधरी ने आश्वस्त किया कि विद्यालय के विकास के लिए परिषद् का भरपूर सहयोग मिलेगा। विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य (वित्त) संदीप कुमार झा ने विद्यालय के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। विद्यालय का वार्षिक बजट भी प्रस्तुत किया गया जिसे समिति ने पारित कर दिया।

इस अवसर पर मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल एजुकेशन सोसाइटी (विद्यालय प्रबंध समिति) के स्थायी आमंत्रित सदस्य राजेन्द्र कुमार, सदस्य अविनाश कुमार झा, सुनील मोहन ठाकुर, विजय कुमार झा, अरुण कुमार पाठक, शंभु झा, विश्वनाथ झा, सुभद्र चौधरी, अविनाश अवि ने भी अपने विचार रखे और विद्यालय के विकास के प्रति समर्थन व्यक्त किया। अध्यक्षीय वक्तव्य में विद्यालय के चेयरमैन हरि मोहन झा ने विद्यालय के बच्चों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता जताते हुए विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं को बढ़ाने व शैक्षणिक गुणवत्ता में निरंतर सुधार के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## तेनु-बोकारो नहर की मरम्मत शुरू



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** बीएसएल प्लांट की लाइफ लाइन कही जाने वाली तेनु-बोकारो नहर की मरम्मत का काम सोमवार को शुरू हो गया। सबसे पहले जर्जर हालत में नहर के दोनों ओर मिट्टी भरने का काम किया जा रहा है। तेनुघाट बांध प्रमंडल और बीएसएल के अधिकारियों ने नहर का निरीक्षण करने के बाद बताया कि लगभग 35 किमी लंबी नहर में स्लैब टूटकर जर्जर हुए स्थानों पर काम किया जा रहा है। आरसीसी ढलाई का काम होना है। पांच दिन के बाद डेम से पानी खोला जाएगा। टीम बनाकर मरम्मत कार्य की निगरानी की जा रही है। जरूरत होने पर दिन के अलावा देर शाम तक भी काम किया जा सकता है।

## व्यक्तिगत एवं पेशेवर जीवन में सत्यनिष्ठा जरूरी : सुदीप्त

### डीवीसी के मुख्य सतर्कता अधिकारी ने चंद्रपुरा प्लांट का लिया जायजा, दिए कई निर्देश

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो :** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के मुख्य सतर्कता अधिकारी सुदीप्त आचार्य (आईटीएस) ने आज चंद्रपुरा थर्मल पावर प्लांट के कई क्षेत्रों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। श्री आचार्य का आगमन पूर्वाह्न चंद्रपुरा के निदेशक भवन में हुआ, जिसके बाद वे प्लांट-भ्रमण में चले गए। श्री आचार्य प्लांट के साइलो, छाई तालाब, बीटीजी कंट्रोल रूम, बॉयलर एवं टरबाइन, कोल मिल, एएचपी, आईडी फैन क्षेत्र आदि क्षेत्रों का भ्रमण किया। प्लांट भ्रमण के दौरान उन्होंने डीवीसी चंद्रपुरा प्लांट के कार्यकलापों की प्रशंसा की और उचित दिशा-निर्देश भी दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान विजयानंद शर्मा ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में वरिष्ठ महाप्रबंधक श्रीराम प्रवेश शाह, अभिजीत घोष, डीसी पांडेय, अभिषेक घोष, रविंद्र कुमार, अक्षय कुमार आदि शामिल थे।

मुख्य सतर्कता अधिकारी के साथ पहुंचे अधिकारी मुख्य महाप्रबंधक (सीएंडआई) एवं सतर्कता विभाग के प्रमुख सुब्रत मंडल , उप महाप्रबंधक सुजॉय भट्टाचार्य और उप महाप्रबंधक सुदीप मुखर्जी को भी सम्मानित किया गया। सीवीओ ने नए प्रवेशकों (ईटी) को भी संबोधित किया तथा कहा कि ईमानदारी, सत्यनिष्ठा एवं नैतिकता सबसे महत्वपूर्ण गुण हैं, जिसे प्रत्येक व्यक्ति को व्यक्तिगत एवं पेशेवर जीवन में अपनाना चाहिए। सेवानिवृत्ति के बाद भी व्यक्ति को इन गुणों के लिए याद किया जाता है। सीवीओ श्री आचार्य ने बोकारो स्टील सिटी में अवस्थित बोकारो पावर सप्लाई कंपनी लिमिटेड (बीपीएससीएल) का भी निरीक्षण किया।


## गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटीज टेक्निकल कैंपस के छात्रों का राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन

राष्ट्रीय मुख्यधारा









**बोकारोः** गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटीज टेक्निकल कैंपस के छात्रों ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से संस्थान का नाम रौशन किया है। संस्थान के दो छात्रों, श्रीराम पंडित और बलदेव कुशवाहा, ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित नेशनल प्रोग्राम फॉर टेक्नोलॉजी एन्हैंस्ड लर्निंग (NPTEL) परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त कर सफलता के नए मानदंड स्थापित किए हैं।

श्रीराम पंडित ने 'फंडामेंटल्स ऑफ मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस' विषय में 81% अंक हासिल कर देश के शीर्ष 5% में अपनी जगह बनाई। इसके अलावा, उन्होंने 'एप्लाइड थर्मोडायनमिक्स' विषय में शीर्ष 10% में स्थान प्राप्त किया। बलदेव कुशवाहा ने भी 81% अंक प्राप्त कर शीर्ष 5% में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कॉलेज के निदेशक डॉ. प्रियदर्शी जरुहार ने जानकारी दी कि ये छात्र AICTE-अप्रूव्ड और जेयूटी रांची से संबद्ध बी.टेक (वर्किंग प्रोफेशनल) कोर्स के विद्यार्थी हैं और वर्तमान में बीएसएल में कार्यरत हैं। संस्थान के कुल 39 छात्रों ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया।

छात्रों की इस सफलता के पीछे प्रोफेसर महमूद आलम, प्रो. मनोज कुमार, और प्रो. सुमीत पांडे का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा। छात्रों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय कॉलेज के बेहतरीन शिक्षण और मेंटरिंग को दिया।

संस्थान के अध्यक्ष तरसेम सिंह और सचिव सुरेंद्र पाल सिंह ने सफल छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस उपलब्धि ने संस्थान की उत्कृष्टता को राष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर साबित किया है।

## अनुदानित दर पर ससमय करें बीज का वितरण : बीडीओ

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**गोमिया (बोकारो) :** गोमिया प्रखण्ड कार्यालय समीप स्थित व्यापार मंडल में बीडीओ महादेव कुमार महतो ने सोमवार को औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्टॉक पंजी सहित गोदाम की जांच की, साथ ही अनुदानित दर पर बिरसा बीज उत्पादन विनिमय वितरण योजना के कार्यों का जायजा लिया। इसके 50 प्रतिशत अनुदान पर प्रखण्ड के किसानों के बीच बीज का वितरण सही तरीके से किया जा रहा है या नहीं, इसकी जांच की। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि गेंहू का सीजन समाप्त होने से पहले जल्द से जल्द किसानों के बीच बीज का वितरण 50 प्रतिशत अनुदानित दर पर वितरित किया जाए, ताकि किसान इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ ले सकें।मौके पर गोमिया व्यापार मंडल अध्यक्ष रणविजय सिंह, प्रभारी कृषि पदाधिकारी दीपनारायण रजवार, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक बबलू सिंह, कृषक रामदेव महतो, बिशेश्वर महतो, मनोज कुमार महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# वेदांता ईएसएल ने अलकुशा और बोकारो के सेक्टर 6 में 2 बेहद सफल मेगा हेल्थ कैंप आयोजित किए

राष्ट्रीय मुख्यधारा








**बोकारो :** वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड ने सामाजिक और सामुदायिक कल्याण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए हाल ही में अपने प्रोजेक्ट MACE हेल्थकेयर इंटरवेंशनिस्ट कार्यक्रम के तहत बोकारो जिले में दो बेहद सफल मेगा हेल्थ कैंप आयोजित किए। बोकारो और अलकुशा के वरिष्ठ नागरिकों की चिकित्सा आवश्यकताओं पर केंद्रित इन मेगा हेल्थ कैंप में सैकड़ों लोग उमड़े।

**वेदांता केयर्स फील्ड अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर-** बोकारो के सेक्टर 6 में मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन मेडिकेंट अस्पताल, बोकारो के साथ साझेदारी में किया गया, जिसके डॉक्टरों ने बुजुर्ग नागरिकों की विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं के लिए स्क्रीनिंग की। बोकारो के सेक्टर 6 में वेदांता केयर्स फील्ड अस्पताल में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्रोजेक्ट MACE के तत्वावधान में किया गया और इसका संचालन इसकी कार्यान्वयन एजेंसी - समर्थ कम्युनिटी फोरम द्वारा किया गया।

**मेडिकेंट अस्पताल के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर आयोजित-** स्वास्थ्य शिविर के दौरान वेदांता केयर्स फील्ड अस्पताल में मुख्य अतिथि, सीआईएसएफ के आईजी श्री दिग्विजय कुमार सिंह सहित उपस्थित लोगों ने कोविड-19 महामारी के दौरान वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड द्वारा की गई शानदार सेवा को याद किया। मेडिकेंट अस्पताल के विभिन्न विभागों जैसे ऑर्थोपेडिक्स, जनरल प्रैक्टिशनर्स, नेत्र रोग, एंडोक्राइनोलॉजी (मधुमेह नियंत्रण) के उच्च योग्यता प्राप्त डॉक्टरों ने बुजुर्गों की रक्तचाप, थायरॉयड, रक्त शर्करा आदि की जांच के अलावा उनकी चिकित्सा और सामान्य स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों में मदद की।

**अलकुशा में स्वास्थ्य शिविर-** बोकारो जिले के चास अनुमंडल के ग्रामीण क्षेत्र के बुजुर्गों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अलकुशा गांव में भी इसी तरह का चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। यहां भी डॉक्टरों ने बुजुर्गों की विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों के लिए जांच की और वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड और प्रोजेक्ट MACE की कार्यान्वयन एजेंसी समर्थ फाउंडेशन ने मिलकर इस पहल की दिशा में काम किया।

**आकाश अस्पताल, संजीव नेत्रालय और डॉ. पूजा के डेंटल क्लिनिक की साझेदारी में अलकुशा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित-** अलकुशा मेडिकल कैंप के लिए वेदांता ईएसएल स्टील ने विभिन्न प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों के डॉक्टरों के साथ भागीदारी की, जैसे आकाश अस्पताल के जनरल प्रैक्टिशनर, डॉ. पूजा के डेंटल क्लिनिक के दंत चिकित्सक, संजीव नेत्रालय के नेत्र रोग विशेषज्ञ आदि। बुजुर्ग नागरिक अपने चिकित्सा परामर्श और सामान्य स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों जैसे कि उनके रक्त शर्करा, रक्तचाप, थायरॉयड आदि की जांच के लिए इस शिविर को अत्यधिक सफल बनाने के लिए बड़ी संख्या में आए।

**वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड द्वारा स्वास्थ्य सेवा पहल-** वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड के प्रबंधन के लिए, जिसे विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सरकारी निकायों और गैर सरकारी संगठनों से कई पुरस्कारों और सम्मानों से सम्मानित किया गया है, हमारे आसपास के समुदायों की भलाई से अधिक महत्वपूर्ण कुछ भी नहीं है। हमारी विभिन्न हस्तक्षेपकारी नीतिगत पहलों में से, जो सबसे अधिक प्रभावित करती है, वह है हमारी स्वास्थ्य सेवा पहल - प्रोजेक्ट आरोग्य और प्रोजेक्ट MACE - जिसके क्रियान्वयन के लगभग साढ़े तीन वर्षों में लगभग 5 लाख बोकारो नागरिक लाभान्वित हुए हैं।

**वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड द्वारा प्रोजेक्ट MACE-** प्रोजेक्ट MACE को बोकारो के बुजुर्ग लोगों की स्वस्थ उम्र बढ़ने और सेहत में योगदान देने के लिए डिज़ाइन किया गया था, ताकि उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से सक्रिय रखा जा सके, उन्हें शारीरिक और ऑनलाइन प्रशिक्षण और सीखने, आयोजनों, सूचना सत्रों आदि जैसी विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में शामिल किया जा सके। समर्थ कम्युनिटी फोरम द्वारा कार्यान्वित प्रोजेक्ट MACE के तहत, हम बुजुर्ग नागरिकों को पोषण संबंधी सहायता भी प्रदान करते हैं और स्वास्थ्य सेवा शिविरों, विशेष शिविरों और नियमित डॉक्टर के दौरे के माध्यम से उनका समर्थन करते हैं।

**सामुदायिक कल्याण और मेगा स्वास्थ्य शिविरों के प्रति प्रबंधन का दृष्टिकोण-** ईएसएल स्टील लिमिटेड के सीएसआर प्रमुख श्री कुणाल दरिपा ने इस अवसर पर कहा, "शिविर का प्राथमिक उद्देश्य सामान्य जांच और तत्काल स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं की महत्वपूर्ण आवश्यकता को संबोधित करके स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में योगदान देना था। हमारे कई बुजुर्ग अपनी सामान्य चिकित्सा जांच के लिए समय पर आना भूल जाते हैं, चूक जाते हैं या नहीं कर पाते हैं और शुरुआती चेतावनियों से चूक जाते हैं। हम पुरानी कहावत पर विश्वास करते हैं - 'रोकथाम इलाज से बेहतर है'। अगर रोकथाम की जाए और समय रहते पता चल जाए तो कई बड़ी चिकित्सा आवश्यकताओं को आसानी से और बहुत ही किफायती तरीके से पूरा किया जा सकता है। हम इन मेगा कैंपों में अपने सभी भागीदारों और विशेष रूप से सीआईएसएफ के आईजी श्री दिग्विजय कुमार सिंह को धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने हमारे उत्साह को बढ़ाने के लिए अपने व्यस्त कार्यक्रम से समय निकाला। वेदांता ईएसएल में हम सब मिलकर अपने समुदाय पर सार्थक प्रभाव डाल रहे हैं।"

**वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड के बारे में-** झारखंड के बोकारो जिले के सियालजोरी गांव में स्थित, वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड स्टील उत्पादों का एक प्रमुख निर्माता है। कंपनी 2.5 मिलियन टन प्रति वर्ष (MTPA) की क्षमता वाला एक ग्रीनफील्ड एकीकृत स्टील प्लांट संचालित करती है, जिसमें पिग आयरन, बिलेट्स, TMT बार, वायर रॉड और डक्टाइल आयरन पाइप सहित कई तरह के उत्पाद बनाए जाते हैं। यह प्लांट कड़े पर्यावरण मानकों का पालन करता है और विश्व स्तरीय उत्पाद और सेवाएँ देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञता और समाधानों का लाभ उठाता है।

# साहिबगंज जिला के तीनपहाड़ में पेट्रोल पंप के मालिक की हत्या

**दो नकाबपोशों ने घटना को अंजाम दिया और 15 लाख लूट कर फरार हो गए**

- शालिग्राम मंडल बैंक जा रहे थे पैसे जमा करने

राष्ट्रीय मुख्यधाराः सुजीत कुमार



**साहिबगंजः** जानकारी के मुताबिक राजमहल मेन रोड के लालवन बाइपास के पास सोमवार को नकाबपोश अपराधियो ने लगभग 10:45 बजे मंडल कोच बस और गंगोत्री फिलिंग स्टेशन बभनगामा के मालिक शालिग्राम मंडल की गोली मारकर हत्या कर दी। राजमहल थाना क्षेत्र दलाही गांव निवासी शालिग्राम मंडल रोज की तरह तीनपहाड़ अस्थायी बस स्टैंड गए उसके बाद अपने गंगोत्री फिलिग स्टेशन बभनगामा से लाखों रुपए नगद लेकर भारतीय स्टेट बैंक परसिया के लिये निकल गए। जैसे ही वह लालवन बाईपास पार किया दो नकाबपोश अपराधियो ने उनको साइड से सटा कर गोली मार दी जिससे वह वहीं गिर गए।

**अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित किया-** गोली लगने के बाद शालिग्राम मंडल के आसपास लोग जमा हो गए। कुछ देर बाद तीनपहाड़ थाना का गश्ती दल भी पहुंच गया। घायल शालिग्राम मंडल को उठा कर इलाज के लिये अनुमंडल अस्पताल राजमहल ले जाया गया। जहां इलाज कर रहे चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद बरहरवा एसडीपीओ नितिन खण्डेलवाल, तीनपहाड़ थाना प्रभारी मो शाहरुख, राधानगर थाना प्रभारी नितेश पांडे, तालझारी थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज, राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और मामले की जांच की आसपास के लोगो से पूछताछ किया।

**पुलिस ने क्या कहा ?-** एसडीपीओ ने कहा कि घटना का जांच की जा रही है। सूचना मिली है कि प्रतिदिन का कलेक्शन लेकर बैंक में जमा करने जा रहे थे, जिसे अपराधियो द्वारा गोली मारकर छीन लिया गया। अपराधी जल्द पकड़ा जाएगा। परिजनों का दावा है कि लगभग 15 लाख नगदी रुपए उनके पास थे। एसडीपीओ ने कहा कि पुलिस सभी बिंदुओं की जांच कर रही है परिजनों से नगदी की भी जानकारी ली जाएगी,पूछताछ जारी है। फिलहाल अपराधियों के गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### बेड़ो के जहानाबाज गांव में एक जंगली हाथी ने किसान की फसल रौंदी





**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बेड़ोः** बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जमटोली पंचायत के जहानाबाज गांव में रविवार की रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान जंगली हाथी ने इसी गांव के महावीर गोप के आलू और मटर की फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। इस घटना से गांव लोगो में दहशत व्याप्त है। इधर लोग शाम होते ही अपने घरों में दुबक जाने पर मजबूर हैं। वहीं किसान ने क्षतिपूर्ति को लेकर स्थानीय प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। इधर पूर्वी जिला परिषद के प्रतिनिधि जगरनाथ भगत ने वन अधिकारियों को एक बार फिर से हालात से अवगत कराते हुए किसानों को मुआवजा देने और हाथी को जंगल से भगाने की मांग की है।

### प्रमंडल स्तरीय बाल संरक्षण कार्यशाला आयोजित




**राष्ट्रीय मुख्यधाराः दुमका।** बाल संरक्षण को लेकर संताल परगना प्रमंडल स्तरीय कार्यशाला कन्वेंशन सेंटर में मिशन वात्सल्य (कोई भी बच्चा पीछे न छूटे) विषय पर आयोजित हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सांसद नलिन सोरेन ने संबोधित करते हुए कहा कि राज्य एवं देश के सभी बच्चों का संरक्षण एवं बेहतर भविष्य के निर्माण के साथ उन्हें आगे बढ़ाने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है।

नलिन ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य एवं बेहतर शिक्षा के लिए योजनाएं चलायी जा रही है। हम सभी को मिलकर एक सामूहिक प्रयास करना होगा। जि ससे हर एक बच्चा अपने सपनों को पूरा कर सके। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने कहा कि बच्चो के विकास में बाधा डालने वाले को रोकना होगा। बच्चों को हर तरह संरक्षित करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बाल मजदूरी हो या किसी अन्य प्रकार का उत्पीड़न हम सभी को मिलकर इसे रोकना होगा। जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं गठित समितियां अपने अपने स्तर पर कार्य कर रही है। आमजनों को भी एक सामूहिक प्रयास करना होगा, जिससे हर एक बच्चे एक बेहतर ज़िंदगी मिल सके। साथ ही कहा कि वर्तमान समय मे कम उम्र के बच्चे भी नशे का शिकार हो रहे हैं। इन सब से उन्हें बचाना होगा। कार्यशाला के दूसरे सत्र तकनीकी सत्र में पीपीटी के माध्यम से बाल संरक्षण से संबंधित जानकारी देते हुए परामर्श भी प्राप्त किये गए। इससे पूर्व पारंपरिक रीति-रिवाज से अतिथियों का स्वागत एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया।

### गंभीर रूप से घायल करने के दोषी को पांच वर्ष कारावास की सजा




**राष्ट्रीय मुख्यधाराः कोडरमा।** जान से मारने की नीयत से मारकर गंभीर रूप से घायल करने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा की अदालत ने सोमवार को दोषी मनीष कुमार सिंह (42) निवासी सामंतो पेट्रोल पंप के नजदीक, झुमरी तिलैया को 5 वर्ष कारावास की सजा सुनाई। सत्रवाद 154/21 में भादवि की धारा 307 के तहत दोषी पाते हुए न्यायालय ने 5 वर्ष की सजा के साथ ही 5 हजार जुर्माना भी लगाया।

मामला वर्ष 14-03-2019 का है। इसे लेकर तिलैया थाना में प्रिंस कुमार सिंह पिता रविंद्र सिंह, तिलैया ने मामला दर्ज कराया था। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक व अधिवक्ता आत्मानंद कुमार पांडे ने किया। वहीं, बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता कुमार रोशन ने दलीलें पेश किया।

### मोटरसाइकिल के आमने-सामने टक्कर में दो युवक घायल



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः चतरा।** हंटरगंज-चतरा मुख्य पथ पर घंघरी बाजार के समीप दो बाइक के सीधी टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों की पहचान नंदू यादव के 26 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार यादव घंघरी निवासी जबकि दूसरे की पहचान गुमानी भारती का 25 वर्षीय पुत्र दीपक भारती के रूप में हुई।

दुर्घटना में घायल दोनों युवकों को ग्रामीणों ने आनन फानन में हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने स्थिति नाजुक दिखते हुए चतरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही विधायक जनार्दन पासवान सदर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने चिकित्सकों से बातचीत की और घायल के परिजनों को ढांढस बंधाया।

## प्रदूषण को नियंत्रित केवल पेड़ - पौधे ही कर सकते हैं



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**साहिबगंजः** मॉडल कॉलेज राजमहल, साहिबगंज में दिनांक 02 दिसंबर 24 को राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस को प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने विद्यार्थियों को प्रदूषण के दुष्प्रभावों के बारे में बताया और कहा कि प्रदूषण के विभिन्न स्वरूप जैसे जल प्रदूषण, मृदा प्रदूषण, वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण इत्यादि hai दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, जिससे जीवन जीना दुभर होता जा रहा।दिल्ली का उदाहरण देते हुए प्राचार्य ने कहा कि राजधानी में सांस लेना भी मुश्किल है, ऐसी स्थिति भविष्य में न उत्पन्न हो इसके लिए आवाहन किया कि जीवन के सुचारु व्यापन के लिए हर हाल में प्रदूषण को नियंत्रित करना होगा, अन्यथा भविष्य में जीवन दुर्लभ हो जाएगा।

राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण कर प्रदूषण को नियंत्रण करने का संकल्प लिया और लोगों को जागरूक करने का भी प्रण लिया।

इस कार्यक्रम में कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. रमजान अली, डॉ. अमित कुमार ,डॉ विवेक महतो, डॉ अरविन्द कुमार पांडेय सभी कर्मचारीगण मोहन, सुमित, प्रकाश बबलू,करमू तथा वृष्टि कुमारी, नेहा कुमारी, बनफूल कुमार, टिंकी कुमारी, शांति कुमारी आदि दर्जनों छात्र/छात्राएं ने हिस्सा लिया।

## बीडीओ पवन कुमार ने विकास व कल्याणकारी योजना की समीक्षा की



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**तालझारी/साहिबगंज :** तालझारी प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में सोमवार को तालझारी बीडीओ पवन कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड के सभी विकास व कल्याणकारी योजनाओं कि समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान उन्होंने अनाबद्ध मद व 15वां वित्त पर अब तक किये गये कार्य कि जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बारी बारी से पंचायत वार समीक्षा किया।

इस दौरान बीडीओ ने वृंदावन, तालझारी पंचायत में जीरो प्रत्याशी सहित प्रखंड के पांच से छह पंचायत को छोड कर बाकी सभी पंचायतों में काम पूरा नहीं होने को लेकर नराजगी जताई। साथ ही उन्होंने कहा सभी कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि योजना कि पार्दर्शिता बनाए रखे जिसको लेकर सभी योजना में बोर्ड लगाना है। साथ ही उन्होंने कहा कि अनाबद्ध व 15 वां वित्त में बचे राशि को जल्द से जल्द विकास के काम में लगाने का निर्देश दिया। साथ ही बीडीओ श्री कुमार ने मनरेगा योजना में अधिक से अधिक योजनाओं का चयन करने को कहा ताकि लोगों को अधिक से अधिक रोजगार मुहैया कराया जा सके। साथ ही आवास से संबंधित योजना की समीक्षा करते हुए बीडीओ ने लंबित योजनाओं को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया।

मौके पर जीपीएस परमेश्वर किस्कू, बीपीओ जैनी किस्कू सहित पंचायत सेवक, रोजगार सेवक सहित प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

## ज़िला क्रिकेट अंडर-16 टूर्नामेंट

राष्ट्रीय मुख्यधारा




**साहिबगंज।** ज़िला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर-16 क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत सोमवार को कंबाइंड इलेवन बनाम माही स्पोर्ट्स येलो के बीच मैच खेला गया।

**माही स्पोर्ट्स येलो ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए-** 25 ओवर में 04 विकेट पर 201 रन बनाये। आदित्य ज्ञान ने 43, वमीक नईम ने 31, मो शोएब अंसारी ने 24, अब्राहम शेख ने 44 व उमर फारूक ने 14 रन बनाए। कंबाइंड 11 के गेंदबाज विवेक, नितेन मंडल, शाहिद व शिवम ने 1-1 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी कंबाइंड इलेवन की टीम 25 ओवर में 9 विकेट पर 149 रन बना सकी। शादाब हुसैन ने 32, अमूल ने 30, शिवम ने 18, नयन शर्मा ने 16 रनों की पारी खेली। माही स्पोर्ट्स येलो के गेंदबाज अब्राहम शेख ने 3, तौसीफ ने 2, कुमार तेजस, वमीक नईम व उमर फारूक ने 1-1 विकेट लिए। माही स्पोर्ट्स येलो ने 52 रनों से जीत हासिल की। माही स्पोर्ट्स इलेवन ने खिलाड़ी अब्राहम शेख को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि वरीय क्रिकेटर सह जिला क्रिकेट संघ के संयुक्त सचिव सतीश सिन्हा ने अब्राहम शेख को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग अशफाक आलम व प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा एवं स्कोरिंग केएस सौरभ ने किया।

मौके पर ज़िला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, अमित तिवारी, ग़ोपाल सिंह, राजीव कुमार सहित अन्य मौजूद थे। टूर्नामेंट इंचार्ज मो० अशफाक आलम ने बताया कि 03 दिसंबर को संत जेवियर स्कूल ए बनाम महतो बागान के बीच मैच खेला जाएगा।

## UPS के विरोध में ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन द्वारा किया गया कार्यक्रम



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**साहिबगंजः** ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के पूर्व रेलवे का द्विवार्षिक अधिवेशन साहिबगंज के साउथ कॉलोनी के नाच घर मे संपन्न हुआ।इस महाधिवेशन में पूर्व रेलवे के चारों मंडल के डेलीगेट ने हिस्सा लिया।

अधिवेशन का उद्घाटन कामरेड मनोज कुमार राय ने किया उन्होंने UPS के विरोध में संगठन से लगातार संघर्ष का आह्वान किया। केंद्रीय उपाध्यक्ष आर आर भगत ने UPS की खामियों पर प्रकाश डाला।

कामरेड एस पी सिंह द० पु० रेलवे के महासचिव ने सहायक लोको पायलट के पदनाम को loco pilot और उनकी नियुक्त 4200 ग्रेड पे में करने की मांग की उन्होंने लोको में AC टॉयलेट FSD और टूल बॉक्स लगने तक आंदोलन जारी रखने का आह्वान किया।

इसको लेकर एक नई ब्रांच कमिटी बनी जिसमें साहिबगंज ब्रांच में अध्यक्ष रवि रंजन ,शाखा सचिव एन के प्रभाकर,शाखा कोषाध्यक्ष दिवाकर कुमार का चयन किया गया।

## राजमहल विधायक एमटी राजा ने मंगलहाट क्षेत्र का किया भ्रमण

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**राजमहल/झारखंड :** राजमहल के विधायक मो. ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने सोमवार को मंगलहाट से सुकसेना होते हुए लालमाटी, मखानी, बेलदारचक तक आम लोगों से मुलाकात कर लोगों को उन्हें विधायक चुने जाने पर धन्यवाद दिया। विधायक ने कहा कि आज यदि वे विधायक बने हैं तो इसका श्रेय आम जनता को जाता है, जिन्होंने उसे इस लायक समझा है।

उनका प्रयास होगा कि सभी 383 बूथों से जुड़े लोगों को विधायक होने का सेवा कर सके। जनता ने उन्हें भारी मतों से चुनाव जिताया है ।इसका मतलब स्पष्ट है कि जनता ने अपना पूर्ण समर्थन दिया है।जनता के इस विश्वास को वे टूटने नहीं देंगे. विभिन्न गांवों के आम लोगों ने जगह-जगह पर विधायक एमटी राजा का स्वागत तिलक व आरती उतार कर फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया।

मौके पर प्रखंड अध्यक्ष घीसू शेख, प्रखंड युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास यादव, विशुत्री उपाध्यक्ष सुदर्शन पासवान, दुर्गा प्रसाद मंडल, सुभाष चंद्र दास, सुरेश मंडल, प्रकाश मंडल, श्रवण मंडल, गोपाल मंडल, जीतू यादव, रामदेव मंडल, वासुदेव मंडल, अन्य दर्जनों झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के बड़ा लोहंडा के पास से एक युवक को जिरवाबाड़ी थाना पुलिस ने हथियार व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**साहिबगंजः-** सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी। सदर एसडीपीओ ने बताया कि 1 दिसंबर 24 को पुलिस अधीक्षक, साहिबगंज को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की एक व्यक्ति बड़ा लोहंडा बस्ती में हथियार लहरा रहा है तथा कोई अपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में घूम रहा है। तत्पश्चात वरीय पदाधिकारी के अदेसानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बड़ा लोहंडा खजूर टोली के पास से दौड़कर गुलाब सिंह उम्र 38 वर्ष ,पिता इंद्रदेव सिंह, ग्राम हर प्रसाद रामपुर, थाना मुफस्सिल, जिला साहिबगंज के रहने वाले को पकड़ लिया। जिसके कमर से एक देशी कट्टा एवं पॉकेट से दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में उसने बताया कि लोगों में अपना खौफ एवं वर्चस्व जमाने के लिए हथियार लहरा रहा था। इस संबंध में जिरवाबाड़ी थाना कांड संख्या 184/24 धारा 25(1 बी) ए/26/27 आर्म्स एक्ट अंकित किया गया है। अभियुक्त को अग्रतर अनुसंधान करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वही छापामारी दल में थाना प्रभारी जिरवाबाड़ी थाना पंकज दुबे, हवलदार रविंद्र ठाकुर, हवलदार महेंद्र यादव, हवलदार सकल मुर्मु, आरक्षी 529 बृजेश कुमार एवं चालक गृह रक्षक मनोज कुमार शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### चिरकुंडा पहुंचे सांसद, मारवाड़ी समाज के लोगों के साथ मारपीट की निंदा की

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो शनिवार की शाम चिरकुंडा के ऊपर बाजार स्थित दुर्गा मंदिर पहुंचे। उन्होंने मारवाड़ी समाज के लोगों के साथ शुक्रवार की रात हुई मारपीट की घटना की निंदा की। कहा कि इस मामले में व जल्द ही एसएसपी से बात कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करेंगे। व्यवसायियों के साथ गलत व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर कृष्णलाल रुंगटा, प्रदीप अग्रवाल, जयप्रकाश सिंह, निरंजन अग्रवाल, राजकुमार जिंदल, श्याम गाडिया, संदीप अग्रवाल, राम अवतार अग्रवाल, पवन गड्डयान, डब्लू बाउरी, अनिल यादव, मटरू अग्रवाल आदि मौजूद थे।

### बीएसएनएल ने शुरू की नयी एफटीटीएच सेवा, छात्रों को मिलेगा लाभ

**धनबाद, एजेंसी।** बीएसएनएल ने विद्या मित्रम नाम से एक नयी एफटीटीएच ( इंटरनेट सेवा ) शुरू की है। बीएसएनएल ने यह अभिनव सेवा विशेष रूप से ऐसे व्यक्तियों व व्यक्तियों के समूह के लिए शुरू की है, जो जरूरतमंद छात्रों को प्रेरणा और सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में समर्थन देना चाहते हैं। इसके तहत भारत फाइबर प्लान व फाइबर एंट्री के रूप में 329 रुपये प्रति माह के दर से एकाधिक एफटीटीएच कनेक्शन की वार्षिक सेवा दी जायेगी। इसके माध्यम से परोपकारी व्यक्ति व समाज सेवक संस्थान के रूप में वंचित और प्रतिभाशाली छात्रों के लिए एफटीटीएच कनेक्शन प्रायोजित कर सकते हैं। छात्रों की संख्या के आधार पर इस सेवा में तीन योजनाएं है। इसमें 11,000, 21000 व 35,000 अग्रिम वार्षिक शुल्क के रूप में निर्धारित किया गया है।

### सड़क जाम के 15 साल पुराने मामले में आरोपी 17 भाजपा कार्यकर्ता बरी

**गोड्डा, एजेंसी।** गोड्डा में सड़क जाम करने के 15 साल पुराने एक मामले में ट्रायल का सामना कर रहे 17 भाजपा कार्यकर्ताओं को न्यायिक दंडाधिकारी रेमी प्रफुल्ल बा की आदालत ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। मामला वर्ष 2009 में गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे जुड़ा है। तब सासंद के साथ पोड़ैयाहाट थाना पुलिस के कथित दुर्व्यवहार के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन कर रहे थे। छुरिया बाबा स्थान के समीप विरोध–प्रदर्शन किया जा रहा था। घटना को लेकर गोड्डा नगर थाना में भाजपा कार्यकर्ता पवन झा व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। कुल बीस आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र समर्पित होने के बाद न्यायालय संज्ञान लेते हुए आरोप गठन कर मामले की सुनवाई शुरू की थी। इसी दौरान तीन आरोपियों अविनाश पटेल, सुनील साह व महिला कार्यकर्ता प्रोन्नति दुबे की मौत हो गई। 15 साल तक चली लंबी न्यायिक प्रक्रिया में गवाहों का परीक्षण कराया गया। उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद न्यायिक पदाधिकारी रेमी प्रफुल्ल बा ने कांड में आरोपी 17 भाजपा कार्यकर्ताओं को साक्ष्य के अभाव में बरी करने का आदेश दिया।

### मेगा नेत्र जांच शिविर में 510 लोगों की हुई जांच

**धनबाद, एजेंसी।** चिरकुंडा के उद्योगपति व समाजसेवी रघुनाथ खरकिया की 53वीं पुण्यतिथि पर लायंस क्लब ने रघुनाथ खरकिया मेमोरियल नेत्र अस्पताल में रविवार को निःशुल्क मेगा नेत्र जांच व मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर लगाया. शिविर का उद्घाटन उद्योगपति व मैथन सिरामिक लि के मालिक जगदीश प्रसाद अग्रवाल ने किया. इस दौरान 510 लोगों की नेत्र जांच की गयी. इसमें 84 मोतियाबिंद के मरीज चिह्नित किये गये, जिनका मुफ्त ऑपरेशन अस्पताल में किया जायेगा. 330 लोगों को दवा दी गयी. 192 लोगों के चश्मे का पावर जांच किया गया. शिविर में डॉ शांतनु देव, डॉ सूर्यकांत, पीयूष राय, एसएस दास, नीलांजल चंद्रा, पी मुखर्जी, मुस्लिम अंसारी, संतोष गोराई, अरूप भट्टाचार्य, संदीप मंडल, कौशिक शास्त्री, बबीता राखा, श्रुति देवी, श्रीकांत बनर्जी, मीनू, राकेश की टीम शिविर आयोजन में सक्रिय रहा. मौके पर बिनोद अग्रवाल, कृष्णलाल रुंगटा, अजय शर्मा, प्रदीप अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, भगवती रुंगटा, ललिता अग्रवाल, सरिता खरकिया, रेखा खरकिया, रितिका अग्रवाल, उषा जिंदल, दिनेश अग्रवाल, सुनील गाडयान, सत्यनारायण चौधरी, निरंजन अग्रवाल, अमर राजपुरिया, पवन गाडयान, संजय शर्मा, संदीप अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे.

# यौन शोषण के आरोप में पलामू बालिका गृह के संचालक और महिला कॉउंसलर भेजे गए जेल

**पलामू, एजेंसी।** बालिका गृह पलामू में यौन शोषण का मामला सामने आने के बाद जिला प्रशासन हरकत में आ गया है। मेदिनीनगर महिला थाना में पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज करते हुए संचालक राम प्रताप गुप्ता (72) और महिला कॉउंसलर प्रियंका कुमारी (26) को रविवार दोपहर एक बजे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए शनिवार देर शाम आनन-फानन में बालिका गृह को सील कर सभी लड़कियों को जेलहाता स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर में शिफ्ट कर दिया गया है। अधिकारियों की जांच दूसरे दिन भी जारी है।

उल्लेखनीय है कि बालिका गृह का संचालन समाज कल्याण विभाग के जरिए होता है। पिछले तीन वर्षों से एनजीओ विकास इंटरनेशनल को इसे चलाने का जिम्मा दिया गया था। आरोपित राम प्रताप गुप्ता इस एनजीओ का सचिव है। जिस नाबालिग लड़की के साथ रामप्रताप ने दुष्कर्म किया है, वह जिले के नक्सल प्रभावित इलाके की रहने वाली है। उसके माता-पिता नहीं हैं। उसके साथ गांव के ही युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया था, जिसके बाद उसे दो साल पहले बालिका गृह लाया गया था। पीड़िता के साथ उसकी छोटी बहन भी यहां रहती थी।




जून माह में छोटी बहन की मौत हो गई। इसका एक भाई बाल गृह में रहता है। बालिका गृह के मैनेजमेंट पर पहले भी सवाल उठते रहते हैं। यहां से बच्चियों के भाग निकलने की घटनाएं भी हमेशा सामने आती हैं। बच्चियों के भागने के बाद उन्हें खोज कर फिर से लाया जाता है।

**क्या है मामला :** पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के सुदना में संचालित बालिका गृह में रहने वाली बच्चियों का यौन शोषण किया गया है। बालिका गृह में 28 बच्चियां रहती हैं, जिसमें दो बच्चियों ने बालिका गृह के संचालक राम राम प्रताप गुप्ता पर यौन शोषण का आरोप लगाया है। राम प्रताप को बच्चियां दादा जी कहती थीं। मामला सामने आने के बाद शनिवार को पुलिस की टीम घंटों मामले की जांच में जुटी रही। बच्चियों के आरोप को पुलिस ने सही पाया। इसके बाद आरोपी संचालक और बालिका गृह की एक महिला काउंसलर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। एएसपी राकेश सिंह ने बताया कि जांच में बच्चियों के यौन शोषण की बात सही साबित हुई है। इसके बाद संचालक और काउंसलर पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई गई।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को मानवाधिकार संगठन की एक टीम अध्यक्ष संध्या सिंह के नेतृत्व में बालिका गृह की व्यवस्था को देखने गई थी। इसी दौरान बच्चियों ने यौन शोषण की बात बताई। बच्चियों के मुताबिक आरोपित राम प्रताप गुप्ता का घर बालिका गृह के पास ही बैंक कॉलोनी में है। एक बच्ची ने कहा कि दीपावली से छठ के बीच दो बार राम प्रताप उसे अपने घर ले गए। इसी दौरान उन्होंने बच्ची के साथ शारीरिक संबंध बनाया। दूसरी बच्ची ने कहा कि उसके साथ भी संचालक ने गलत करने का प्रयास किया था।

बालिका गृह में बच्चियों के साथ यौन शोषण का मामला सामने आते ही पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया। बालिका गृह में रहने वाली कुछ लड़कियां अब 18 वर्ष की उम्र पार कर गई हैं। पूछताछ में पुलिस को लड़कियों ने कहा कि बालिका गृह से बाहर निकलने के लिए उनके सामने अधिकारियों को खुश करने की शर्त रखी गई। जांच में यह भी पता लगा है कि बालिका गृह की एक महिला कर्मी ने लड़कियों के कुछ फोटो भी लिये हैं और किसी को भेजे हैं।

### बंगाल बॉर्डर पर पांचवें दिन भी आलू लदे वाहनों को रोका गया

**धनबाद, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल प्रशासन द्वारा बंगाल बॉर्डर के डिबूडीह चेक पोस्ट पर पांच दिनों से आलू लदे वाहनों को रोके जाने से झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों के व्यापारी, वाहन मालिक व चालक पेरशान हैं. शनिवार की रात दर्जनों आलू लदे ट्रक पश्चिम बंगाल से आ रहे थे, जिसे बंगाल पुलिस ने डिबूडीह चेकपोस्ट से लौटा दिया. रविवार की सुबह भी आलू लदे ट्रकों के झारखंड जाने पर रोक थी. बंगाल बॉर्डर पर आलू लदे वाहनों को रोके जाने के कारण वाहनों पर लदा आलू सड़ने से व्यापारी परेशान हैं. बंगाल पुलिस ने रविवार को भी आलू लेकर बंगाल से बाहर जा रहे दर्जनों ट्रकों को रोक दिया है. शनिवार को पुलिस ने बॉर्डर पर खड़े सैकड़ों आलू लदे ट्रकों को वापस कोल्ड स्टोरेज भेज दिया था.

27 नवंबर से ममता सरकार ने बंगाल से अन्य राज्यों में आलू ले जाने पर रोक लगा दी है.

### तीन दिन से लापता नाबालिग लड़की का शव कुएं से बरामद, परिजनों ने जाम किया नेशनल हाइवे

**लातेहार, एजेंसी।** लातेहार जिले के चंदवा में तीन दिनों से लापता नाबालिग का शव कुएं से बरामद हो गया. शव मिलने का बाद गांव में सनसनी फैल गई है. वहीं शव मिलने के बाद परिजनों में गुस्सा है. शव मिलने के बाद परिजनों और आक्रोषित ग्रामीणों ने एनएच 75 और 99 जाम कर दिया. परिजनों का आरोप है कि उनकी बेटी की हत्या की गई है. चंदवा शहर से सटे डेम टोला निवासी गुड्डू साव की नाबालिग बेटी तनु का शव सोमवार सुबह उसके घर के ही पास एक अनुपयोगी कुएं से बरामद किया गया. शव मिलने के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया. तनु पिछले तीन दिनों से गायब थी. इसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को भी दी थी.

परिजनों और ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने शव को कुएं से निकला. इसके बाद परिजन और ग्रामीण उग्र हो उठे. शव के साथ इंदिरा गांधी चौक पर एनएच 75 और 99 को जाम कर दिया. परिजनों का कहना है कि उनकी बेटी की हत्या की गई है. परिजन जल्द से जल्द आरोपी की गिरफ्तारी और न्याय दिलाने की मांग पर अड़े थे.

अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, पुलिस निरीक्षक रणधीर कुमार ने करीब एक घंटे की मशक्कत की तब जाकर लोग माने. तब जाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और एनएच में जाम खुला. परिजनों ने तीन लोगों पर हत्या का मामला दर्ज कराते हुए आवेदन सौंपा है. वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# रांची में 15 दिसंबर से शुरू होगी धान की खरीदारी, रेट तय

**रांची, एजेंसी।** रांची जिला के विभिन्न प्रखंडों में इस वर्ष 15 दिसंबर से धान अधिप्राप्ति केंद्र का संचालन शुरू किया जाएगा। सरकार ने इस बार किसानों के लिए धान खरीद का लक्ष्य तीन लाख क्विंटल निर्धारित किया है।

पिछले साल मात्र 1.2 लाख क्विंटल धान की खरीद हुई थी, लेकिन इस वर्ष बेहतर फसल उत्पादन और अनुकूल परिस्थितियों के चलते लक्ष्य को पूरा करने की संभावना है। इस बार धान में 17 प्रतिशत तक नमी को स्वीकार किया जाएगा। अधिक से अधिक किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का लाभ देने के लिए एक किसान से 200 क्विंटल तक धान खरीदने की सीमा तय की गई है। इससे अधिक मात्रा में धान की खरीद केवल अनुमोदन के बाद की जाएगी।

इस प्रक्रिया को व्यवस्थित करने के लिए नौ राइस मिलों को जिले की 42 लैम्पस (लार्ज एरिया मल्टीपर्पज को-आपरेटिव सोसाइटी) से जोड़ा गया है।



यह कदम धान की उचित ढुलाई और संग्रहण सुनिश्चित करने में सहायक होगा। राज्य सरकार ने इस बार साधारण धान और ग्रेड-ए धान के लिए अलग-अलग न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किए हैं। साधारण धान के लिए किसानों को 2400 रुपए प्रति क्विंटल और ग्रेड-ए धान के लिए 2420 रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाएगा।

इसमें केंद्र सरकार द्वारा तय एमएसपी 2300 रुपये और 2320 रुपये के अतिरिक्त 100 रुपए प्रति क्विंटल का बोनस भी शामिल है। रांची जिला में 11300 किसान रजिस्टर्ड हैं।

प्रशासन का प्रयास है कि अधिक से अधिक किसान केंद्रों पर पहुंचे। धान केंद्र पर देने के बाद पहले हाफ 50 प्रतिशत राशि का भुगतान होगा। इसके बाद शेष राशि का भुगतान किया जाएगा।

### दुरंतो ट्रेन का ठहराव राउरकेला में करने की आवश्यकता: चैंबर रेलवे उप समिति

**रांची, एजेंसी।** फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के रेलवे उप समिति की बैठक शनिवार को चैंबर भवन में हुई। हावड़ा मुंबई दुरंतो और हावड़ा पूणे दुरंतो का ठहराव राउरकेला में करने की आवश्यकता बताते हुए कहा गया कि रेल मंत्रालय को इस दिशा में पहल करनी चाहिए। रेलवे उप समिति के चेयरमेन संजय अखौरी ने कहा कि दोनों ही दुरंतो ट्रेन समय-समय पर कम यात्री भार से परिचालित हो रही हैं। इनका ठहराव राउरकेला में होने से भारतीय रेल की आय में वृद्धि संभव है। इन ट्रेनों का ठहराव राउरकेला में होने से झारखण्ड के साथ ही ओडिसा के यात्रियों को भी इन ट्रेनों से मुंबई और पूणे आवागमन करने में सुविधा होगी। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि पूर्व में इन ट्रेनों का ठहराव केवल छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में था। कुछ दिन पूर्व इसका ठहराव रायपुर में भी किया गया है। इस ट्रेन का ठहराव राउरकेला में होने से झारखण्ड और ओडिसा की बडी आबादी को लाभ मिलेगा। इस संबंध में चैंबर ने रेल मंत्रालय और महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे को पत्राचार भी किया है। अनंतपुर के एप्रोच रोड के निर्माण कार्य में विलंब होने पर चिंता जताते हुए सदस्यों ने कहा कि काम में तेजी लाना जरूरी है। सदस्यों ने रांची और हटिया रेलवे स्टेशन पर कुलियों की कमियों से हो रही समस्या पर भी चर्चा की, आग्रह किया कि रांची रेलमंडल को इस दिशा में पहल करनी चाहिए। मौके पर चैंबर महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव नवजोत अलंग, चैंबर के डीआरयूसीसी प्रतिनिधि एवं रेलवे उप समिति के चेयरमेन संजय अखौरी, सदस्य अरूण जोशी, महेंद्र जैन, रमेश साहू मौजूद थे।

## भेलाटांड़ की विवाहिता की तालाब में डूबने से मौत

**धनबाद, एजेंसी।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत भेलाटांड़ की विवाहिता मुन्नी देवी (29 वर्ष) की मौत रविवार को तालाब में डूबने से हो गयी. रविवार की शाम स्थानीय लोगों ने विवाहिता का शव भेलाटांड़ काली मंदिर स्थित तालाब में तैरता हुआ देखा. इसके बाद लोगों ने इसकी सूचना परिजनों को दी. परिजन तालाब से शव निकालकर एसएनएमएमसीएच ले गये. यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मुन्नी देवी की मौत की पुष्टि कर दी.

परिजनों के अनुसार रविवार की दोपहर मुन्नी घर में बर्तन धो रही थी. वह कब घर से निकली और तालाब पहुंची. इसकी जानकारी किसी को नहीं है. मृतका के पति दिनेश प्रसाद डीजीएमएस में वाहन चालक के पद पर कार्यरत हैं. एसएनएमएमसीएच प्रबंधन ने तालाब में डूबने से विवाहिता की हुई मौत की जानकारी सरायढेला पुलिस को दे दी है. वहीं शव को मोर्चरी में रखा गया है. सोमवार को परिजनों के फर्द बयान के बाद मृतका के शव का पोस्टमार्टम किया जायेगा.

मालगाड़ी की चपेट में आने से रविवार को केंदुआ बाजार निवासी मुकेश गुप्ता (65 वर्ष) की मौत हो गयी. परिजनों के अनुसार मुकेश रविवार को बिना किसी को कुछ बताए घर से निकल गये. बसेरिया रेलवे फाटक के समीप मालगाड़ी की चपेट



में आकर घायल हो गये. उनका दोनो पैर का पंजा कट गया था जबकि दाहिना हाथ मालगाड़ी के झटके से घूम गया था. स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी परिजनों को दी. मौके पर कुसुंडा जीआरपी थाना के एएसआई दशमत मुर्मू व आरक्षी बपन कुमार भी पहुंचे. परिजन 108 एंबुलेंस से उन्हें एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया. इसके कुछ देर के बाद ही उनकी मौत हो गयी. सोमवार को उनके शव का पोस्टमार्टम होगा. मुकेश प्रसाद गुप्ता घूम घूम कर भूंजा बेचते थे.

इनके परिवार में इनकी माता,पत्नी तारा देवी के अलाव तीन पुत्र व एक पुत्री है. बसेरिया के स्थानीय लोगो ने बताया कि फाटक बंद रहने पर अक्सर लोग बगल से मोटरसाइकिल या पैदल पार करते है. इस कारण दुर्घटना की आशंका अक्सर बनी रहती है. घटना के बारे में मृतक मुकेश प्रसाद गुप्ता के पुत्र राजू गुप्ता ने कहा कि कभी कभी घूमने जाते थे. आज पिताजी जी की तबियत कुछ ठीक नहीं थी. फिर भी घूमने के लिए घर से निकल गये. लोगो ने बताया फाटक बंद होने पर बगल के रास्ते से ट्रैक पार कर रहे थे इसी दौरान ट्रेन के चपेट में आ गये.

### रेलवे लाइन में क्षत-विक्षत अवस्था में मिला शव, शिनाख्त में जुटी पुलिस

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद-हावड़ा रेलखंड के बरमसिया स्थित रेलवे लाइन के पास पोल संख्या 268/18 के समीप सोमवार की अहले सुबह एक युवक का शव क्षत विक्षत अवस्था में पाया गया. शव मिलने की सूचना पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गयी. स्थानीय लोगों की सूचना पर जीआरपी मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गयी. जीआरपी शव की शिनाख्त में जुटी है. प्रथम दृष्टया, ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हुई होगी. हालांकि युवक के मौत के सही कारणों का पता नहीं चल पाया है.

## देवघर में पशु एंबुलेंस के किराये को लेकर क्यों उठ रहे सवाल

**देवघर, एजेंसी।** घर-घर जाकर बीमार पशुओं के इलाज के लिए सरकार की ओर से पशु एंबुलेंस की सेवा शुरू की गयी है. इसके अंतर्गत देवघर जिले के हरेक प्रखंड में एक-एक एंबुलेंस की सुविधा दी गयी है, लेकिन पशु एंबुलेंस के किराये को लेकर सवाल उठने लगे हैं. दरअसल, जिले में मरीजों के लिए चल रहे 108 एंबुलेंस के मासिक किराये से डेढ़ गुना अधिक पशु एंबुलेंस का मासिक किराया भुगतान किया जा रहा है. वहीं मिली जानकारी के अनुसार, पशुओं को इलाज की सुविधा ऑन स्पॉट उपलब्ध कराने के लिए इसी सुविधा के साथ यूपी में हर माह 1.10 लाख रुपये के करीब प्रति एंबुलेंस भुगतान किया जा रहा है.

देवघर में जिस तरह आम मरीजों के लिए 108 टोल फ्री नंबर पर एंबुलेंस उपलब्ध होता है, ठीक उसी तरह 1962 टॉल फ्री नंबर पर कॉल करने पर पशु एंबुलेंस की सुविधा दी जा रही है. एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराने वाली कंपनी से मिली जानकारी के अनुसार, आम मरीजों के लिए उपलब्ध 108 एंबुलेंस जो कि हर दिन 24 घंटे कार्यरत है, इसके लिए सरकार प्रति एंबुलेंस सभी सुविधा के साथ करीब 1.30 लाख रुपये प्रति माह भुगतान कर रही है. दूसरी ओर पशुओं के लिए शुरू की गयी एंबुलेंस सुविधा जो कि सप्ताह में छह दिन यानी रविवार को छोड़ कर सुबह नौ से शाम पांच बजे तक यानी हर दिन आठ घंटे के लिए 1.65 लाख रुपये प्रति एंबुलेंस भुगतान कर रही है. कंपनी के साथ हुए एकरारनामे में हर एंबुलेंस में




कंपनी को एक ड्राइवर, एक पैरावेट स्टाफ तथा एक पशु चिकित्सक आवश्यक दवाइयों के साथ रखना है. हालांकि देवघर जिले के 10 प्रखंडों में से तीन प्रखंड में ही एंबुलेंस के साथ चिकित्सक की सुविधा मिल रही है.

किसानों को पशुपालन कर आत्मनिर्भर बनने के लिए राज्य सरकार काफी गंभीर है. इसके लिए अनुदानित दर पर पशुपालन की योजना से लेकर पशुओं के बेहतर इलाज के लिए पशु एंबुलेंस सेवा प्रारंभ की गयी है. इस एंबुलेंस में डॉक्टर सहित पैरावेट मेडिकल स्टाफ की सुविधा रहेगी, जो कॉल आने पर ऑन स्पॉट जाकर पशुओं का इलाज निःशुल्क करेंगे. बावजूद इसके जिले में पशु चिकित्सकों की कमी के कारण बगैर चिकित्सक के पशु एंबुलेंस चल रही हैं.

# वासेपुर में गैंगस्टर फहीम खान के भाई सानू पर फायरिंग

**वासेपुर, एजेंसी।** जेल में उम्र कैद की सजा काट रहे वासेपुर कमर मकदुमी रोड निवासी गैंगस्टर फहीम खान के छोटे भाई सानू खान उर्फ नसीम खान पर रविवार की शाम भूली मोड़ व कलाली बागान के बीच बाइक सवार अपराधियों ने फायरिंग की. हालांकि गोली नहीं लगी. सानू ने फायरिंग करने का आरोप भूली ट्रेनिंग स्कूल के निकट रहने वाले शारिक व वासेपुर के शाहिद पर लगाया है. वह किसी तरह वहां से अपने घर लौटा. घर वालों को जैसे ही फायरिंग की सूचना मिली, सभी लोग सक्रिय हो गये. घटनास्थल पर भीड़ लग गयी.

फायरिंग की सूचना पर बैंक मोड़ थाना प्रभारी दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच में जुट गये. वहीं डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम भी पहुंचे और सानू खान से पूछताछ की. जिस स्थान पर गोली चलने की बात कही गयी है, पुलिस ने वहां जांच की. लेकिन खोखा नहीं मिला. पुलिस की तलाश जारी है. पुलिस ने शाहिद के घर पर भी छापेमारी की, लेकिन वह नहीं मिला.

सानू खान रविवार की शाम को अपनी बाइक से



भूली मोड़ की तरफ से अपने घर आ रहा था. भूली मोड़ पार करने पर उसे लगा कि कोई बाइक से पीछा कर रहा है. वह जैसे ही कलाली बागान के पास पहुंचा, पीछे से बाइक पर बैठे दो युवक आये. पीछे बैठे युवक ने उसके शरीर में सटा कर एक गोली चलायी. गोली मिसफायर हो गयी. इसके बाद सानू ने अपनी बाइक की गति बढ़ा दी. इसपर अपराधियों ने ओवरटेक कर दूसरी गोली चलायी. वह गोली भी बगल से निकल गयी. इसके बाद सानू ने गाड़ी रोक दी और पत्थर उठा कर अपराधियों को मारने की कोशिश की. तब तक आसपास के लोग इकट्ठा हो गये और बाइक सवार अपराधी आरा मोड़ की तरफ से भाग गये.

सानू खान ने रविवार की रात बैंक मोड़ थाना में लिखित शिकायत कर कहा है कि वह नन्हें हत्याकांड का मुख्य गवाह है. इस लिए बंटी खान, गोडवीन खान, प्रिंस खान व गोपी खान और अफरीदी रजा के कहने पर शारिक और शाहिद ने जान मारने की नीयत से उसपर गोली चलायी. 10 दिसंबर को नन्हें हत्याकांड में उसकी गवाही है और उसी को लेकर अपराधियों ने उस पर जानलेवा हमला किया है. सानू ने बताया कि घटना के समय शारिक बाइक चला रहा था, वहीं बाइक के पीछे शाहिद बैठा था. शाहिद ने ही पिस्टल से गोली चलायी है. सानू ने बताया कि वासेपुर के कारोबारी दीपक पर गोली चलाने के आरोप में शारिक जेल गया था, जबकि शाहिद पर कई मामले हैं. वह भी जेल में था. दोनों 15 दिन पहले ही जेल से छूटे हैं. ये प्रिंस खान के गुर्गे हैं.फायरिंग की घटना के बाद आसपास के दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दी.

## पाइप में लीकेज से झरिया में जलापूर्ति ठप, लोग परेशान

**धनबाद, एजेंसी।** जामाडोबा में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट परिसर में पाइपलाइन व इंटेकवेल में लीकेज के कारण शनिवार की शाम से झरिया तथा आसपास के इलाके में जलापूर्ति ठप है. इससे लोगों में जमाडा के प्रति आक्रोश है. झरिया विधायक रागिनी सिंह के निर्देश पर रविवार को भाजपा नेता केडी पांडे, स्वरूप भट्टाचार्य, राजकिशोर जेना, राहुल सिंह, रघु राम, सोनू चंद्रवंशी जामाडोबा जल संयंत्र केंद्र पहुंचे और स्थिति से अवगत हुए. जमाडा कर्मियों ने बताया कि सुबह से कर्मी इंटेक वेल व क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत में जुटे हैं. रविवार की शाम लीकेज की मरम्मत पूरी करने के बाद जल भंडारण का काम शुरू कर दिया गया है. सोमवार की सुबह से जलापूर्ति बहाल होने की संभावना है.

जमाडा के कर्मियों ने बताया कि झरिया के सभी क्षेत्रों में सुबह तीन घंटे तक जलापूर्ति की जाती है. कई क्षेत्रों में आंशिक जलापूर्ति हो रही है.



इससे लोग परेशान हैं. कर्मियों ने बताया कि एक दो दिनों में स्थिति सामान्य हो जायेगी. झरिया शहर के अलावा बनियाहीर, जियलगोड़ा, डिगवाडीह, भागा, शालीमार, फुसबंगला डिगवाडीह, पाथरडीह, बस्ताकोला, एना, इस्लामपुर, घनुडीह, कुजामा में पानी के लिए हाहाकार मचा है. इससे करीब छह लाख की आबादी को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है.जमाडा के कनीय अभियंता आशुतोष राणा ने बताया कि जामाडोबा स्थित जमाडा के जल संयंत्र केंद्र परिसर में पाइपलाइन व इंटेकवेल में लीकेज के कारण जल भंडारण नहीं होने से झरिया में जलापूर्ति बाधित रही.

# कैसा हो प्रदेश?



**डॉ. प्रशांत करण, आईपीएस**

रवि बाबू ने रामलाल से संध्या में पूछ लिया - "प्रदेश में नई सरकार आई है। कैसा हो प्रदेश?"

रामलाल झूमते हुए बोले - "सरकार तो वही पुरानी है। पुराने माल पर भरोसा कितना? प्रदेश कैसा हो? अर्थात कल्पना करनी है न? तो सुनो भैया, प्रदेश में सब कुछ मुफ्त मिले और मिलता रहे। किसानों को, नौजवानों को, महिलाओं को, बड़ों को—सबको सब वस्तु मुफ्त। सारी सुविधाएँ मुफ्त—बिजली-पानी, दाना-पानी सब मुफ्त। दवा-दारू मुफ्त। मोबाइल मिले मुफ्त, बैलेंस सरकार भरवाए, नेट पैक वह दे। मनोरंजन भी फ्री। शादी-विवाह मुफ्त। जिसे एकदम पढ़ना ही है, तो उसके लिए पढ़ाई मुफ्त। घूमने-फिरने और मौज-मस्ती के लिए सरकार देती रहे।

हमें काम करने की आवश्यकता ही न रहे। हम अपने में मस्त रहें, सरकार अपने में मस्त रहे। सरकार अपने मन से चले, हम अपने मन से। बाकी हमें प्रदेश-देश से क्या लेना-देना? कौन बाहरी आकर बस रहा है, जमीन कब्जा कर रहा है, प्राकृतिक संपदा बेच रहा है—हमें क्या? हम पैदा होते ही सरकार को सौंप दिए गए। अब हमारा भरण-पोषण और मनोरंजन करना सरकार का दायित्व है। हमें तो अपने अधिकारों से मतलब भर है। हम अपने कर्तव्य क्यों निभाएँ? कर्तव्य निभाना तो सरकार का काम है। जिसका जो काम है, वह करे। कैसे करे? हमें क्या? हमें अपनी पड़ी है।

अब नाना प्रकार के अपराधों को रोकना, सड़क जाम, सिविक सेंस, अनुशासन—इन सबसे हमें क्या मतलब?"

रवि बाबू बोले - "पगलाए हैं क्या? जिम्मेदार नागरिक बनिए। काम नहीं कीजिएगा तो खेती, उद्योग-धंधे, व्यापार, जन-यातायात सबका भट्ठा बैठ जाएगा। सरकार को टैक्स कहाँ से मिलेगा? टैक्स नहीं मिलेगा तो आपका मुफ्त भरण-पोषण कैसे होगा?"

रामलाल अंग्रेजी उतार चुके थे, सो एकदम अंग्रेजी पर आ गए। बोले - "आवर गवर्नमेंट मस्ट डिस्चार्ज इट्स रिस्पॉन्सिबिलिटी। मुफ्त रहने-खाने, मुफ्त मौज-मस्ती और मनोरंजन के साथ हर चीज फ्री देने के संकल्प के साथ फिर वही सरकार लाए हैं, तो सरकार जाने। खेती, उत्पादन, पढ़ाई-लिखाई, प्रगति न होने से राष्ट्रीय गौरव नष्ट हो या राज्य का सम्मान गिरता है, तो हमें क्या? गवर्नमेंट हैज़ टू गिव अस एवरी सिंगल थिंग ऑफ आवर नीड्स फ्री।

हमें कुछ करना ही नहीं है। वी आर कमिटेड टू लीव फ्री। फ्री इज़ आवर राइट।"

# भाजपा की राजनीतिः जानत है सो कहत नहिं कहत सो जानत नाहिं

**पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश '**

> **"भईया बात भाजप की कहन सुनन को नाहिं।**
> **जानत है सो कहत नहिं कहत सो जानत नाहिं।"**

यह उक्ति भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शीर्ष नेतृत्व नरेंद्र मोदी और अमित शाह की राजनीतिक शैली को अत्यंत सटीकता से चित्रित करती है। भाजपा की राजनीति की गहराई, अप्रत्याशितता और रणनीतिक चालें इस कदर जटिल हैं कि विपक्ष इन्हें समय पर समझने में विफल हो जाता है। जो इसे समझते हैं, वे अपनी सीमित क्षमता में इसे स्वीकारने से डरते हैं, जबकि जो इसे नहीं समझते, वे इस पर बेवजह आलोचनाएं करते रहते हैं।

महाराष्ट्र की राजनीति भाजपा की कुशल रणनीतियों का एक आदर्श उदाहरण है। 2019 के विधानसभा चुनावों के बाद शिवसेना ने भाजपा से गठबंधन तोड़कर कांग्रेस और एनसीपी के साथ अप्रत्याशित गठबंधन किया। इस घटनाक्रम ने भाजपा को अस्थायी झटका दिया, लेकिन मोदी-शाह की राजनीति की विशेषता यही है कि हर झटके को अवसर में बदला जाता है। भाजपा ने धैर्य के साथ परिस्थिति का अध्ययन किया और 2022 में शिवसेना के आंतरिक असंतोष को पहचानकर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में पार्टी का विभाजन करवा दिया। नतीजतन, शिवसेना कमजोर हो गई और भाजपा ने महाराष्ट्र में अपनी सत्ता फिर से स्थापित कर ली।

भाजपा की इस सफलता के पीछे दो कारक प्रमुख थेः असंतोष को रणनीतिक रूप से साधना और विपक्षी खेमे में खलबली पैदा करना। यह भाजपा की "गुप्त राजनीति" का ही प्रमाण है कि विरोधी दल जब तक भाजपा की चालों को समझते हैं, तब तक भाजपा अपनी योजना को साकार कर चुकी होती है। 2024 में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अप्रत्याशित सफलता हासिल की और विपक्ष को पूरी तरह चौंका दिया।

हाँ दूसरों के बहकावे में आकर पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे थोड़ा असंतोष व्यक्त करते जरूर दिखे किन्तु अल्पकाल में ही महायुति फिर से पटरी पर आ गई , जिसका श्रेय किन्हें देना चाहिए समझा जा सकता है।

अन्य राज्यों में भी भाजपा की राजनीति इसी सटीकता और दूरदर्शिता का उदाहरण प्रस्तुत करती है। उत्तर प्रदेश इसका सबसे उत्कृष्ट उदाहरण है। 2017 और 2022 के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने "डबल इंजन सरकार" की अवधारणा को मजबूती से पेश किया। जातिगत समीकरणों को साधने के लिए भाजपा ने न केवल पिछड़े वर्गों को अपने साथ जोड़ा, बल्कि स्थानीय मुद्दों को राष्ट्रीय एजेंडे से भी जोड़ने में सफलता पाई। योगी आदित्यनाथ जैसे सशक्त और लोकप्रिय नेता को मुख्यमंत्री के रूप में प्रस्तुत कर भाजपा ने यह साबित किया कि उसका नेतृत्व निर्णय लेने में साहसिक और निष्पक्ष है।

भाजपा की रणनीतियों की एक और मिसाल पश्चिम बंगाल में देखने को मिली। 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा ने यहां 18 सीटें जीतकर सभी को चौंका दिया। यह जीत केवल एक चुनावी सफलता नहीं थी, बल्कि यह भाजपा की गहन जमीनी रणनीतियों और प्रभावी कार्यकर्ताओं के नेटवर्क का परिणाम थी। बंगाल में जहां वामपंथ और तृणमूल कांग्रेस का वर्चस्व था, वहां भाजपा ने खुद को एक सशक्त विकल्प के रूप में स्थापित कर दिया। हालाँकि अंतिम लोकसभा चुनाव में ममता के नेतृत्व में मुगलिया प्रभाव जरूर दिखा। 2024 लोकसभा में भाजपा की सेट 2019 की अपेक्षा 18 से घटकर सिर्फ 12 रह गई। फिर भी ध्यातव्य है कि 2014 में बीजेपी की कुल दो सीटें ही थीं।

उत्तर-पूर्व के राज्यों में भी भाजपा ने राजनीति की नई परिभाषा गढ़ी। असम, त्रिपुरा और मणिपुर जैसे राज्यों में भाजपा ने क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन कर अपनी स्थिति को न केवल मजबूत किया, बल्कि स्थानीय और राष्ट्रीय राजनीति के बीच संतुलन साधने में भी सफलता पाई। भाजपा की यह रणनीति दर्शाती है कि वह राष्ट्रीय दृष्टिकोण के साथ क्षेत्रीय संवेदनाओं को भी भलीभांति समझती है।

राष्ट्रीय राजनीति में भाजपा का प्रभुत्व इसके साहसिक और दूरदर्शी निर्णयों का परिणाम है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का निर्णय न केवल ऐतिहासिक था, बल्कि यह भाजपा की दूरगामी सोच और राजनीतिक इच्छाशक्ति का प्रमाण भी था। इसी प्रकार, राम मंदिर निर्माण की प्रक्रिया को गति देना भाजपा की वैचारिक प्रतिबद्धता और अपने वादों को पूरा करने की क्षमता को दर्शाता है।

नोटबंदी और जीएसटी जैसे आर्थिक सुधारों ने भी यह दिखाया कि भाजपा कठिन और साहसिक निर्णय लेने से नहीं कतराती। इन निर्णयों ने जहां भाजपा के आलोचकों को एक आधार दिया, वहीं इसके समर्थकों को यह यकीन दिलाया कि पार्टी अपनी नीतियों में दृढ़ और निर्णयों में तेज है।

भाजपा की राजनीति की सबसे बड़ी ताकत है गोपनीयता और सही समय पर निर्णय लेने की क्षमता। मोदी और शाह की जोड़ी उन योजनाओं को सार्वजनिक करने से बचती है जो कार्यान्वयन से पहले विपक्ष को सतर्क कर सकती हैं। इस दृष्टिकोण का लाभ यह है कि उनकी हर रणनीति अप्रत्याशित रूप से सामने आती है और विपक्षी दलों को जवाब देने का समय ही नहीं मिलता।

भाजपा का कार्यकर्ता नेटवर्क भी उसकी रणनीतिक सफलता का अहम हिस्सा है। "पन्ना प्रमुख" जैसे नवाचारों ने यह सुनिश्चित किया है कि भाजपा की योजनाएं जमीनी स्तर पर प्रभावी तरीके से लागू हों। इसके अलावा, भाजपा का सोशल मीडिया अभियान और संवाद कौशल विपक्षी दलों से कहीं आगे है।

कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल भाजपा की इन रणनीतियों का सामना करने में बार-बार विफल साबित हुए हैं। कांग्रेस, जो कभी राष्ट्रीय राजनीति का केंद्र थी, आज नेतृत्व संकट और आंतरिक कलह से जूझ रही है। इसके अलावा, क्षेत्रीय दलों की राजनीति अक्सर स्थानीय मुद्दों तक सीमित रह जाती है और वे राष्ट्रीय दृष्टिकोण विकसित करने में असफल रहते हैं।

विपक्षी गठबंधन भी भाजपा की रणनीतियों के सामने बौने साबित होते हैं। "इंडिया" गठबंधन जैसे प्रयासों ने यह तो दिखाया कि विपक्ष भाजपा को चुनौती देना चाहता है, लेकिन उनकी असंगति और कमजोर रणनीति ने भाजपा को और अधिक ताकतवर बना दिया। भाजपा की सबसे बड़ी ताकत यह है कि वह न केवल खुद को प्रासंगिक बनाए रखती है, बल्कि विपक्ष की हर कमजोरी का लाभ उठाने में माहिर है।

नरेंद्र मोदी और अमित शाह की जोड़ी ने भारतीय राजनीति को एक नई दिशा दी है। उनकी दूरदर्शिता, साहसिकता और अप्रत्याशितता ने भाजपा को राष्ट्रीय राजनीति में अपराजेय बना दिया है। विपक्ष के पास न तो ऐसा नेतृत्व है और न ही ऐसी रणनीति जो भाजपा को टक्कर दे सके।



कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के पास न तो ऐसा नेतृत्व है और न ही वैसी रणनीतियां, और संभवतः ना वैसी राजनैतिक समझ ; जो भाजपा को टक्कर दे सकें। कांग्रेस की अंदरूनी कलह और 'असक्षम नेतृत्व' या कहें नेतृत्व संकट उसे और कमजोर बनाता है। वहीं, क्षेत्रीय दल राष्ट्रीय दृष्टिकोण की कमी से जूझते हैं। एक लोकतांत्रिक देश में यह त्रासदी ही है कि वर्षों से विपक्षी गठबंधन अक्सर मुद्दों पर असंगत और कमजोर दिखता है....।

हालाँकि हालिया राजनीति में ममता बनर्जी एक ऐसी राजनीतिज्ञ जरूर हैं जो कम से कम अपने राज्य में वर्चस्व सा स्थापित कर रखा है; भले इस पकड़ का एकल कारण मुस्लिम और घुसपैठिया तुष्टिकरण हो। और 2024 चुनावों में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखण्ड भी पश्चिम बंगाल के नक्शेकदम चलता दिखा है। लेकिन यहाँ उक्त तुष्टिकरण एकल कारण नहीं है। स्थानीय आदिवासियों पर हेमंत सोरेन की पकड़ भाजपा की अपेक्षा बहुत ज्यादा है।

फिर भी वर्तमान में, भारतीय राजनीति का यह परिदृश्य राष्टीय स्तर पर भाजपा को एक मजबूत और अपराजेय राजनीतिक ताकत के रूप में स्थापित करता है। मोदी और शाह की राजनीति को समझना और उसका मुकाबला करना विपक्ष के लिए फिलहाल असंभव दिखता है। भाजपा ने अपने निर्णयों और कार्यों से यह सिद्ध कर दिया है कि उसकी राजनीति को न केवल समझना मुश्किल है, बल्कि उसकी गहराई तक पहुंचना भी एक चुनौती है।

# बाइडन बहुत कमज़ोर राष्ट्रपति साबित हुए

जो बाइडन का राष्ट्रपति के रूप में कार्यकाल अंत की ओर है। उन्हें जनवरी में व्हाइट हाउस छोडऩा है इसलिए उन्हे अपना सामान बांधना है तो अपनी विरासत को भी संवारना है। उन्होंने 44वें राष्ट्रपति के रूप में जब पद संभाला था तब उन्हें उम्मीद थी कि वे ऐसी विरासत छोड़ जाएंगे जिसके चलते उन्हें फ्रैंकलिन डी रूज़वेल्ट (एफडीआर) के बाद अमेरिका के सबसे प्रगतिशील राष्ट्रपति के रूप में याद किया जाएगा। लेकिन तकदीर को कुछ और मंजूर था। बाइडन बहुत कमज़ोर राष्ट्रपति साबित हुए है और वे कलह से भरी दुनिया छोड़े जा रहे हैं। कोई शक नहीं कि जो बाइडन का पद छोडऩा और डोनाल्ड ट्रंप का उनकी जगह लेना सत्ता के अन्य हस्तांतरणों की तुलना में बहुत डरावना है क्योंकि कई युद्ध जारी हैं। एक नयी जंग छिडऩे के आसार नजऱ आ रहे हैं। बाइडन प्रशासन अपने अंतिम दिनों में अधिक से अधिक काम निपटाने में जुटा हुआ है। उसे पर्दा गिरने से पहले बहुत कुछ करना है। पहला मसला है यूक्रेन का। बाइडन ने बहुत समय बर्बाद करने के बाद यूक्रेन को अमेरिका द्वारा दी गईं लंबी दूरी की मिसाइलों का इस्तेमाल करने की इजाजत दी है। वे पूरी कोशिश कर रहे हैं कि कांग्रेस ने यूक्रेन की सैन्य सहायता के लिए 6 अरब डालर की जो मंजूरी दी थी, उसकी बची हुई रकम उनके व्हाइट हाउस छोडऩे के पहले खर्च कर दी जाए। इस ह्रदय परिवर्तन का कारण शायद यह है कि रूस की मदद के लिए हजारों उत्तर कोरियाई सैनिकों को अग्रिम मोर्चे पर तैनात कर दिया गया है जिसे अमेरिका युद्ध के विस्तार के रूप में देख रहा है। पश्चिमी मिसाइलों का इस्तेमाल रूस के भीतरी इलाकों पर हमले के लिए करने की इजाजत यूक्रेन को देकर बाइडन ने न केवल उत्तर कोरिया को बल्कि पुतिन को भी सन्देश दिया है। हालांकि इस फैसले से अग्रिम मोर्चों पर यूक्रेन की कमजोर स्थिति में कोई नाटकीय बदलाव नहीं होगा, लेकिन इससे यूक्रेन का मनोबल बढ़ेगा और 20 जनवरी के बाद ट्रंप की पहल पर होने वाली संभावित वार्ताओं में उसका पक्ष मजबूत होगा।


# 3 दिसंबरः भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर विशेष

**राजेश मोहन सहाय**

आज 3 दिसंबर को हम देश के पहले राष्ट्रपति, भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती मना रहे हैं। उनका जीवन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्र निर्माण के इतिहास का एक सुनहरा अध्याय है। डॉ. राजेंद्र प्रसाद न केवल एक महान नेता थे, बल्कि उनकी सादगी, विद्वत्ता और सेवा भावना ने उन्हें एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व बना दिया। उनका जन्म 3 दिसंबर 1884 को बिहार के सीवान जिले के जीरादेई गांव में हुआ था। देश के वह अकेले व्यक्ति हैं जिन्हे लगातार दो बार भारत का राष्ट्रपति बनाया गया है।

प्रारंभिक जीवन और शिक्षा डॉ. राजेंद्र प्रसाद के पिता महादेव सहाय फारसी और संस्कृत के विद्वान थे, जबकि उनकी माता कमलेश्वरी देवी धार्मिक विचारों वाली महिला थीं। परिवार का यह वातावरण उनके व्यक्तित्व निर्माण में अहम भूमिका निभाया। प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही हुई। बाल्यावस्था से ही वे प्रतिभाशाली और मेहनती छात्र थे। उनकी शिक्षा के दौरान एक घटना बेहद प्रसिद्ध है—

**जब उनके स्कूल के शिक्षक ने उनकी उत्तर पुस्तिका पर यह टिप्पणी लिखीः** **"The examiners are fortunate to examine your answer sheet."** उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने पटना और कोलकाता का रुख किया। उन्होंने कानून में मास्टर डिग्री और पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। इसके अलावा, वे बहुभाषाविद् भी थे। उन्होंने हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी, उर्दू और फारसी भाषाओं में महारत हासिल की।



स्वतंत्रता संग्राम में योगदान डॉ. राजेंद्र प्रसाद का स्वतंत्रता संग्राम में जुड़ाव उनके जीवन का सबसे अहम मोड़ था। महात्मा गांधी से प्रभावित होकर उन्होंने 1920 में वकालत छोड़कर खुद को स्वतंत्रता आंदोलन में समर्पित कर दिया। वे कई आंदोलनों में सक्रिय रहे, जैसेः असहयोग आंदोलन, नमक सत्याग्रह, भारत छोड़ो आंदोलन आदि।

ब्रिटिश सरकार ने उन्हें कई बार गिरफ्तार किया, लेकिन वे हर बार और अधिक दृढ़ निश्चयी होकर उभरे। गांधीजी ने जब साबरमती आश्रम की तर्ज पर पटना में सदाकत आश्रम स्थापित किया, तो डॉ. प्रसाद ने इस कार्य में प्रमुख भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व और निष्ठा ने उन्हें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया।

नेतृत्व क्षमता और सादगी डॉ. राजेंद्र प्रसाद की सबसे बड़ी ताकत उनकी सादगी और मानवीयता थी। उन्होंने "सादा जीवन, उच्च विचार" को न केवल अपने जीवन का सिद्धांत बनाया, बल्कि इसे अपने व्यवहार में भी उतारा। एक किस्सा प्रचलित है कि राष्ट्रपति बनने के बाद भी वे व्यक्तिगत सेवकों से अपने जूते खुद ही साफ किया करते थे।

उनकी सादगी और विनम्रता का प्रभाव हर किसी पर पड़ता था। वे न केवल एक कुशल प्रशासक थे, बल्कि धर्म, संस्कृति, और शिक्षा के क्षेत्र में भी उनकी गहरी रुचि थी। उनके विचार सार्वभौमिक थे और उनकी वाणी हमेशा प्रेरणादायक होती थी।

भारत के पहले राष्ट्रपति 26 जनवरी 1950 को जब भारत ने गणतंत्र का दर्जा प्राप्त किया, तो डॉ. राजेंद्र प्रसाद को देश के प्रथम राष्ट्रपति के रूप में चुना गया। यह उनकी लोकप्रियता, ज्ञान और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण था। उनका राष्ट्रपति कार्यकाल देश के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण था क्योंकि यह वह समय था जब भारत अपने नए संविधान को लागू कर रहा था और एक मजबूत लोकतंत्र की नींव रख रहा था।

उनकी लोकप्रियता इतनी अधिक थी कि 1957 में उन्हें दोबारा राष्ट्रपति चुना गया। वे भारत के इकलौते राष्ट्रपति हैं जिन्होंने लगातार दो बार इस पद को सुशोभित किया। उनके कार्यकाल में उन्होंने राष्ट्रपति पद को केवल औपचारिक नहीं रहने दिया, बल्कि इसे सक्रिय भूमिका दी।

**भारत रत्न और राजनीति से संन्यास-** डॉ. राजेंद्र प्रसाद को उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए 1962 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। इसके बाद उन्होंने राजनीति से संन्यास ले लिया और पटना के पास स्थित सदाकत आश्रम में रहने लगे। यहीं 28 फरवरी 1963 को उनका निधन हुआ।


**डॉ. राजेंद्र प्रसाद के विचार और योगदान-** डॉ. राजेंद्र प्रसाद का जीवन भारतीय मूल्यों, संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक था। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। वे शिक्षा, धर्म, साहित्य और राजनीति जैसे विषयों पर गहरी पकड़ रखते थे। उनके विचारों ने स्वतंत्र भारत की नीतियों को प्रभावित किया।

**शिक्षा का महत्व-** डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने शिक्षा को समाज के विकास का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम माना। उनका मानना था कि शिक्षा केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि मनुष्य को नैतिक और मानसिक रूप से सक्षम बनाना चाहिए। उन्होंने कई शैक्षिक संस्थानों की स्थापना में योगदान दिया।

**धर्म और संस्कृति-** धर्म और संस्कृति पर डॉ. प्रसाद का दृष्टिकोण बेहद व्यापक था। वे धर्म को जीवन के मार्गदर्शन का साधन मानते थे, लेकिन साथ ही उन्होंने धार्मिक सहिष्णुता और विविधता का समर्थन किया।

आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा डॉ. राजेंद्र प्रसाद का जीवन आज की पीढ़ी के लिए एक आदर्श है। उन्होंने यह सिखाया कि सादगी और सेवा के साथ भी बड़ा योगदान दिया जा सकता है। उनका जीवन यह संदेश देता है कि सच्चा नेता वही होता है जो अपने पद और शक्ति का उपयोग जनता के कल्याण के लिए करे। डॉ. राजेंद्र प्रसाद का जीवन भारतीय इतिहास का गौरवशाली अध्याय है। उन्होंने न केवल स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि स्वतंत्र भारत के निर्माण में भी अपनी अमिट छाप छोड़ी। उनके आदर्श, उनकी सादगी और उनकी सेवा भावना हर भारतीय के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

आज उनकी जयंती पर, हमें उनके जीवन और विचारों से प्रेरणा लेते हुए देश और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने का संकल्प लेना चाहिए। डॉ. राजेंद्र प्रसाद जैसे महान व्यक्तित्व इतिहास में सदैव अमर रहेंगे।



## आज का राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच समंजास्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। व्यवसाय कर रहे लोग व्यवसाय को आगे बढ़ाने में कामयाब होंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। नए वाहन का सुख प्राप्त होगा।

**वृष राशिः** आज आपके दिन की शुरुआत शांत मन होगी। आज आपके धन-धान्य में वृद्धि होने के योग हैं। आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आपकी सेहत में कुछ उतार-चढ़ाव बना रहेगा। तली-भुनी चीजें खाने से आपको बचना चाहिए।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। छात्र छात्राओं को अपने काम को कल पर नहीं टालना चाहिए, आपको जब भी खाली समय मिले अपने काम को पूरा कर ले। कुछ नए विषयों में आपकी रुचि बढ़ेगी , जिसमें गुरुजनों का साथ मिलेगा।

**कर्क राशिः**आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। आज आपको महसूस होगा की परिवार के सदस्यों का आपके जीवन में विशेष महत्व है। आपको ऐसी जगह से महत्वपूर्ण बुलावा आएगा, जहां से आपने कभी कल्पना भी नहीं की हो। जीवन साथी की वजह से आपकी कोई योजना या कोई कार्य बन सकता है , लेकिन धैर्य बनाए रखें।

**सिंह राशिः** आज आपकी दिनचर्या अच्छी रहेगी। आज आपके अंदर पॉजिटीविटी बनी रहेगी, जिससे आपका मन काम करने में लगा रहेगा। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होगी। ऑनलाइन बिजनेस कर रही महिलाओं की इनकम में इजाफा होगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करने के लिए आगे आएंगे। इवेंट मनेजमेंट की पढाई कर रहे स्टूडेंट आज कुछ क्रिएटिव कर सकते हैं।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए दिन बदलाव से भरा रहने वाला है। जो लोग पैतृक व्यवसाय कर रहे हैं व्यवसाय में कुछ बदलाव के लिए अपने पिताजी से बातचीत करेंगे। आज पड़ोस में हो रहे भजन, कीर्तन में परिवार के साथ सम्मिलित होंगे। आज आपकी वाणी में मधुरता का भाव रहेगा। राजनीति में सफलता प्राप्त होगी, सभा को संबोधित करने का मौका मिलेगा।

**तुला राशिः** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। अपने माता-पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे। जो लोग घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, वो आज अपने परिवार से मिल सकते हैं। परिवार वालों के साथ धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, कुछ समय बिताएंगे जिससे आपके मन को शांति मिलेगी। भाई, बहनों का सहयोग मिलेगा। आपको किसी से दूरसंचार से शुभ सूचना मिल सकती है, घर में ख़ुशी का माहौल बनेगा।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें, मौसम में परिवर्तन की वजह से थोड़ी परेशानी हो सकती है। समाज सेवा से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढेगा, लोगों का सहयोग मिलेगा। आज के दिन अपनी वाणी पर संयम बना के रखें, किसी के विवाद में न पड़ें। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। परिवार के साथ प्रेम बढेगा।

**धनु राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। नौकरी कर रहे लोगों की अच्छी इनकम होगी। प्रॉपर्टी से जुडी समस्याओं के लिए भागदौड़ के उपरांत काम बन जायेगा। सगे सम्बन्धियों से अच्छे तालमेल बनेंगे। आज किसी असहाय की सहायता करने का मौका मिलेगा। आज आप किसी थीम पार्क घूमने जाने का प्लान बना सकते हैं, जहां अपने मित्रों के साथ खूब इंजॉय करेंगे।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिये ठीक-ठाक रहेगा। आज आपकी उदासी की वजह आपकी नेगेटिव सोच हो सकती है। आपको परिवार में फिर से खुशी का माहौल बनाने के लिए जल्द से जल्द इस से बाहर आने की जरूरत है। बच्चे उम्मीदों पर खरे ना उतर कर आपको निराश कर सकते हैं। सपनों को साकार करने के लिए उन्हें प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। रुका हुआ धन का आगमन होगा।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज घर में शुभ समाचार मिलने की सम्भावना होगी, दांपत्य जीवन का सुख मिलेगा।

**मीन राशिः**आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आप जो भी काम करेंगे वह पूरे मन से करेंगे। कोई नया अनुभव आपको मिलेगा। मानसिक परेशानी का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपका सामाजिक दायरा और आपका सम्मान भी बढ़ेगा। आप किसी मित्र से सहयोग लेंगे।

# डॉ राजेंद्र प्रसाद के दिल में बसता था हजारीबाग

**संतोष श्रीवास्तव**

देश के प्रथम राष्ट्रपति देश रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद के दिल में हजारीबाग बसता था। उनका हजारीबाग से आजीवन गहरा लगाव बना रहा था । हजारीबाग के प्रथम सांसद बाबूराम नारायण सिंह सहित झारखंड के कई स्वतंत्रता सेनानियों से उनका गहरा लगाव था। राष्ट्रपति बनने के बावजूद झारखंड के स्वतंत्रता सेनानी मित्रों से उनकी दोस्ती उसी तरह कायम रही थी । डॉ राजेंद्र प्रसाद बराबर पत्र लिखकर अपने मित्रों का हाल-चाल लिया और दिया करते थे। डॉ राजेंद्र प्रसाद के हाथों द्वारा लिखित के कई पत्र आज भी बाबूराम नारायण सिंह के सुपौत्र डॉ प्रमोद सिंह के पास संरक्षित हैं। वे हमेशा झारखंडी मित्रों की सुध लेते रहते थे। डॉ प्रमोद सिंह ने कहा कि जब भी उनके दादा बाबू राम नारायण सिंह राष्ट्रपति भवन गए, उन्होंने बड़े ही आधार के साथ बातचीत किया था । इस दौरान डॉ राजेंद्र प्रसाद झारखंड के राजनीतिक, सामाजिक और पारिवारिक विषयों पर बातचीत किया था। झारखंड का मौसम, अबोहवा व हरियाली उन्हें बहुत पसंद थी। खासकर हजारीबाग की हरियाली की तारीफ करते थकते नहीं थे।

डॉ राजेंद्र प्रसाद स्वाधीनता आंदोलन के एक अप्रतिम योद्धा थे । वे 1932 से लेकर 1944 तक तीन बार हजारीबाग के सेंट्रल जेल में लगभग 432 दिनों तक बंद रहे थे। इस जेल यात्रा में उनके साथ खान अब्दुल गफ्फार खां, डॉ राहुल सांस्कृत्यायन, महामाया प्रसाद सिंह, कृष्ण बल्लभ सहाय, बाबू राम नारायण सिंह, जगत नारायण लाल, स्वामी सहजानंद सरस्वती, विपिन बिहारी शर्मा, रामवृक्ष बेनीपुरी सहित कई स्वाधीनता आंदोलन से जुड़े नेता बंद थे। इस जेल यात्रा के दौरान डॉ राजेंद्र प्रसाद का ज्यादातर समय अध्ययन, सूत काटने और जेल में बंद स्वाधीनता सेनानियों के साथ जेल से निकलने के बाद स्वाधीनता आंदोलन को कैसे और तेज गति दी जाए के विचार विमर्श में बीतता था। इसी कालखंड में उन्होंने अपने साहित्यिक मित्रों राहुल सांस्कृत्यायन,रामवृक्ष बेनीपुरी, बाबू राम नारायण सिंह आदि के साथ मिलकर एक हस्तलिखित पत्र भी निकाला था। इस हस्तलिखित पत्र में स्वाधीनता आंदोलन से जुड़े क्रांतिकारियों के नाम संदेश दर्ज होता था । मैंने जेल प्रशासन और उस कालखंड में बंद क्रांतिकारियों के परिवार से उक्त हस्तलिखित पत्र के उपलब्ध होने की खोज भी की, लेकिन वह हस्तलिखित पत्र उपलब्ध नहीं हो सका। इस पर इतिहास के खोजकर्ताओं को विशेष रूप से काम करने की जरूरत है । यह हस्तलिखित पत्र स्वाधीनता आंदोलन के दस्तावेज के रूप में बहुत ही बहुमूल्य साबित होगा। इस संदर्भ में एक बात यह लिखना जरूर समझता हूं कि डॉ राजेंद्र प्रसाद ने स्वाधीनता आंदोलन के दौरान एवं राष्ट्रपति बनने के बाद झारखंड के कई मित्रों को पत्र लिखे थे । अगर उन पत्रों का खोज किया जाए तो एक पत्र स्मारिका पुस्तक बन सकती है।

डॉ राजेंद्र प्रसाद ने अपनी आत्मकथा में हजारीबाग जेल यात्रा का बहुत ही शानदार तरीके से उल्लेख किया है। आज भी हजारीबाग सेंट्रल जेल में उनकी जयंती और पुण्यतिथि पर जिस कमरा में डॉ राजेंद्र प्रसाद बंद रहे थे, उन्हें याद किया जाता है। राष्ट्रपति बनने के बाद भी उनका हजारीबाग जेल में बंद क्रांतिकारियों से संबंध बना रहा था । हजारीबाग के प्रथम सांसद बाबूराम नारायण सिंह के साथ उनका बराबर पत्र व्यवहार होता रहता था । आज भी ये पत्र उनके पौत्र डॉ प्रमोद सिंह के पास सुरक्षित हैं। हजारीबाग सहित झारखंड के कई स्वाधीनता संग्राम से जुड़े नेता गण राजनीतिक और सामाजिक समस्याओं को लेकर डॉ राजेंद्र प्रसाद से मिला करते थे। राष्ट्रपति भवन सदैव झारखंड के स्वाधीनता सेनानियों के लिए खुला रहता था। डॉ राजेंद्र प्रसाद झारखंड के हर एक नेता से बहुत ही शालिनता और सम्मान के साथ मिलते थे। वे, उनसे देश की राजनीतिक और सामाजिक समस्याओं पर चर्चा किया करते थे। इन राजनीतिक और सामाजिक समस्याओं का निदान कैसे हो ? इस पर भी डॉ राजेंद्र प्रसाद मार्ग प्रशस्त किया करते थे।

डॉ राजेंद्र प्रसाद संपूर्ण जीवन स्वाधीनता आंदोलन और राष्ट्र के नवनिर्माण में बीता था । आज के नेताओं को डॉ राजेंद्र प्रसाद के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। डॉ राजेंद्र प्रसाद का व्यक्तित्व और कृतित्व दोनों निराला था । उनका जीवन सदा लोगों को प्रेरित करता रहेगा । देश के सबसे शीर्ष राष्ट्रपति पद पर आसीन होने के बावजूद उनके व्यवहार में कोई कमी नहीं आया था। वे राष्ट्रपति बनने से पूर्व जिस तरह रहते थे, राष्ट्रपति बनने के बाद भी उनका रहन-सहन उसी तरह बना रहा था । उनकी वेशभूषा में कोई तब्दीली नहीं हुई थी। वे आमजन के नेता थे। वे जीवन के अंतिम क्षण तक आमजन के ही नेता बने रहे थे । आज की बदली परिस्थिति में राजनीति एक व्यवसाय बनकर रह गया है। लोग राजनीति में इसलिए प्रवेश करना चाहते हैं, ताकि अधिक से अधिक धन उपार्जन कर सकें, अपने नाम और शोहरत को बढ़ा सकें। जबकि डॉ राजेंद्र प्रसाद की राजनीति इससे बिल्कुल अलग थी। आज की राजनीति सिर्फ सत्ता प्राप्ति का एक जरिया बनकर रह गया है । नेताओं की कथनी और करनी में बहुत बड़ा अंतर आ गया है। आज देशभर के सैकड़ों तथाकथित लोकप्रिय नेताओं के विरुद्ध विभिन्न न्यायालयों में मुकदमे दर्ज हैं ।

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
संपादक : **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'***; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।**
**रांची –** 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड।
फोन– 9142412511/9102251947; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com
*समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ° यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पहले तेजस्वी यादव करेंगे बिहार की यात्रा

**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी के तहत बिहार में यात्रायों का दौर फिर शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक बार फिर प्रदेश की यात्रा पर निकलने वाले हैं। तय कार्यक्रम के अनुसार 15 दिसम्बर से सीएम महिला संवाद यात्रा पर निकलेंगे। इससे पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने अपनी यात्रा का शेड्यूल जारी कर दिया है। तेजस्वी प्रसाद यादव चार दिसंबर को मुंगेर से कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद यात्रा की शुरूआत करेंगे। हालांकि, अभी इसकी औपचारिक घोषणा पार्टी की ओर से नहीं की गयी है, लेकिन यात्रा को लेकर तैयारी शुरू है। चौथे चरण की संवाद यात्रा को लेकर संबंधित जिलों में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के लिए बड़े हॉल की तलाश की जा रही है। दो जिले में हॉल उपलब्ध हुआ है। इसके पूर्व तीसरे चरण की यात्रा के दौरान जमुई में रहने के दौरान झारखंड विधानसभा चुनाव एवं बिहार में चार



विधानसभा सीटों के उपचुनाव की घोषणा होने के कारण यात्रा स्थगित कर दी गयी थी। वहां यात्रा को रोक कर वे रांची के लिए रवाना हो गए थे। झारखंड विधानसभा और बिहार उपचुनाव से निबटने के बाद तेजस्वी ने एक बार फिर कार्यकर्ता दर्शन यात्रा के लिए कमर कस लिया है। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तेजस्वी यादव चार दिसंबर को मुंगेर से संवाद सह कार्यकर्ता दर्शन के चौथे चरण की शुरुआत करेंगे। वहां से पांच दिसंबर को बेगूसराय, छह दिसंबर को खगड़िया और सात दिसंबर को लखीसराय में कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कार्यक्रम बनाया गया है। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तेजस्वी यादव चार दिसंबर को मुंगेर से संवाद सह कार्यकर्ता दर्शन के चौथे चरण की शुरुआत करेंगे। वहां से पांच दिसंबर को बेगूसराय, छह दिसंबर को खगड़िया और सात दिसंबर को लखीसराय में कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कार्यक्रम बनाया गया है। लखीसराय के संवाद कार्यक्रम में शेखपुरा के कार्यकर्ता भी शामिल रहेंगे। इसके साथ ही, मुंगेर प्रमंडल में तेजस्वी की यात्रा का समापन हो जाएगा। इसके बाद, पांचवें चरण की यात्रा का कार्यक्रम बात में निर्धारित किया जाएगा। विधानसभा चुनाव से पहले तेजस्वी यादव पूरे बिहार में भ्रमण कर अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों का जोश हाई करने का काम पूरा करने की तैयारी में हैं।

## प्रधानाध्यापक पर छात्राओं से गंदी हरकत का आरोप लगाकर पीटा



**लखीसराय, एजेंसी।** लखीसराय के नगर परिषद क्षेत्र के पुरानी बाजार मध्य विद्यालय में एक प्रधानाध्यापक संजय कुमार पर छात्राओं के साथ गंदी हरकत का आरोप लगाते हुए कुछ लोगों ने विद्यालय में घुसकर उनके साथ मारपीट की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो शनिवार का बताया जा रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि आरोप लगाने वाले लोग कक्षा में घुसते ही प्रधानाध्यापक पर ताबड़तोड़ थप्पड़ मारने लगते हैं। आरोप है कि छात्राओं ने अपनी शिकायत परिजनों से की थी, जिसके बाद वे विद्यालय पहुंचे और प्रधानाध्यापक के साथ बदसलूकी की। हालांकि, वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि अभी नहीं हुई है।

**डीएम ने जांच का दिया आदेश :** मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी मिथलेश मिश्र ने घटना की जांच का आदेश दिया है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। विद्यालय प्रबंधन और संबंधित अधिकारियों का इस मामले पर कोई बयान नहीं आया है। पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। यह मामला शिक्षा और बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़ा करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूनियन चुनाव को लेकर किउल पहुंचे कर्मचारी यूनियन के नेता : समर्थकों ने किया स्वागत



**लखीसराय, एजेंसी।** झाझा-मोकामा रेल खंड पर स्थित किउल जंक्शन पर सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के केंद्रीय संगठन मंत्री मनोज कुमार पांडे आगामी 4, 5 और 6 दिसंबर को होने वाले मान्यता चुनाव को धारदार बनाने पहुंचे। बक्सर से किउल आए श्री पांडे का स्थानीय नेताओं और समर्थकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह और सचिव पी. सुबंधु के नेतृत्व में रेलवे कर्मचारियों से बैठक कर चुनाव में सहयोग का अनुरोध किया गया। श्री पांडे ने चुनाव के महत्व को बताते हुए कर्मचारियों को यूनियन की ओर से उठाए गए मांगों और उनके फायदे समझाए। उन्होंने पुराने पेंशन प्रणाली को लागू करने और अन्य स्थानीय मुद्दों को मजबूती से उठाने का भरोसा दिया। उन्होंने बताया कि ईस्ट सेंट्रल रेलवे यूनियन को 2007 से मान्यता प्राप्त है और 2013 में भी यह चुनाव जीता था। तीसरी बार भी मान्यता के लिए चुनाव अहम है, जिसे रेल कर्मचारियों की व्यस्तता को ध्यान में रखते हुए तीन दिनों तक चलाया जाएगा। इस दौरान यूनियन के झंडे के साथ धर्मेंद्र कुमार, संजीत कुमार, अरुण कुमार सिंह समेत कई समर्थक मौजूद रहे। किउल में एक माह से यूनियन द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है।

### आग की चपेट में आने से युवक झुलसा, गंभीर हालत में पटना रेफर

**आरा( भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के गीधा थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव में आग की चपेट में आने से एक युवक बुरी तरह झुलस गया। देखते ही देखते आग युवक के पूरे शरीर में पकड़ लिया। इसके बाद खेत में काम कर रहे अन्य लोगों की मदद से शरीर से आग को बुझाया गया। मौके पर मौजूद परिजनों ने इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। र झुलसा युवक गीधा थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव निवासी बरमेश्वर राम ( 40 ) है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया है कि वह अपने धान के खेत में कटनी बाद पुआल पड़ा हुआ था। रविवार को जब वह खेत में उसी पुआल को जला रहा था। उसी दौरान अचानक आग भभक उठा। जिससे खेत में रखे पुआल के भंडार में आग लग गई। जब वह आग लगने के बाद बुझाने की कोशिश की तो वह आग की लपटों की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गया। आग की लपट इतनी तेज थी कि मौके पर मौजूद लोगों के पहुंचते ही आग युवक को अपने आगोश में ले लिया। मौजूद लोगों ने आग पर काबू पा लिया लेकिन युवक बुरी तरह झुलस गया। ऑन ड्यूटी चिकित्सक ने बताया कि युवक करीब 60 प्रतिशत जल गया है। जिससे उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इमरजेंसी वार्ड में उसका प्राथमिक उपचार कर दिया गया है। उसके बाद गंभीर हालत में उसे पटना रेफर किया गया।

### सक्षमता परीक्षा पास दूसरे चरण के शिक्षकों का थंब इंप्रेशन चार से

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सक्षमता परीक्षा पास दूसरे चरण के शिक्षकों का थंब इंप्रेशन का मिलान चार दिसंबर से होगा। शिक्षा भवन में एकबार फिर इन शिक्षकों का बायोमेट्रिक मिलान किया जाएगा। परीक्षा का मूल एडमिट कार्ड लेकर इन शिक्षकों को जाना होगा। एजेंसी के माध्यम से तकनीशियन की प्रतिनियुक्ति की गई है। बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली 2023 के आलोक में स्थानीय निकाय शिक्षकों के लिए सक्षमता परीक्षा 2024 (द्वितीय) के सभी शिक्षक अभ्यर्थियों का थंब इंप्रेशन और बायोमेट्रिक मिलान होना है। थंब इंप्रेशन चार से आठ दिसम्बर तक किया जाना है।

# सेविंग्स के करीब 40 हजार रुपए नहीं देने पर दोस्तों ने की हत्या

**पैसे नहीं देने पर रॉड से पीटा फिर चाकू से किया हमला, पूर्णिया से जालंधर गया था युवक**

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया का रहने वाले एक युवक को उसके 3 दोस्तों ने जालंधर में पीट-पीटकर मार डालने का मामला सामने आया है। युवक के दोस्तों ने सेविंग्स के करीब 40 हजार रुपए नहीं देने पर वारदात को अंजाम दिया है। मारपीट में युवक बुरी तरह से घायल हो गया था। युवक की चीख की आवाज सुनकर आए लोगों ने उसे जालंधर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जिसके बाद परिजनों को कॉल करके सूचना दी। जानकारी मिलने के बाद परिजन जालंधर पहुंचकर बेहतर इलाज के लिए पूर्णिया ला रहे थे। उसी दौरान बीच रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी तीनों दोस्त फरार हैं। परिजनों ने मृतक के दोस्तों के खिलाफ स्थानीय थाना में स्नढ्ढक्रदर्ज कराया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर पूरे मामले की छानबीन में जुट गई। मृतक के भाई जीवन राम ने बताया कि घर की आर्थिक स्थिति



ठीक न होने के कारण रौशन को काम की जरूरत थी। वो पूर्णिया आर्ट्स से ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहा था। इसी बीच मधेपुरा में रहने वाले उसके तीन दोस्तों ने उसे जालंधर चलकर बेहतर नौकरी और सैलरी का ऑफर दिया। उस समय घर पर महाजन के कर्ज को चुकाने के लिए रुपयों की सख्त जरूरत थी। इसके लिए वो जालंधर चला गया।

### रॉड से पीटने के बाद चाकू से हमला किया

वो घर के हालात समझते हुए अपने दोस्तों के साथ 4 महीने पहले पूर्णिया से जालंधर चला गया। जहां वो 4 महीने से मजदूरी का काम करता था। 4 महीने की सेविंग्स को वो घर भेजने वाला था। इसी दौरान उन पैसों पर उसके दोस्तों की नजर पड़ी। दोस्तों को उसके रुपए पर लालच आ गया। वो उससे रुपए की मांग किया। युवक ने जब दोस्तों को रुपए देने से मना कर दिया तो उसके दोस्तों उसे पहले लोहे की रॉड से पीटा। जिसके बाद धारदार चाकू से कई जानलेवा वार किया। जानकीनगर थाना क्षेत्र के भंगहा चांदपुर वार्ड 1 निवासी राजेश राम का बेटा रौशन कुमार राम ( 19 ) की मौत के बाद परिजनों में मातम पसरा हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी युवक मौके से फरार। है जिसकी तलाश की जा रही है।




# सोनपुर मेले में मशरूम से बने लिट्टी-पकौड़े की डिमांड

## हाजीपुर की मीना कुशवाहा प्रतिदिन कर रही 10 हजार की कमाई, मशरूम मैडम के नाम से हैं मशहूर

**हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी।** विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र के सोनपुर मेला में इस बार मशरूम से बना हुआ लिट्टी,पकौड़ा की बिक्री खूब हो रही है। मेला घूमने आने वाले लोग जमकर मशरूम से बना हुआ लिट्टी,पकौड़ा का स्वाद ले रहे है। बिहार का प्रसिद्ध व्यंजन लिट्टी,पकौड़ा और चोखा लोग खाने और स्वाद लेना भूल नही रहे है। वैशाली जिले के हाजीपुर शहर के लोदीपुर नारायण गली निवासी मीना कुशवाहा, मीना कुशवाहा मशरूम मैडम के नाम से मशहूर है। मीना कुशवाहा सोनपुर मेला के कृषि प्रदर्शनी में मशरूम का स्टॉल लगाया है जहाँ मशरूम से बना हुआ लिट्टी,पकौड़ा बनाकर बिक्री की जा रही है।

**प्रतिदिन 10 हजार की हो रही बिक्री :** मशरूम मैडम मीना कुशवाहा ने बताया कि सुबह से शाम 08 बजे तक स्टॉल पर लिट्टी,पकौड़ा खाने के लिए लोगो की भीड़ लगी रहती है। प्रतिदिन सुबह से देर शाम तक 300 तक लिट्टी,पकौड़ा की बिक्री हो रही है उन्होंने बताया कि एक दिन में करीब 10 हजार की बिक्री हो रही है। मशरूम मैडम मीना कुशवाहा ने बताया कि हाजीपुर हरिहरपुर के वीके कृषि विज्ञान केंद्र से प्रशिक्षण लिया है। उन्होंने बताया कि आत्मा वैशाली, नालंदा,पटना से भी प्रशिक्षण ले चुकी है। मीना कुशवाहा कृषि प्रदर्शनी में मीना मशरूम उत्पादक द्वारा आयोजित प्रदर्शनी सह बिक्री केंद्र के बैनरतले स्टॉल लगाई है। मशरूम मैडम मीना कुशवाहा ने बताया कि मशरूम से बना हुआ 30 रुपए में लिट्टी ,चौखा और पकौड़ा खिला रही है जो पेट भर है। मीना कुशवाहा ने बताया कि मशरूम का बिस्कुट भी लोग जमकर खरीद रहे है। उन्होंने कहा सोनपुर मेला में 2016 से स्टॉल लगा रहे है इसके अलावा राजगीर समेत अन्य जिला और राज्य में लगने वाले मेला जा सकते है। सप्ताह में दो दिन मशरूम खाने से कैंसर की बीमारी नही हो सकती है मशरूम में हाई प्रोटीन पाया जाता है। मशरूम को खाने से बीमारी से लड़ने की क्षमता होती है जो बीमारी नही होती है।



## भोजपुर में सड़क हादसे में 2 लोग जख्मी, बाजार घूमने के दौरान बाइक सवार ने मारी टक्कर

**आरा( भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसे में बुजुर्ग समेत दो लोग जख्मी हो गए। इसके बाद दोनों जख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया । पहली घटना शहर के टाउन थाना क्षेत्र के सपना सिनेमा मोड़ के पास की है। रविवार को बाइक सवार ने सड़क किनारे पैदल जा रहे बुजुर्ग को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। सूचना पाकर परिजन भी सदर अस्पताल पहुंचे। जख्मी बुजुर्ग की पहचान झारखंड के टाटा जिला के छोटा गोविंद गांव निवासी सुरेंद्र प्रसाद ( 62 ) के रूप में हुई है। बुजुर्ग के साढ़ू ने बताया कि सोमवार को मेरी लड़की की शादी है। जिसमें शामिल होने के लिए वो प्रकाश पुरी मार्केट आए हुए हैं। आज जब वो बाजार घूमने के लिए निकले तो किसी बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। जिसमें वो जख्मी हो गए।

**बोलेरो ने मजदूर को मारी टक्कर :** नवादा थाना क्षेत्र के प्राइवेट बस स्टैंड के समीप बोलेरो में सड़क पार कर रहे मजदूर को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद उसके इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया गया। जख्मी मजदूर गीधा थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव निवासी स्व. गोरख राय का 40 वर्षीय पुत्र तिलक राय है। वह पेशे से मजदूर है और प्राइवेट बस स्टैंड स्थित दुकान पर लेबर का काम करता है। जख्मी मजदूर ने बताया कि हर रोज की तरह बस स्टैंड स्थित अपने दुकान पर काम करने के लिए आया था। जब वह सड़क पार कर के सड़क की दूसरी तरफ जा रहा था। तभी विपरीत दिशा से आ रही बोलेरो ने उसके पैर पर चढ़ा दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

## सड़ा-गला और अनाज का कम वजन बर्दास्त नहीं करेगा संगठन

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** छोटी सरैयागंज स्थित नवयुवक समिति ट्रस्ट सभागार में रविवार को फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन की जिला इकाई के नव निर्वाचित पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के महानगर अध्यक्ष रामबाबू पटेल और संचालन काशीनाथ झा ने किया। जिला महासचिव देवन रजक ने कहा कि जनवितरण विक्रेता को गोदाम से सड़ा-गला अनाज या कम वजन मिले तो संगठन से शिकायत करें। संगठन के लोग जिला से प्रखंड स्तर पर एसएफसी गोदामों का निरीक्षण कर सही अनाज दिलवाएंगे। कहा कि सभी साथी अपनी समस्या जरूर बताएं ताकि बात सरकार तक पहुंचाई जा सके। कहा कि प्रखंडों में संगठन निष्क्रीय है वहां पुनः चुनाव कराया जाएगा। इसके बाद महानगर ईकाई की ओर से नवनियुक्त पदाधिकारियों व सदस्यों का अभिनन्दन किया गया। समारोह में जिलाध्यक्ष रविन्द्र कुमार, जानकी रमण शाही, भीमबली सहनी, मुन्ना यादव, संतोष कुमार पप्पू, रामपुकार साह, वरुण चौधरी, मनोज बैठा, प्रमोद चौधरी, विनोद चौधरी, शंभू रजक, संजय यादव, रविन्द्र राय, सत्यदेव पासवान, सुनील साह, प्रमोद कुमार राम, महेश पासवान, विनोद यादव, कमलेश सिंह, मो. कासिम, रामसेवक पासवान आदि थे।

# सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में कर्मियों की भारी कमी : मरीज हो रहे परेशान

**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी के सबसे बड़े सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में फोर्थ ग्रेड कर्मियों की भारी कमी के कारण मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में सड़क दुर्घटना में घायल एक राहगीर को बंजरिया थाना पुलिस अस्पताल लेकर पहुंची, लेकिन वहां स्ट्रेचर लाने और मरीज को अंदर ले जाने के लिए केवल एक महिला कर्मी मौजूद थी। किसी अन्य कर्मी के न होने से एक युवक ने महिला की मदद की। बावजूद इसके, भारी शरीर के मरीज को स्ट्रेचर पर लाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

**दो-चार दिन में समस्या का समाधान होने की उम्मीद :** इस घटना से अस्पताल में कर्मचारियों की कमी का गंभीर मुद्दा सामने आया। जब इस मामले पर सीएस विनोद कुमार सिंह से सवाल किया गया, तो उन्होंने इसे मैनेजर के पास भेज दिया। मैनेजर कौशल किशोर दूबे ने बताया कि इमरजेंसी में दो कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाती है, लेकिन एक का ट्रांसफर हो चुका है। जिला स्वास्थ्य समिति से नए कर्मी की मांग की गई है और दो-चार दिनों में समस्या का समाधान होने की उम्मीद है।

**स्थायी समस्या बनी है कमी :** सदर अस्पताल में यह कोई नई बात नहीं है। खासकर रात में इमरजेंसी सेवाएं बाधित रहती हैं। मरीजों और उनके परिजनों को लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही है। अब सवाल उठता है कि इतने बड़े अस्पताल में कर्मियों की कमी पूरी करने में इतना समय क्यों लग रहा है।



# गया से 36 साइबर फ्रॉड गिरफ्तार, देशभर में करते थे ठगी

**सरकारी लाभ दिलाने के लिए लेते थे पैसे, फिर नंबर कर देते थे बंद**



**गया, एजेंसी।** गया पुलिस ने 36 साइबर फ्रॉड को गिरफ्तार किया है। फ्रॉड कंपनी पेलोन साल्यूशन प्राइवेट लिमिटेडकंपनी इलाहाबाद बैंक के ऊपर तीन मंजिला मकान में पिछले 3 साल से चल रही थी। गिरफ्तार शातिरों में कंपनी के सीईओ कोतवाली थाना क्षेत्र के तेल बिगहा निवासी निशांत कुमार, नवादा जिले के इमामबड़ा निवासी मोहित कुमार और मैनेजर अनीशा कश्यप भी शामिल है। बाकी कंपनी के कर्मी हैं। इनमें तीन लड़कियों की शादी 15 दिन के अंदर होने वाली है। गिरफ्तार कर्मियों को पता ही नहीं था कि वे लोगों को ठग रहे हैं। ये लोग सरकारी योजना से मिलने वाले आर्थिक लाभ दिलाने के नाम पर लोगों को फंसाते थे, फिर कंपनी का क्यूआर कोड कस्टमर को भेज कर पैसे मंगवाते थे। लोगों को कॉल कंपनी के एप्लिकेशन या मोबाइल नंबर से किया जाता था।

**36 मोबाइल किया गया जब्त :** पुलिस ने छापेमारी के दौरान लैपटॉप और 36 मोबाइल बरामद किया। इनमें 20 नंबर की जांच हुई तो पता चला कि इन नंबरों से पूरे 36 साइबर ठगी किए गए, जिसपर 36 शिकायत दर्ज की गई हैं। पुलिस ने बताया कि कंपनी का खाता संख्या 069463400000 है, जो यश बैंक में है। नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर जांच की गई तो खाते पर 2 शिकायत दर्ज है। साइबर थाने के डीएसपी साक्षी राय के नेतृत्व में रविवार की सुबह सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के मिर्जा गालिब कॉलेज के पास छापेमारी की हुई।

**पीड़ितों की शिकायत पर एक्टिव हुई पुलिस :** डीएसपी साक्षी राय ने बताया कि कुछ पीड़ितों ने शिकायत की थी। शिकायत की जांच की गई तो पता चला कि एईपीएस और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ देने के नाम पर लोगों को शिकार बताना है। इसे लेकर एक विशेष टीम का गठन किया गया। इसमें रामपुर थाना, साइबर थाना और तकनीकी शाखा के पुलिस पदाधिकारी और कर्मी को शामिल किए गए।

**ठगी के साक्ष्य मिलने के बाद गिरफ्तारी :** विशेष टीम ने तीन मंजिला मकान में चल रहे पेलोन साल्यूशन प्राइवेट लिमिटेडकंपनी के ऑफिस और कॉल सेंटर पर छापेमारी की। कंपनी के सीईओ निशांत कुमार से पूछताछ की गई तो पता चला कि दो और सहयोगी हैं। कंपनी से संबंधित दस्तावेज की मांग की गई तो किसी ने भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। जिसके बाद कंपनी के ऑफिस में काम कर रहे सभी कर्मियों की तलाशी की गई। जांच के क्रम में साइबर ठगी के सबूत मिले। इसके बाद सभी व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार कर्मियों को गया कोर्ट लाया गया था। हालांकि उनकी पेशी नहीं हुई। कर्मियों में लड़कियां भी हैं। इन लड़कियों के परिजन भी मौजूद थे।

## सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की मौत, गोरखपुर में चल रहा था इलाज

**सीवान, एजेंसी।** सीवान के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सरसर गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना में एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान जफरा गांव निवासी मक्केश्वर प्रसाद श्रीवास्तव के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि मृतक सिसवन ढाला के पास गिट्टी और बालू की दुकान में मजदूरी करते थे। हादसे के समय वह साइकिल से काम पर जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें सिवान सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच, पटना रेफर किया गया।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, मंगलवार, 03 दिसंबर, 2024



संक्षिप्त समाचार



## ठंड के साथ हार्ट के रोगियों की बढ़ी संख्या, हाथरस में ओपीडी में पहुंच रहे सांस के रोगी, खानपान में सावधानी की सलाह

**हाथरस, एजेंसी।** हाथरस में भी सर्दी ने दस्तक दे दी है और इससे हृदय और सांस से संबंधित बीमारियों के रोगियों की संख्या बढ़ रही है। जिला अस्पताल की ओपीडी में हार्ट और सांस रोगी भी पहुंच रहे हैं। शहर के एमडीटीबी अस्पताल में भी सांस की बीमारियों से संबंधित मरीजों की संख्या में 40 फीसदी तक बढ़ोतरी हो गई है। यहां भी रोजाना डेढ़ सौ मरीज आ रहे हैं। प्राइवेट अस्पतालों में भी काफी संख्या में सांस से संबंधित बीमारियों के रोगी पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों के अनुसार, ठंड बढ़ने से लोग छींक, गले की खराश और जुकाम जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। सर्दी बढ़ने के साथ-साथ हृदय और सांस के रोगियों की तकलीफ और बढ़ेगी। डॉक्टरों का कहना है कि बच्चों और बुजुर्गों को इस मौसम में ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है।

बदलते मौसम में सर्दी से करें बचाव

एमडीटीबी अस्पताल के चिकित्सक डॉ. एमआई आलम का कहना है कि अब सर्दी बढ़ रही है और इसकी वजह से हृदय और सांस से संबंधित रोगियों की तकलीफें भी बढ़ रही हैं। बदलते मौसम में लोगों को विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। सर्दी से बचाव के लिए गर्म कपड़े पहनें। दिनचर्या के अनुसार अब अपने खान-पान में परिवर्तन करें। बीमार पड़ने पर योग्य चिकित्सक से ही अपना उपचार कराएं।

## गाइनीकोलॉजिस्ट को माह में पांच डिलेवरी जरूरी, साल में 60 से कम डिलेवरी कराने पर रुक जाएगा वेतन

**लखनऊ, एजेंसी।** सीएमओ के अधीन सीएचसी में कार्यरत गाइनकोलॉजिस्ट जरिए साल भर में 60 सिजेरियन प्रसव कराने होंगे। इससे कम सिजेरियन या डिलवरी कराने पर उनका वेतन रोका जाएगा। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में यह निर्देश दिए गए हैं। जिले में अभी सीएचसी पर गाइनकोलॉजिस्ट रात के वक्त सिजेरियन की बजाए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर देती है। इससे कई सीएचसी पर अभी तक डिलवरी का ग्राफ कम है। विभाग जरिए सभी गाइनी डॉक्टरों का रिकार्ड सीएचसी से तलब किया गया है। जिनका टॉरगेट पूरा नहीं होगा उनका वेतन रोका जाएगा। सीएमओ के अधीन 21 समुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का संचालन हो रहा है। सभी सीएचसी पर संविदा व स्थाई मिलाकर 37 गाइनकोलॉजिस्ट तैनात हैं। इसमें हर सीएचसी पर दो-तीन विशेषज्ञ हैं। कई गाइनी डॉक्टरों जरिए डिलवरी का ग्राफ कम है। ये मुद्दा जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में हुआ था। डीएम ने कम डिलवरी कराने वाली विशेषज्ञ का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। अफसरों का कहना है हर विशेषज्ञ को माह भर में करीब पांच सिजेरियन या सामान्य प्रसव कराने होंगे। इसका सख्ती से अनुपालन कराने के निर्देश दिए गए हैं। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह के मुताबिक, सभी सीएचसी से रिकार्ड मांगा गया है। जिनका लक्ष्य पूरा नहीं होगा उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा।

## प्रदेश में 13 आईपीएस अफसरों के तबादले, बहराइच हिंसा के बाद डीआईजी अमरेंद्र सिंह हटाए गए

**लखनऊ, एजेंसी।** योगी सरकार ने रविवार की देर रात 13 आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया। इसमें कुछ अधिकारियों को महत्वपूर्ण पद दिए गए हैं। इसमें से कई बीते समय से साइड लाइन बताए जा रहे थे। आईपीएस अमित पाठक को देवीपाटन परिक्षेत्र की डीआईजी बनाया गया है। वह अमरेंद्र कुमार की जगह लेंगे। माना जा रहा है कि बहराइच हिंसा के बाद ऐसा किया गया। इसके अलावा लखनऊ के ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर आकाश कुलहरी को हटाकर लोक शिकायत भेजा गया है। संजय सिंघल के केंद्र प्रतिनियुक्त पर जाने के बाद स्थापना की जिम्मेदारी गृह सचिव संजीव गुप्ता को दी गई है।

यूपी बिजली निजीकरण विवाद

# मुख्य सचिव होंगे नई बिजली कंपनियों के अध्यक्ष, बिजली कर्मी छह को करेंगे प्रदर्शन



**लखनऊ, एजेंसी।** दक्षिणांचल व पूर्वांचल विद्युत वितरण निगमों को विघटित कर बनने वाली पांच नई कंपनियों के अध्यक्ष मुख्य सचिव होंगे।

कंपनियां डिस्कॉम की प्रापर्टी का किसी तरह का उपभोग नहीं कर पाएंगी। नई कंपनियों को लेकर शनिवार को पावर कॉर्पोरेशन की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि मुख्य सचिव के अध्यक्ष होने से अधिकारियों, कर्मचारियों, किसानों एवं उपभोक्ताओं का हित सुरक्षित रहेगा। रिफॉर्म में शामिल होने वाली निजी कंपनियों के लिए बिडिंग पूरी तरह खुली और पारदर्शी होगी। इस प्रक्रिया में कंपनियों को जमीन का स्वामित्व नहीं दिया जाएगा। जमीन का स्वामित्व पावर कॉर्पोरेशन एवं राज्य सरकार का ही रहेगा। कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने बताया कि इलेक्ट्रिसिटी एक्ट-2003 की धारा-133 में स्पष्ट है कि किसी भी कार्मिक की छंटनी नहीं होगी।

### निजीकरण के खिलाफ बिजली कर्मी छह को करेंगे प्रदर्शन

बिजली के निजीकरण के फैसले के खिलाफ देशभर के बिजली कर्मचारी और इंजीनियर लामबंद हो गए हैं। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर ने पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम और चंडीगढ़ पावर डिपार्टमेंट को निजी हाथों में सौंपने के खिलाफ 6 दिसंबर को पूरे देश में विरोध प्रदर्शन करने का फैसला लिया है। इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष लांबा ने चेतावनी दी है कि अगर बिजली के हितधारकों (कर्मचारियों एवं उपभोक्ताओं) के शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से किए जा रहे विरोध की अनदेखी करके जल्दबाजी में निजीकरण के फैसले को अमलीजामा पहनाने का प्रयास किया तो जिस दिन निजी कंपनी टेकओवर करेगी उसी दिन कर्मचारी और इंजीनियर कार्य बहिष्कार कर सड़कों पर उतरने पर मजबूर होंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी यूपी सरकार व चंडीगढ़ प्रशासन की होगी।

### बिजली के निजीकरण मामले में पीएमओ को भेजा पत्र, सीबीआई जांच की मांग

पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल बिजली निगम को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल में चलाने की तैयारी का मामला प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) पहुंच गया है। उपभोक्ता परिषद ने पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि पावर कॉर्पोरेशन प्रबंधन ने दोनों निगमों में केंद्र सरकार से रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) में करीब 20415 करोड़ रुपया खर्च कर दिए। अब इन दोनों निगमों को निजी हाथों में देने की तैयारी है। ऐसे में पूरे मामले की सीबीआई जांच कराई जाए, ताकि गलत तरीके से रणनीति बनाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हो सके। वहीं, उपभोक्ता परिषद सोमवार को विद्युत नियामक आयोग में याचिका भी दाखिल करेगी।परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने पीएम नरेंद्र मोदी को भेजे पत्र में पावर कॉर्पोरेशन की ओर से उपभोक्ताओं के हितों की अनदेखी का आरोप लगाया है।

## राजधानी के इस सीएचसी में काम करने को राजी नहीं डॉक्टर व स्टाफ, 15 दिन में 12 कर्मी करा चुके तबादला

**लखनऊ, एजेंसी।** राजधानी लखनऊ स्थित माल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में डॉक्टर व स्टाफ काम करने के लिए राजी नहीं हैं। 15 दिन में सीएचसी प्रभारी समेत 12 कर्मचारियों ने अपना तबादला दूसरे केंद्रों पर करवा लिया है। आरोप है कि कुछ अराजकतत्वों का गिरोह यहां सक्रिय है। ये गिरोह झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर वसूली करता है। माल सीएचसी में तैनात रहे डॉ. संदीप प्रताप सिंह समेत विभिन्न संवर्ग के 12 कर्मचारियों ने अपना स्थानांतरण दूसरी जगह करवा लिया। इनमें चीफ फार्मासिस्ट अजीत कुमार मिश्रा, स्टाफ नर्स मेनका यश, वार्ड बॉय अखिलेश सिंह व कौस्तुभानंद, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक पुष्पित मिश्रा, राजाधनी सिंह, मीना, सरोज व अन्य शामिल हैं। इन सभी ने 15 से 30 अक्तूबर के बीच अपना तबादला दूसरी जगह करवा लिया। डॉ. संदीप के स्थानांतरण के बाद सीएमओ ने डॉ. ज्योति कामले को माल सीएचसी का प्रभारी बनाया। लेकिन वह भी यहां नहीं टिकीं। बीकेटी सीएचसी के प्रभारी डॉ. जेपी सिंह को अब माल सीएचसी का भी चार्ज दिया गया है।

### तबादले को लेकर जानकारी जुटाई जा रही


एडिशनल सीएमओ (नोडल सीएचसी) डॉ. एमएच सिद्दीकी ने बताया कि डॉ. ज्योति को सीएमओ दफ्तर से संबद्ध किया गया है। इनके पास पहले से काफी चार्ज हैं। माल के लिए अभी कोई स्थायी प्रभारी नहीं मिला है। कर्मचारियों के तबादले को लेकर जानकारी जुटाई जा रही है।

## मम्मी-पापा माफ कर देना... जिंदगी से ऊब गया हूं लिख फंदे से झूल गया आईआईटी की तैयारी कर रहा छात्र

**लखनऊ, एजेंसी।** राजधानी लखनऊ में सुसाइड नोट में लिखकर आईआईटी की तैयारी कर रहे छात्र ने हॉस्टल में फंदा लगाकर जान दे दी। लिखा की मम्मी-पापा माफ कर देना... मैं जिंदगी से ऊब गया हूं...। मौके से मिले सुसाइड नोट और छात्र के मोबाइल को पुलिस ने कब्जे में ले लिया। मृतक की फुफेरी बहन ने जांच की मांग की है। बिहार के चंपारण में सिस वानिया के रहने वाले सरकारी शिक्षक दिनेश कुमार के बेटे अनमोल (17) हजरतगंज स्थित नरही में शिवांगी वैश्य के हॉस्टल में रहते थे। वह फिजिक्स वालासे आईआईटी की कोचिंग कर रहे थे। शनिवार रात उनका रूममेट सुलतानपुर निवासी किशलय तिवारी घर चला गया था।

फोरेंसिक टीम ने मोबाइल कब्जे में लिया

रविवार सुबह अनमोल कमरे से नहीं निकले तो बगल के कमरे में रहने वाले रूपेश पांडेय और सागर ने दोपहर तीन बजे आवाज दी। जवाब नहीं मिलने पर खिड़की से झांका तो अनमोल पंखे से





गमछे के सहारे फंदे से लटके मिले। हजरतगंज पुलिस फोरेंसिक टीम की मदद से दरवाजा तोड़कर कमरे में दाखिल हुई। एक पेन, सुसाइड नोट और मोबाइल फोरेंसिक टीम ने कब्जे में ले लिया। मृतक की फुफेरी बहन चौक निवासी रागिनी शर्मा ने शव की शिनाख्त की। कहा कि सुसाइड नोट अनमोल ने नहीं लिखा है। उसकी स्कूल कॉपी मंगाई गई है। चर्चा है कि अनमोल के कान में ब्लूटूथ लगा था। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह के मुताबिक प्रेम प्रसंग, पढ़ाई का दबाव और अन्य पहलुओं पर पुलिस जांच कर रही है।

### छठ मनाकर लौटा था छात्र

परिजन का कहना है कि अप्रैल में अनमोल तैयारी करने लखनऊ आया था। पढ़ने में होशियार था। छठ पर आया था। रोजाना अनमोल परिजन से बात करता था। अगर परेशान होता तो जरूर कहता। आखिरी बार बात भाई रौनित से हुई थी।

## जूते-चप्पल से पिटाई, बाल मुंड़ाकर कालिख पोती... महिलाओं ने रेप के आरोपी शख्स को गांव में दौड़ाकर पीटा

**चंदौली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के जनपद चंदौली में एक व्यक्ति के मुंह मे कालिख पोतकर उसे जूते-चप्पलों का माला पहना कर गांव में घुमाने का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि वीडियो धीना थाना क्षेत्र स्थित एक गांव का है, जहां रेप पीड़िता को न्याय नहीं मिलने पर गांव की महिलाओं ने आरोपी व्यक्ति को सजा दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह से मामले को संभाला। जानकारी के अनुसार धीना थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव निवासी अधेड़ व्यक्ति पर आरोप है कि उसने, एक 12 साल की नाबालिग लड़की को पहले बहला-फुसला कर सुनसान जगह ले गया और फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। यह घटना, बीते 5 नवंबर की बताई जा रही है। आरोप है कि 6 नवंबर को पीड़िता के परिजनों द्वारा थाने में तहरीर दी गयी। पर पुलिस ने मामले में लीपापोती कर जबरदस्ती सुलहनामा लिखवा कर पल्ला झाड़ लिया। पर पुलिस ने इन आरोपों को बेबुनियाद और गलत ठहराया है।



**महिलाओं ने कर दिया फैसला–** बताया जा रहा है कि न्याय न मिलता देख, गांव की महिलाएं आक्रोशित हो गई और खुद ही आरोपी को सबक सिखाने का बीड़ा उठाया। महिलाओं ने आरोपी को पकड़ कर उसका बाल मुंडन किया। चेहरे पर कालिख पोतकर चुने का टीका लगाया। जिसके बाद उसे जूता-चप्पलों का माला पहना कर पूरे गांव में घुमाया। इसी घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

**क्या कह रही पुलिस–** घटना के बाबत सीओ सकलडीहा श्री रघुराज ने बताया कि व्यक्ति को कालिख पोत गांव में घुमाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में कोई भी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

## कानपुर में हॉस्टल के बाथरूम में मिली जेईई मेंस की तैयारी कर रहे छात्र की लाश

### छात्र की मृत्यु हार्ट अटैक से होने की आशंका ,अगली कार्रवाई के लिए पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

सुनील बाजपेई

**कानपुर।** यहां छात्रों की संदिग्ध हालातो में मौत का सिलसिला लगाता जारी है। इसी क्रम में

काकादेव थाना क्षेत्र के कोचिंग मंडी में चल रहे हॉस्टल में छात्र का शव मिलने से सनसनी फैल गई ।

जानकारी के मुताबिक वह नवीननगर स्थित हॉस्टल के रूम में रहकर जेईई मेंस की तैयारी कर रहा था । उसकी पहचान वाराणसी निवासी संतोष गुप्ता के पुत्र उत्कर्ष गुप्ता के रूप में हुई।

पुलिस के मुताबिक घटना के बारे में पता तब चला जब सुबह काफी देर तक वह नजर नहीं आया, तो हॉस्टल में रहने वाले अन्य स्टूडेंट्स ने उसके मोबाइल पर कॉल की लेकिन किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं मिली, जिसके बाद


अनहोनी की आशंका में काकादेव पुलिस को मामले की जानकारी दी गई।

इसके बाद जब काकादेव पुलिस पहुंची तो उत्कर्ष के रूम का दरवाजा अंदर से बंद था। इसके बाद पुलिस ने काफी मशक्कत का रूम का दरवाजा तुड़वाया। अंदर जाकर देखा तो उत्कर्ष का शव बाथरूम में पड़ा था। इसके बाद पुलिस उसे हैलट अस्पताल ले गई। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।

जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि मृतक उत्कर्ष गुप्ता नवीन नगर स्थित हॉस्टल में रहकर जेईई मेंस की कोचिंग कर रहा था। उसके पिता मुजफ्फरनगर में प्राइवेट नौकरी करते हैं। सूचना पाकर परिजन भी कानपुर पहुंच गए। आशंका है की छात्रा की मृत्यु हार्ट अटैक के चलती हुई है लेकिन सही जानकारी के लिए उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

## छह साल छोटा है आशिक, रील देख हुआ प्यार, पति-बच्चों को छोड़ प्रेमी संग चली गई महिला, फोन ने दोनों को पकड़वाया

**कानपुर, एजेंसी।** इंटरनेट मीडिया पर युवक की रील देख महिला को उससे प्यार हो गया। दोनों मिलने के लिए घर से चले गए। महिला की बहन ने जीआरपी सेंट्रल पर शिकायत की, जिसके बाद दोनों बदायूं के पास मिले। शनिवार को दोनों को स्टेशन लाया गया, जहां पर महिला पति व बच्चों की जगह प्रेमी के साथ जाने पर अड़ी रही। युवक उससे करीब छह साल छोटा है। फेसबुक पर उसकी रील देखकर पसंद करने लगी और दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई। इंस्पेक्टर ने दोनों को उनके परिजनों के हवाले किया। बदायूं का रहने वाला 24 वर्षीय युवक रील बनाता है। कभी गाने तो कभी एक्टिंग की वीडियो इंटरनेट मीडिया पर अपलोड करता है। जीआरपी इंस्पेक्टर ओम नारायण सिंह ने बताया कि युवक की वीडियो जौनपुर की महिला ने देखा और उस पर कमेंट किया। दोनों के बीच चैटिंग और बातचीत शुरू हो गई।



कुछ दिन पहले महिला अपने पति और दो बच्चों को छोड़कर युवक के साथ चली गई। महिला की बहन ने उसके सेंट्रल स्टेशन पर आने की संभावना पर जीआरपी थाने में शिकायत की, जिस पर टीम तैयार की गई। दोनों के बीच चैटिंग और कॉल रिकॉर्ड के आधार पर उनकी लोकेशन मिल गई। इंस्पेक्टर ने बताया कि दोनों को सेंट्रल लाया गया, जहां से उनके परिजनों के हवाले कर दिया। महिला का पति दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता है।

## महाकुंभ: इस बार जमीन से ऊपर बसेगी डोम सिटी, एक साथ 200 लोगों के रहने की होगी व्यवस्था, होम स्टे भी हुए तैयार

**लखनऊ, एजेंसी।** प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ को लेकर एक तरफ जहां युद्ध स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं, वहीं देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए भी कई नए प्रयोग किए जा रहे हैं। इसके तहत प्रदेश में पहली बार जमीन से 18 फीट ऊपर डोम सिटी बसाने की तैयारी शुरू हो गई है। यहां से पर्यटक महाकुंभ का नजारा ले सकेंगे।



पर्यटन विभाग महाकुंभ को दिव्य और भव्य बनाने के साथ आकर्षक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। इसी क्रम में नैनी के अरैल तट पर, झूंसी व परेड ग्राउंड में टेंट सिटी बसाई जा रही है। यहां पर्यटकों के रहने के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं वाले स्विस कॉटेज होंगे। इनका काम काफी तेजी से चल रहा है। इनकी क्षमता बढ़ाने का भी प्रयास किया जा रहा है। अब पर्यटन विभाग नैनी के अरैल में जमीन से 18 फीट ऊपर डोम सिटी तैयार करने जा रहा है। यहां से पर्यटक महाकुंभ का भव्य नजारा देख सकेंगे। खास यह कि 1400 स्क्वायर फीट एरिया में बसने वाली डोम सिटी में 200 लोगों के रहने समेत कई आधुनिक सुविधाएं होंगी। लग्जरी होटल की जैसी सुविधा वाली डोम सिटी को बनाने के लिए पर्यटन विभाग की ओर से टेंडर के बाद की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

इसके लिए किराया आदि संबंधित फर्म ही तय करेगी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार महाकुंभ एक तरफ आस्था का केंद्र तो है ही यह आकर्षण का भी केंद्र होता है। नागा-अघोरी, साधू-संतों को तो लोग करीब से देखने-जानने आते ही हैं। दिन ढलने के बाद यहां का नजारा कुछ अलग ही होता है। कई किलोमीटर तक तंबुओं का यह शहर चकाचौंध रोशनी से भी लोगों को आकर्षित करता है। इसी को ध्यान में रखकर डोम सिटी का बनाई जा रही है। जो पर्यटकों को आकर्षित व रोमांचित भी करेगी।

**होम स्टे भी हुए तैयार–** महाकुंभ में पर्यटकों को बेहतर आवासीय सुविधाएं देने के लिए टेंट सिटी व शहर के होटलों को बेहतर किया जा रहा है। साथ ही स्थानीय लोगों के यहां होम स्टे भी तैयार किए जा रहे हैं। इसमें स्थानीय लोग रुचि ले रहे हैं और पर्यटन विभाग उनकी ट्रेनिंग आदि करा रहा है। ताकि बाहर से आने वाले अतिथियों को बेहतर सुविधा व अनुभव दिया जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### कुवैत में 24 घंटों तक फंसे रहे 60 भारतीय यात्री, इमरजेंसी लैंडिंग की वजह से वहां पहुंचे

**कुवैत।** 60 भारतीय यात्री रविवार को 24 घंटे से ज्यादा समय तक कुवैत के एयरपोर्ट पर फंसे रहे। ये सभी मुंबई से इंग्लैंड के मैनचेस्टर जा रहे थे। NDTV की रिपोर्ट के मुताबिक इन यात्रियों ने गल्फ एयर पर आरोप लगाया है कि उन्हें इतने लंबे समय तक खाना-पानी, आवास के बिना रखा गया। भारतीय यात्रियों ने गल्फ एयर पर घटना के दौरान पक्षपात के आरोप भी लगाए। यात्रियों ने कहा कि घटना के दौरान सिर्फ UK, यूरोपियन यूनियन और US के यात्रियों को ही रहने और खाने के लिए सहायता दी गई, जबकि भारतीय, पाकिस्तान और दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों के लोगों को कोई सहायता मुहैया नहीं कराई गई। दरअसल, गल्फ एयर की फ्लाइट के इंजन में रविवार को अचानक खराबी आ गई थी, जिसके बाद फ्लाइट को डायवर्ट करके कुवैत एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इसे ठीक होने में 24 घंटे से ज्यादा लग गए। भारतीय यात्रियों को नहीं दी गई कोई जानकारी यात्रियों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके अपनी परेशानी बताई। फंसे हुए यात्रियों ने लिखा कि वे एयरपोर्ट छोड़कर बाहर भी नहीं जा सकते थे, क्योंकि उनके पास ट्रांजिट वीजा नहीं था। भारतीय ऐंबैसी ने बताया कि कुवैत में चल रहे GCC समिट की वजह से एयरपोर्ट के होटल खाली नहीं थे। इस वजह से भारतीय यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, ब्रिटिश और अमेरिकी पासपोर्ट रखने वाले लोगों के पास ट्राजिंट वीजा थे, इसलिए उन्हें बाहर जाने की अनुमति थी। ट्रांजिट वीजा कम वक्त के लिए मिलने वाला एक वीजा है। इसमें 2 से 3 दिनों तक किसी देश में रहने की अनुमति मिलती है। भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने मदद की कुवैत में भारतीय दूतावास के वरिष्ठ अधिकारी ने बाद में यात्रियों को लॉन्ज में खाना मुहैया करवाया गया। ऐंबैसी के मुताबिक फ्लाइट ने सुबह करीब साढे 4 बजे उड़ान भरी। इस दौरान भारतीय अधिकारी वहां पर मौजूद रहे।

### बांग्लादेश में 54 इस्कॉन सदस्यों को भारत जाने से रोका, कहा- स्पेशल परमिशन नहीं है

**ढाका।** बांग्लादेश की इमिग्रेशन पुलिस ने वैध पासपोर्ट और वीजा के साथ भारत जा रहे इस्कॉन के 54 सदस्यों को बॉर्डर पर रोक दिया। ये लोग एक धार्मिक समारोह में भाग लेने भारत जा रहे थे। इसे लेकर इमिग्रेशन पुलिस का कहना है कि उनके पास भले ही वैध पासपोर्ट और वीजा थे, लेकिन गवर्नमेंट की स्पेशल परमिशन नहीं थी। बेनापोल इमिग्रेशन पुलिस के एक अधिकारी ने द डेली स्टार अखबार से कहा- हमने पुलिस की स्पेशल ब्रांच से बात की। जहां से हमें इस्कॉन सदस्यों को बॉर्डर पार न जाने देने के निर्देश मिले। देश के अलग-अलग जिलों से आया श्रद्धालुओं का जत्था भारत जाने के लिए बेनापोल बॉर्डर पर पहुंचा था। वे बेनापोल में बॉर्डर पार जाने के लिए घंटों इंतजार करते रहे, लेकिन बाद में बताया गया कि उन्हें इसकी परमिशन नहीं है। इस्कॉन सदस्य सौरभ तपंदर चेली ने कहा- हम भारत में हो रहे एक धार्मिक समारोह में भाग लेने जा रहे थे, लेकिन इमिग्रेशन अधिकारियों ने हमें सरकारी परमिशन न होने का हवाला देकर रोक दिया। अब तक चार इस्कॉन सदस्यों की गिरफ्तारी का दावा वहीं, दूसरी तरफ कोलकाता इस्कॉन के प्रवक्ता राधारमण दास ने बांग्लादेश में अब तक 4 इस्कॉन सदस्यों की गिरफ्तारी का दावा किया है। चार हिंदू पुजारियों की तस्वीर पोस्ट करते हुए राधारमण दास ने लिखा- क्या ये आतंकवादी जैसे दिखते हैं? इन सभी को बांग्लादेशी पुलिस ने बिना किसी कारण के गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि, चिन्मय प्रभु के अलावा अन्य इस्कॉन सदस्यों की गिरफ्तारी या हिरासत पर बांग्लादेश की तरफ से अब तक कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है।

### अमेरिकी आईलैंड में ताइवानी राष्ट्रपति के वेलकम से चीन नाराज, कहा- हमारी पूरे मामले पर बारीक नजर

**हवाई।** ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते एक हफ्ते के पैसिफिक आईलैंड्स के दौरे पर हैं। उन्होंने इसकी शुरुआत अमेरिका के हवाई प्रांत से की, जहां रेड कार्पेट बिछाकर उनका स्वागत किया गया। इसके साथ अमेरिका ने ताइवान को और अधिक हथियार बिक्री के प्रस्ताव को मंजूरी दी। अमेरिका का ये फैसला चीन को नागवार गुजरा है। अमेरिकी विदेश विभाग ने ताइवान को F-16 जेट विमानों और राडार के लिए स्पेयर पाट्र्स और सपोर्ट की लगभग 385 मिलियन डॉलर की बिक्री को मंजूरी दी है। अलजजीरा के



मुताबिक, चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह इस पूरे घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रखेगा और अपने देश की देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बचाने के लिए ठोस कदम उठाएगा। हथियार बिक्री के मुद्दे पर चीन ने कहा- अमेरिका का यह फैसला ताइवान इन्डेपेन्डेन्ट फोर्स को गलत मैसेज देगा। हम इस पर जवाबी कार्रवाई करेंगे। लाई चिंग-ते ने पर्ल हार्बर में USA एरिजोना मेमोरियल का दौरा किया। यहां उन्होंने कहा कि अमेरिका और ताइवान को युद्ध को रोकने के लिए एक साथ लड़ना चाहिए। शांति अमूल्य है और युद्ध में कोई विजेता नहीं होता। हवाई के बाद लाई चिंग-ते मार्शल आइलैंड, तुवालु और पलाऊ का दौरा करेंगे। पैसिफिक रीजन में ये राष्ट्र ही ताइवान को एक स्वतंत्र देश के तौर पर मान्यता देते हैं।

### मध्यप्रदेश-राजस्थान के 20 जिलों में पारा 10° से कम, कश्मीर के किश्तवाड़ में सीजन की पहली बर्फबारी

**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान के कई जिलों में ठंड बढ़ गई है। मध्यप्रदेश के 10, राजस्थान के 8, उत्तर प्रदेश के 2, छत्तीसगढ़ के 2 शहरों में पारा 10° से कम रिकॉर्ड किया गया। कश्मीर के मारवाह, किश्तवाड़ और बादवान में सीजन की पहली बर्फबारी हुई। केंद्रीय मौसम विभाग (IMD) के मुताबिक अगले 24 घंटों में हिमाचल के किन्नौर, कुल्लू, लाहौल स्पीति, कांगड़ा और चंबा में बर्फबारी हो सकती है। इधर, 32 दिन बाद रविवार को दिल्ली का AQI 300 से नीचे आया। केंद्रीय पर्यावरण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के मुताबिक, AQI 285 रिकॉर्ड किया



गया। लेकिन दिल्ली में हवा की कैटेगरी अभी भी 'खराब' है। दक्षिण भारत में कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु में फेंगल तूफान के असर के चलते आज भी भारी बारिश हो रही है। तूफान का लैंडफॉल शनिवार शाम को हुआ, इसके बाद लगातार बारिश के कारण तमिलनाडु में 3 लोगों की मौत हुई है। दिल्ली में GRAP-4 लागू रखने पर फैसला आज सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर नई दिल्ली में 2 दिसंबर तक GRAP-4 के प्रतिबंध जारी रखने का आदेश दिया गया था। CAQM इसे घटाने या जारी रखने पर आज फैसला लेगा। फिलहाल सोमवार को AQI दोबारा 300 से पार हो गया। सुबह 8 बजे यह 313 रिकॉर्ड किया गया। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट में आज फिर दिल्ली में प्रदूषण से जुड़े केस पर सुनवाई भी होनी है।

### बाबा बागेश्वर को हत्या की धमकी

**अमृतसर।** मध्यप्रदेश स्थित बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री के बयान को लेकर पंजाब में बवाल शुरू हो गया है। 18 मार्च को मुरादाबाद में धीरेंद्र शास्त्री ने हरिहर मंदिर को लेकर बयान दिया था। हालांकि पंजाब के सिख कट्टरपंथी बरजिंदर परवाना ने इसे अमृतसर स्थित हरमंदिर साहिब यानी गोल्डन टेंपल से जोड़ दिया। उसने पंडित शास्त्री को धमकी तक दी कि उनकी उल्टी गिनती शुरू हो गई है, चाहे जैसे मर्जी, उन्हें मार डालेंगे। परवाना ने पंडित शास्त्री को पंजाब आने तक की चुनौती दे डाली। पंजाब के कपूरथला जिले के कादराबाद गांव में 26 से 30 नवंबर तक 5 दिन का समागम था। जिसके मंच से परवाना ने बाबा बागेश्वर को यह धमकी दी। वहीं इस मामले में एंटी टेरेरिस्ट फ्रंट इंडिया एवं विश्व हिन्दू तख्त प्रमुख वीरेश शांडिल्य ने पुलिस से 48 घंटे के भीतर परवाना को गिरफ्तार करने की मांग की है।

# नौसेना प्रमुख बोले-अगले महीने होगा 26 राफेल मरीन का सौदा

**एजेंसी, पुरी।**



**62 जहाज भी बन रहे, अगले 10 साल में 96 जहाज-सबमरीन भी शामिल होंगे**

नेवी चीफ एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने सोमवार को बताया कि फ्रांस के साथ नेवी वैरिएंट वाले 26 राफेल-M (मरीन) की डील फाइनल होने वाली है। इसके साथ ही 3 स्कॉर्पीन सबमरीन की डील पर भी बातचीत लास्ट स्टेज में है। जनवरी 2025 तक डील पक्की होने की संभावना है। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने कहा कि आने वाले 10 सालों में भारतीय नौसेना में 96 जहाज और पनडुब्बियां शामिल की जाएंगी। 62 जहाज और एक सबमरीन अभी अंडर कंस्ट्रक्शन हैं। दिसंबर 2025 तक हर महीने एक जहाज नौसेना के बेड़े में शामिल किया जाएगा। जुलाई 2023 में रक्षा मंत्रालय ने फ्रांस से राफेल-M जेट विमानों की खरीद को मंजूरी दी थी, जिसे स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर INS विक्रांत पर तैनात किया जाएगा। पाकिस्तान के 50 जहाजों वाले नौसैनिक बेड़े के सवाल पर एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को देखकर हैरानी होती है कि उन्हें जहाज-सबमरीन कैसे मिल रहे हैं। हम चीन-पाकिस्तान से होने वाले हर संभावित खतरे से निपटने के लिए तैयार हैं। स्वदेशी न्यूक्लियर पॉवर्ड सबमरीन 2036 तक तैनात होगी नेवी चीफ ने बताया कि भारत में बनी पहली न्यूक्लियर पावर्ड सबमरीन (SSNs) 2036-37 तक कमिशन हो जाएगी। इसके निर्माण के लिए 2 महीने पहले ही सरकार से मंजूरी मिली थी। पहली सबमरीन के कमीशन होने के दो साल के अंदर दूसरी सबमरीन को भी कमिशन कर दिया जाएगा। भारतीय नेवी ऐसी 6 सबमरीन बनाएगी। नेवी न्यूक्लियर सबमरीन की जरूरत क्यों न्यूक्लियर पावर्ड स्ट्राइक सबमरीन लंबे समय तक पानी के अंदर रह सकती है। इसके अलावा भारत के पास डीजल इलेक्ट्रिक और डीजल समबरीन हैं। डीजल-इलेक्ट्रिक सबमरीन को दिन में कम से कम एक बार बैटरी चार्च करने के लिए पानी की सतह पर लाना पड़ता है। इस दौरान सबमरीन पर अटैक का डर रहता है। एयर-इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन से लैस डीजल सबमरीन लंबे समय तक पानी के अंदर रह सकती हैं, लेकिन इन सबमरीन को जहाज पर मौजूद हथियारों के साथ-साथ गति से भी समझौता करना पड़ता है। इसलिए नेवी ने न्यूक्लियर पावर्ड स्ट्राइक सबमरीन की मांग रखी।

# अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने दोषी करार बेटे को माफ किया

**एजेंसी, वॉशिंगटन।**




**♦ अवैध तरीके से बंदूक खरीदने-टैक्स चोरी मामले में फंसे थे, 2 दिन बाद मिलती सजा**

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने बेटे हंटर बाइडेन की सजा को माफ कर दिया है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक वे अवैध तरीके से बंदूक रखने और टैक्स चोरी के मामले में सजा का सामना कर रहे थे। बाइडेन ने कहा कि उन्हें कानून व्यवस्था पर पूरा यकीन है, लेकिन राजनीति ने इसे गंदा कर दिया है। यह न्याय व्यवस्था की नाकामी है। राष्ट्रपति ने कहा कि हंटर के मामले को देखने वाला कोई भी समझदार शख्स यह जानता होगा कि उसे सिर्फ इसलिए निशाना बनाया गया क्योंकि वह मेरा बेटा है। राष्ट्रपति ने कहा, "हंटर को बर्बाद करने की कोशिश में कुछ लोगों ने मुझे भी कमजोर करना चाहा। यह सब अभी नहीं रुकता, इसलिए मुझे अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करना पड़ा। अमेरिकी लोग समझेंगे कि एक पिता और राष्ट्रपति ने यह फैसला क्यों लिया।" सजा मिलने से 2 दिन पहले हंटर को माफी मिली हंटर को डेलावेयर कोर्ट में 4 दिसंबर को सजा सुनाई जानी थी। अवैध तरीके से बंदूक खरीदने के मामले में अधिकतम 25 साल तक की जेल हो सकती है, लेकिन कानून के कई जानकारों के मुताबिक पहला आपराधिक मामला होने की वजह से उन्हें 12 से 16 महीने तक की सजा हो सकती थी। सजा सुनाए जाने से ठीक 2 दिन पहले पिता बाइडेन ने अपनी राष्ट्रपति शक्तियों का इस्तेमाल कर बेटे बाइडेन को बचा लिया। हंटर को जून में दोषी पाए जाने से पहले बाइडेन ने कहा था कि अगर दोषी पाया गया तो अपने बेटे को कभी माफ नहीं करेंगे।

# राम रहीम को माफी केस में अकाल तख्त की सजा

**एजेंसी, अमृतसर।**



**सुखबीर झूठे बर्तन साफ करेंगे, पूर्व CM बादल से फक्र ए कौम सम्मान वापस लिया**

पंजाब के अमृतसर स्थित गोल्डन टेंपल में सोमवार को अकाल तख्त साहिब ने डेरा सच्चा सौदा सिरसा के मुखी राम रहीम को माफी और बेअदबी के मामले में सजा सुनाई। जत्थेदार रघबीर सिंह ने कहा कि सुखबीर सिंह बादल को चोट के चलते श्री दरबार साहिब (गोल्डन टेंपल) के घंटाघर के बाहर ड्यूटी करनी है। ये ड्यूटी वह व्हीलचेयर पर बैठ कर देंगे। इस दौरान उनके गले में तख्ती और हाथ में बरछा रहेगा। ये सजा उन्हें 2 दिन के लिए दी गई है। इसके बाद 2 दिन श्री केशगढ़ साहिब, 2 दिन श्री दमदमा साहिब तलवंडी साबो, 2 दिन श्री मुक्तसर साहिब और 2 दिन श्री फतेहगढ़ साहिब में सेवादारों वाला चोला पहनकर हाथ में बरछा लेकर ड्यूटी करेंगे। जत्थेदार ने कहा कि सुखबीर सिंह बादल इन साहिबों में ड्यूटी के बाद एक-एक घंटा लंगर घर में जाकर संगत के बर्तन साफ करेंगे। साथ ही एक घंटा बैठकर कीर्तन सुनना होगा और श्री सुखमणि साहिब का पाठ करना होगा। रघबीर ने कहा कि पूर्व CM स्वर्गीय प्रकाश सिंह बादल से फक्र ए कौम सम्मान वापस लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो नेता 2015 में कैबिनेट मेंबर रहे वह सभी कल यानी 3 दिसंबर को 12 बजे से लेकर 1 बजे तक गोल्डन टेंपल के बाथरूम साफ करेंगे। जिसके बाद नहाकर वह लंगर घर में सेवा करेंगे।

# मणिपुर- मारे गए 10 कुकी उग्रवादियों की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आई, ज्यादातर को पीछे से गोली मारी गई

**एजेंसी, इंफाल।**

**4 शवों की 1-1 आंख गायब**



11 नवंबर को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए 10 कुकी उग्रवादियों की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट (PM रिपोर्ट) सामने आ गई है। इसमें पता चला है कि ज्यादातर को पीछे से गोली मारी गई थी। सभी के सिर से लेकर पैर तक पूरे शरीर में गोलियां लगी हैं। कुछ को 10 से ज्यादा गोलियां लगी हैं। इसके अलावा उनके शरीर पर कोई अन्य घाव या टॉर्चर के निशान नहीं हैं। हालांकि, चार शवों की एक-एक आंख गायब है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि जब शवों को असम के सिलचर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (SMCH) में पोस्टमार्टम के लिए लाया गया तो ज्यादातर वर्दी और खाकी पोशाक में थे। मणिपुर पुलिस ने बताया था कि 11 नवंबर को हाईटेक हथियारों से लैस कुछ वर्दीधारियों ने जिरीबाम में बोरोबेक्रा पुलिस स्टेशन और उससे सटे CRPF कैंप पर अंधाधुंध गोलीबारी की थी। इसके बाद हुई मुठभेड़ में 10 आतंकवादी मारे गए थे। इनमें से एक नाबालिग था। कुछ की 24 घंटे तो कुछ की 96 घंटे पहले मौत रिपोर्ट में अहम बात यह भी सामने आई है कि मुठभेड़ के अगले दिन यानी 12 नवंबर को 6 लोगों के शव SMCH लाए गए थे। उनकी मौत का अनुमानित समय 24 से 36 घंटे पहले था। 14 नवंबर को 4 लोगों के शव लाए गए थे, जिनकी मौत का अनुमानित समय 72 से 96 घंटे पहले का था। ये 4 शव सड़ने लगे थे। जबकि एक की मौत का अनुमानित समय 48 से 72 घंटे पहले था।

मौत के करीब 1 महीने बाद 5 दिसंबर को अंतिम संस्कार होगा कुकी समुदाय के प्रमुख संगठन इंडीजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम के प्रमुख ने बताया कि इन 10 युवकों के साथ दो अन्य कुकी पुरुषों का अंतिम संस्कार 5 दिसंबर को (मौत के करीब 24 दिन बाद) चुराचांदपुर में होगा। इससे पहले फोरम ने कहा था कि अंतिम संस्कार तब तक नहीं होगा जब तक उनकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट परिवारों को नहीं सौंप दी जाती। फोरम ने यह भी दावा किया था कि मृतक गांव के वॉलेंटियर थे। शव 16 नवंबर को सिलचर से चुराचांदपुर एयरलिफ्ट किए गए थे और तभी से यानी करीब 15 दिन से स्थानीय अस्पताल की मॉर्चुरी में ही रखे हैं।

# पोलिंग स्टेशन पर वोटर्स की संख्या बढ़ाने के खिलाफ याचिका, सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से जवाब मांगा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**




**अभी एक पोलिंग स्टेशन पर 1500 मतदाता**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पोलिंग सेंटर्स पर मतदाताओं की संख्या 1200 से 1500 करने के फैसले पर चुनाव आयोग से जवाब मांगा। कोर्ट ने चुनाव आयोग से 3 हफ्ते में संक्षिप्त हलफनामा दायर करने के निर्देश दिए हैं। CJI संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने चुनाव आयोग के वकील मनिंदर सिंह से फैसले के पीछे के तर्क को स्पष्ट करने का निर्देश दिया है। हालांकि सिंह ने कहा- पोलिंग सेंटर्स 2019 से वोटर्स की बढ़ी हुई संख्या को एडजस्ट कर रहे हैं। यह फैसला करने से पहले सभी राजनीतिक दलों से सलाह ली जाती है। अगली सुनवाई जनवरी 2025 में होगी। अगली सुनवाई से पहले याचिकाकर्ता को भी हलफनामे की एक कॉपी देने का निर्देश दिया। जस्टिस कुमार ने यह भी पूछा, "एक पोलिंग स्टेशन में कई पोलिंग बूथ हो सकते हैं, तो क्या यह नीति सिंगल पोलिंग बूथ पर भी लागू होगी?" इंदु प्रकाश सिंह की ओर से दायर याचिका में अगस्त 2024 में चुनाव आयोग की तरफ से जारी 2 फैसलों को चुनौती दी गई है। इसमें देश के हर पोलिंग सेंटर में वोटर्स की संख्या बढ़ाने की बात कही गई है। याचिका में सिंह ने तर्क दिया गया है कि हर पोलिंग स्टेशन में वोटर्स की संख्या बढ़ाने का निर्णय मनमाना था और किसी भी डेटा पर आधारित नहीं था।

**याचिका में किए गए दावे:** 2011 से जनगणना नहीं हुई है। इसलिए निर्वाचन आयोग के पास वोटर्स की संख्या 1200 से बढ़ाकर 1500 करने के लिए कोई नया डेटा नहीं है। लिमिट बढ़ाकर आयोग ने पोलिंग सेंटर्स की ऑपरेशन स्किल से समझौता किया है। इसके कारण वोटर्स का बूथ पर वेटिंग टाइम बढ़ सकता है। भीड़भाड़ हो सकती है और मतदाता थक सकते हैं। एक वोटर को वोटिंग में लगभग 60-90 सेकंड लगते हैं। वोटिंग आमतौर पर 11 घंटे तक चलती है, इसका मतलब है कि हर पोलिंग स्टेशन पर केवल 495-660 लोग ही वोट कर सकते हैं। 65.7% के औसत को देखते हुए, यह अनुमान लगाया जा सकता है कि 1000 वोटर्स के लिए तैयार एक पोलिंग सेंटर लगभग 650 वोटर्स को एडजस्ट कर सकता है। कुछ बूथ 85-90% के बीच भी है। अगर संख्या बढ़ती है तो लगभग 20% वोटर या तो वोटिंग टाइम खत्म होने के बाद भी लाइन में खड़े रहेंगे या फिर लंबे इंतजार के कारण अपने मताधिकार का प्रयोग करना छोड़ देंगे।

# ट्रम्प ने दो समधियों को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

**एजेंसी, वॉशिंगटन।**



अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अरब और मिडिल ईस्ट मामलों पर सलाहकार के पद पर अपने समधी मसाद बूलॉस को चुना है। मसाद, ट्रम्प की बेटी टिफनी के ससुर हैं। वे लेबनानी मूल के नागरिक हैं। ट्रम्प ने मसाद को ये अहम जिम्मेदारी देते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि वे एक काबिल बिजनेसमैन हैं। उन्होंने अरब अमेरिकी समुदाय के साथ संबंध कायम करने में अहम भूमिका निभाई है। गौरतलब है कि मसाद ने ट्रम्प के चुनाव अभियान के दौरान अरब अमेरिकी और मुस्लिम नेताओं से वोट हासिल करने के लिए दर्जनों बैठकें की थीं। स्विंग स्टेट मिशिगन में ट्रम्प को मिली जीत में मसाद का बड़ा योगदान था। गल्फ न्यूज के मुताबिक मसाद ने मिशिगन के 3 लाख मुस्लिम वोटरों को ट्रम्प को वोट दिलवाया। इससे पहले ट्रम्प ने शनिवार को अपने दूसरे समधी चार्ल्स कुशनर को फ्रांस में राजदूत के तौर पर नॉमिनेट करने की घोषणा की थी। चार्ल्स, ट्रम्प की बड़ी बेटी इवांका के ससुर हैं। लेबनान की राजनीति में गहरी पकड़ रखते हैं मसाद मसाद के बेटे माइकल से ट्रम्प की बेटी टिफनी की सगाई 2021 में व्हाइट हाउस में हुई थी। ट्रम्प इसके बाद राष्ट्रपति पद से हट गए थे। इसके बाद 2022 में दोनों की शादी हुई।

# यूपी के 5 हजार किसानों का दिल्ली मार्च, बैरिकेडिंग तोड़ी


**एजेंसी, नोएडा।**



यूपी के 5 हजार किसानों ने दिल्ली के लिए कूच कर दिया है। पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ दी। पुलिस ने किसानों को रोकने के लिए दिल्ली-यूपी को जोड़ने वाले चिल्ला बॉर्डर पर जगह-जगह बैरिकेडिंग की है। वज्र वाहन और RAF के जवान तैनात हैं। ड्रोन से निगरानी की जा रही है। वाहनों की चेकिंग के चलते 5 किलोमीटर लंबा जाम लगा है। नोएडा एक्सप्रेस-वे पहले दोनों तरफ से बंद हो गया, लेकिन बाद में एक लेन खोल दी गई। इससे पहले, दोपहर 12 बजे किसान नोएडा के महामाया फ्लाईओवर के पास इकट्ठा हुए। संसद का घेराव करने के दिल्ली की तरफ बढ़े तो पुलिस ने दलित प्रेरणा स्थल पर उन्हें रोक दिया। किसानों की पुलिस से नोकझोंक हो गई। 1 दिसंबर यानी कल किसानों ने अपनी 4 मांगों को लेकर नोएडा डीएम मनीष वर्मा और ग्रेटर नोएडा, यमुना, नोएडा अथॉरिटी के सीईओ के साथ बैठक की थी। 3 घंटे तक चली बैठक बेनतीजा साबित हुई थी। 1 साल पहले भी इन्हीं मांगों को लेकर किसान संगठनों ने दिल्ली कूच किया था। इस बार किसानों की अगुआई भारतीय किसान परिषद के सुखबीर खलीफा, भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पवन खटाना कर रहे हैं।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- जमानत मिलते ही आप मंत्री बन गए

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



**♦ कोर्ट देखेगी तमिलनाडु मिनिस्टर सेंथिल बालाजी की जमानत से गवाह दबाव में तो नहीं**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तमिलनाडु सरकार में मंत्री सेंथिल बालाजी को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा- ये जानकर हैरानी हुई कि सेंथिल बालाजी को कैश-फॉर-जॉब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जमानत मिलने के तुरंत बाद तमिलनाडु सरकार में मंत्री बना दिया गया। जस्टिस अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने कहा- हम जमानत देते हैं और अगले दिन आप जाकर मंत्री बन जाते हैं। ऐसे में सोचा जा सकता है कि सीनियर कैबिनेट मिनिस्टर के तौर पर आपके पद के कारण गवाह दबाव में होंगे। यह क्या हो रहा है? दरअसल, सुप्रीम कोर्ट उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उसने 26 सितंबर को सेंथिल बालाजी को जमानत दी थी। याचिका में कोर्ट से फैसला वापस लेने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि सेंथिल के मंत्री बनने से गवाह दबाव में होंगे। बेंच ने फैसला वापस लेने से इनकार किया, लेकिन कहा कि वो जांच के दायरे को इस तक सीमित रखेगी कि क्या गवाह दबाव में हैं। बेंच ने बालाजी के वकील से इस संबंध में निर्देश पाने का कहा है। मामले में अगली सुनवाई 13 दिसंबर के बाद होगी। 26 सितंबर को जमानत मिली थी, 28 को मंत्री बने साल 2011-16 के दौरान AIADMK शासन में बालाजी ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर थे।


सेंथिल का नाम नौकरी के बदले नकदी रिश्वत लेने के घोटाले में सामने आया था। इसके बाद वे दिसंबर 2018 में द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (DMK) में शामिल हुए थे। मई 2021 में DMK तमिलनाडु की सत्ता में आई। सेंथिल को ऊर्जा मंत्री बनाया गया था। 14 जून 2024 को ED ने मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में उन्हें गिरफ्तार किया। 29 जून को उन्हें मंत्रिपरिषद से बर्खास्त किया गया था। करीब तीन महीने बाद 26 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने शर्तों के साथ सेंथिल को जमानत दी थी। इसके दो दिन बाद ही 28 सितंबर को सेंथिल की फिर से तमिलनाडु सरकार में मंत्री के तौर पर वापसी हुई थी। वर्तमान में वे ऊर्जा, एक्साइज और उत्पाद मंत्रालय संभाल रहे हैं।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी



# डब्यूटीसी फाइनल के लिए भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका हैं प्रबल दावेदार

एजेंसी, नई दिल्ली




विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्यूटीसी) फाइनल के लिए भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका को प्रबल दावेदार माना जा रहा है। यहां तक कि यहां तक कि न्यूजीलैंड की टीम इंग्लैंड से हारकर भी फाइनल की रेस से पूरी तक बाहर नहीं हुई है। दौड़ में बने रहने उसे अपने बाकी बचे दो मैच जीतने होंगे। इसके अलावा उम्मीद करनी होगी कि भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया को 5 मैचों की सीरीज में 2-1 से हराए। दक्षिण अफ्रीका की टीम श्रीलंका को 2-0 और पाकिस्तान को 2-0 या 2-1 से हराए। फिर श्रीलंका की टीम ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हराए या सीरीज 1-1 से बराबर रहे। भारतीय टीम ने पिछली 2 सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया है। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने भी अपनी घरेलू धरती पर पाकिस्तान और श्रीलंका को कई बार हराया है। भारतीय टीम अगर ऑस्ट्रेलिया को 4-0 या 4-1 से सीरीज में हराए तो उसका फाइनल खेलना तय है। वहीं अगर भारत अगर 3-2 से सीरीज जीते तो उसके 58.77 अंक रहेंगे। ऐसा होने पर उसे चाहिये होगा कि ऑस्ट्रेलिया की टीम श्रीलंका से सीरीज ना जीते। भारतीय टीम अगर ऑस्ट्रेलिया से 3-2 या 2-1 से जीती तो दूसरी टीमों के प्रदर्शन से उसका फाइनल में पहुंचना तय होगा। वहीं यदि ऑस्ट्रेलिया की टीम यदि भारत को 3-1, 4-1 सर 4-0 से हराए और फिर श्रीलंका से भी सीरीज जीते तो फाइनल में पहुंचेगी।

यदि ऑस्ट्रेलिया की टीम भारत से 2-1 से जीते और फिर श्रीलंका को 2-0 से हराए तो भी फाइनल में पहुंच सकती है। इसके अलावा अगर ऑस्ट्रेलिया की टीम भारत से सीरीज हार जाए और उसके बाद श्रीलंका को 2-0 से हराए तो तो भी वह फाइनल में पहुंच जाएगी। दक्षिण अफ्रीका के डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने की संभावना सबसे अधिक है. उसके डब्ल्यूटीसी पॉइंट टेबल में 59.26 अंक (परसेंट) हैं। उसे अभी 3 मैच और खेलने हैं। उसके तीनों ही मैच घर पर हैं. इनमें से दो मैच जीतकर भी वह फाइनल के लिए क्वालीफाई कर सकता है। अगर श्रीलंका की टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज बराबर करा ले तो उसके 54.55 अंक (परसेंट) हो जाएंगे। अगर श्रीलंका की टीम इसके बाद ऑस्ट्रेलिया को अपने घरेलू सीरीज में दोनों मैच हरा दे तो वह 61.54 अंक (परसेंट) तक पहुंच सकती है, जो वह आसानी से फाइनल में पहुंच जाएगी। अगर भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया से 2-1 से सीरीज जीते तो उस पर फाइनल से बाहर होने का पूरा खतरा बना रहेगा। ऐसा होने पर भारत के 57.02 अंक (परसेंट) रहेंगे। ऑस्ट्रेलिया को भारत के बाद श्रीलंका में भी सीरीज खेलनी है। अगर ऑस्ट्रेलिया-श्रीलंका की सीरीज 1-1 से बराबर रहे तो वह बाहर हो जाएगी।

## भविष्य को देखते हुए वाशिंगटन सुंदर को तैयार कर रहा टीम प्रबंधन : हरभजन

एजेंसी, मुंबई





दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि टीम प्रबंधन अब भविष्य को देखते हुए स्पिन ऑलराउंडर के तौर पर वाशिंगटन सुंदर को तैयार करे। युवा वाशिंगटन सुंदर कोच को गौतम गंभीर भी पसंद करते हैं। हरभजन के अनुसार अभी तक आर अश्विन ने भारतीय टीम की ओर से शानदार प्रदर्शन किया है पर अब आने वाले समय को देखते हुए उनका विकल्प तैयार रखना होगा। अश्विन ने अपने करियर में भारत के लिए खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया है प अब उनकी उम्र बढ़ती जा रही है।

हरभजन ने कहा कि अब अश्विन 38 साल है इसलिए टीम प्रबंध्न वाशिंगटन सुंदर को को अवसर दे रहा है क्योंकि जब भी अश्विन संन्यास लेंगे तो वह उनके साथ होगा। टीम को लगता है कि उन्हें वाशिंगटन को तैयार करना है इसलिए मुझे लगता है कि वे उसी राह पर काम कर रहे हैं। भारतीय टीम अभी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 6 दिसंबर से शुरु होने वाले दिन-रात के दूसरे टेस्ट की तैयारी कर रही है। भारतीय टीम अपनी इसमें अपनी अंतिम 11 को लेकर संशय में है। टीम के नियमित कप्तान रोहित शर्मा वापस टीम से जुड़ चुके हैं। वहीं शुभमन गिल भी अंगूठे की चोट से उभरने के बाद वापसी कर रहे हैं। ऐसे में पहले टेस्ट की विजेता टीम से दो लोगों को बाहर रखन होगा।

## जुआन मार्टिन डेल पोत्रो ने विदाई मैच में नोवाक जोकोविच को हराने के बाद लिया संन्यास

एजेंसी, नई दिल्ली

जुआन मार्टिन डेल पोत्रो ने रविवार को अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में अपने घरेलू दर्शकों के सामने एक भावनात्मक प्रदर्शन मैच में नोवाक जोकोविच को 6-4, 7-5 से हराकर पेशेवर टेनिस से विदाई ली। 'द लास्ट चैलेंज' शीर्षक से यह प्रदर्शनी खचाखच भरे पार्क रोका स्टेडियम में आयोजित की गई। च के बाद 24 बार के मेजर चैंपियन जोकोविच ने कहा, "मैं किसी ऐसे व्यक्ति को नहीं जानता जो जुआन मार्टिन से प्यार न करता हो... जीवन में उनकी सबसे बड़ी जीत यह है कि वह एक बेहतरीन इंसान हैं।" पूर्व विश्व नंबर 3 डेल पोत्रो मैच के दौरान कई बार रो पड़े, जिसमें उनकी दोस्त और पूर्व टेनिस खिलाड़ी गैब्रिएला सबातिनी सहित कई हस्तियाँ मौजूद थीं। डेल पोत्रो 2009 में तब चर्चा में आए जब उस समय के इस किशोर ने सेमीफाइनल और फाइनल में क्रमशः राफेल नडाल और रोजर फेडरर को हराकर यूएस ओपन में अपना पहला मेजर खिताब जीता था। उन्होंने कुल 22 खिताब जीते, लेकिन कई चोटों के कारण अर्जेंटीना के इस खिलाड़ी ने अपने नाम पर और ग्रैंड स्लैम नहीं जोड़े। उन्होंने आखिरी बार दो साल पहले टूर-स्तरीय मैच खेला था। रविवार को 36 वर्षीय डेल पोत्रो ने अपने करियर के कुछ बेहतरीन पलों की समीक्षा एक विशाल स्क्रीन पर की, जिसमें 2012 में लंदन और 2016 में रियो डी जेनेरियो में जीते गए ओलंपिक पदक शामिल हैं। उन्होंने 2016 में अर्जेंटीना के साथ डेविस कप का खिताब भी जीता। अर्जेंटीना के एक शहर टंडिल से ताल्लुक रखने वाले डेल पोत्रो को न केवल फेडरर, नडाल, कार्लोस अल्काराज़ और गेल मोनफिल्स जैसे टेनिस खिलाड़ियों से बल्कि अर्जेंटीना के बास्केटबॉल के दिग्गज और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता इमानुएल गिनोबिली और विश्व कप विजेता अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कोलोनी से भी एक मार्मिक वीडियो संदेश मिला।



## डॉन ब्रैडमैन की भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया कैप की होगी नीलामी, कीमत 2 करोड़ रुपये के पार जाने की उम्मीद

एजेंसी, नई दिल्ली





ऑस्ट्रेलिया के महानतम बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन द्वारा पहनी गई टोपी मंगलवार को सिडनी में नीलाम की जाएगी, और इस फटी हुई "बैगी ग्रीन" टोपी के 260,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 2.2 करोड़ रुपये) तक में बिकने की उम्मीद है। ब्रैडमैन ने 1947-48 में भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान ऊनी टोपी पहनी थी, जो स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद विदेशी धरती पर दौरे करने वाली टीम का पहला टेस्ट मैच था।

नीलामी घर बोनहम्स के अनुसार, यह कैप ब्रैडमैन द्वारा अपनी सबसे शानदार श्रृंखला के दौरान पहनी गई "एकमात्र ज्ञात बैगी ग्रीन" थी। ब्रैडमैन ने भारत के खिलाफ छह पारियों में 178.75 की औसत से 715 रन बनाए, जिसमें तीन शतक और एक दोहरा शतक शामिल है। ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट क्रिकेटरों को गहरे हरे रंग की टोपी दी जाती है, जिसका खिलाड़ियों और प्रशंसकों द्वारा सम्मान किया जाता है। काफी हद तक फीका पड़ने, कीटों से नुकसान के निशान और फटी हुई चोटी के बावजूद, बोनहम्स को उम्मीद है कि यह टोपी 195,000 से 260,000 अमेरिकी डॉलर के बीच में बिकेगी। ब्रैडमैन ने 99.94 के सर्वकालिक उच्चतम टेस्ट बल्लेबाजी औसत के साथ संन्यास लिया। ब्रैडमैन द्वारा 1928 में अपने टेस्ट डेब्यू के दौरान पहनी गई एक अलग "बैगी ग्रीन" ने 2020 में 290,000 अमेरिकी डॉलर की बोली लगाई गई थी, क्रिकेट के दिग्गज की टोपी में से एक के लिए यह उस समय का रिकॉर्ड था।

लेकिन यह उस 650,000 अमेरिकी डॉलर से बहुत कम था, जो स्पिन लीजेंड शेन वार्न की बैगी ग्रीन के लिए चुकाई गई थी, जब उन्होंने उस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियाई बुशफ़ायर पीड़ितों की मदद के लिए इसे बिक्री के लिए रखा था। ब्रैडमैन का 2001 में 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया और वार्न का 2022 में 52 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

## वर्ष के सर्वश्रेष्ठ एथलीट चुने गए सिफान हसन और लेत्साइल टेबोगो

एजेंसी, नई दिल्ली





ओलंपिक चैंपियन सिफान हसन और लेत्साइल टेबोगो को क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ एथलीट घोषित किया गया है। इन दोनों को मोनाको में रविवार को आयोजित विश्व एथलेटिक्स पुरस्कार समारोह 2024 में प्रशंसकों द्वारा वोट के बाद रात शीर्ष सम्मान प्राप्त हुआ।

विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन कोए ने एक आधिकारिक बयान में कहा, "एथलेटिक्स के लिए शानदार साल के अंत में, हम अपने विश्व एथलीट्स ऑफ द ईयर की सूची का खुलासा करते हुए बहुत खुश हैं - एथलीटों का यह समूह हमारे खेल का सबसे बेहतरीन प्रतिनिधित्व करता है और इस साल इसने एथलेटिक प्रदर्शन के मामले में जो संभव है उसे फिर से परिभाषित किया है। हमारे 2024 के दल ने ऊंचाई, गति और दूरी के मामले में नए मानक स्थापित किए हैं, जिसमें छह विश्व रिकॉर्ड और उनके बीच कई ओलंपिक और राष्ट्रीय रिकॉर्ड शामिल हैं। मैं अपने सभी पुरस्कार विजेताओं और इन सम्मानों के लिए नामांकित सभी एथलीटों को बधाई देता हूं, और मैं उन्हें इस वर्ष अपने प्रदर्शन से हम सभी को प्रेरित करने के लिए धन्यवाद देता हूं।" वर्ष के सर्वश्रेष्ठ एथलीट हसन और टेबोगो दोनों ने पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में कई पदक जीते। पेरिस में डच स्टार हसन के पदकों की संख्या में सबसे ऊपर खेलों का अंतिम एथलेटिक्स स्वर्ण पदक था, जिसमें उन्होंने मैराथन में 2:22:55 समय के ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ जीत हासिल की। यह प्रदर्शन हसन द्वारा 10,000 मीटर में कांस्य पदक जीतने के मात्र 37 घंटे बाद और फ्रांस की राजधानी में 5000 मीटर में अपने पहले पदक - जो कांस्य भी था - के छह दिन बाद आया। परिणामस्वरूप, वह एक ही खेलों में 5000 मीटर, 10,000 मीटर और मैराथन में पदक जीतने वाली पहली महिला बनीं, और एमिल ज़ातोपेक के बाद पहली एथलीट बनीं, जिन्होंने 1952 में हेलसिंकी में सभी तीन पुरुष खिताब जीते थे। टेबोगो ने पेरिस में 200 मीटर जीतकर इतिहास भी रचा।

## आईएसयू स्पीड स्केटिंग विश्व कप : स्टोल्ज़ ने जीता चार स्वर्ण पदक

एजेंसी, बीजिंग

अमेरिकी प्रतिभाशाली जॉर्डन स्टोल्ज़ ने रविवार को यहां नेशनल स्पीड स्केटिंग ओवल में संपन्न आईएसयू स्पीड स्केटिंग विश्व कप में चार व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। पहले दो प्रतियोगिता दिनों में पुरुषों की 500 मीटर, 1,000 मीटर और 1,500 मीटर प्रतियोगिताओं के बाद तीन स्वर्ण पदक जीतने वाले स्टोल्ज़ ने दूसरी 500 मीटर दौड़ में 34.39 सेकंड का समय लेकर "आइस रिबन" में अपना चौथा स्वर्ण जीता। शुक्रवार को पहली दौड़ में दूसरे स्थान पर रहे नीदरलैंड के जेनिंग डी बू ने 0.08 सेकंड पीछे रहकर एक और रजत पदक अपने नाम किया, जबकि दक्षिण कोरिया के किम जुन-हो 34.67 सेकंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। 20 वर्षीय स्टोल्ज़ ने सिन्हुआ से कहा, "मैं यह जीत हासिल करके और पहले दो विश्व कप में जीत का सिलसिला जारी रखकर बहुत खुश हूँ।" उन्होंने पिछले सप्ताहांत जापान के नागानो में सीज़न-ओपनिंग विश्व कप में चार स्वर्ण पदक भी जीते थे। रविवार की जीत ने पिछले सीज़न से लेकर अब तक लगातार 12 विश्व कप जीत के उनके रिकॉर्ड को आगे बढ़ाया और अमेरिकी खिलाड़ी अभी भी और जीत की तलाश में है। उन्होंने कहा, "मैं थोड़ा और तेज़ होता जाऊँगा, उम्मीद है कि अगले कुछ विश्व कप में मैं और जीतने की कोशिश कर सकूँगा। लेकिन अगर मैं एक या दो हार जाता हूँ, तो कोई बात नहीं।" इस सीज़न में अपने लक्ष्य को लेकर स्टोल्ज़ ने कहा, "मैं पिछले दो बार जीते गए तीन खिताबों का बचाव करना चाहूँगा। उम्मीद है कि मैं तीसरी बार ऐसा कर पाऊँगा और मैंने कभी भी समग्र विश्व कप अंक नहीं जीते हैं।



## प्रो कबड्डी लीग: पीकेएल इतिहास में 1500 रेड पॉइंट तक पहुंचने वाले दूसरे खिलाड़ी बने मनिंदर सिंह

एजेंसी, नई दिल्ली



बंगाल वॉरियर्स के मनिंदर सिंह रविवार को प्रो कबड्डी लीग के इतिहास में 1500 रेड पॉइंट का आंकड़ा पार करने वाले परदीप नरवाल के बाद दूसरे खिलाड़ी बन गए। उन्होंने यह उपलब्धि पटना पाइरेट्स के खिलाफ मुकाबले के दौरान हासिल की। हालांकि उनकी टीम को इस मुकाबले में 35-38 से हार का सामना करना पड़ा।

उन्होंने यह मील का पत्थर तब पार किया जब उन्होंने पाइरेट्स के पक्ष में 31-37 के स्कोर के साथ बोनस हासिल किया। मनिंदर ने मैच में अपना सुपर 10 भी पूरा किया, जिससे उनकी टीम को पाइरेट्स से अंतर कम करने में मदद मिली, लेकिन यह पर्याप्त नहीं था, क्योंकि तीन बार के पीकेएल चैंपियन ने तीन अंकों के मामूली अंतर से जीत हासिल की। दूसरी ओर, नरवाल ने 2022 में यूपी योद्धा के साथ गुजरात जायंट्स के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की थी। नरवाल 1758 अंकों के साथ ऑल-टाइम रेड पॉइंट चार्ट में शीर्ष पर हैं, इसके बाद मनिंदर 1503 के साथ दूसरे, पवन सहरावत 1281 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। इसके बाद अर्जुन देशवाल (1109) और नवीन कुमार (1058) हैं। अंकों के साथ बाद और तीसरे स्थान पर हैं।

## पीकेएल-11 : पटना पाइरेट्स ने बंगाल वारियर्स को 3 अंक से हराया, प्वाइंट टेबल में दूसरा स्थान हासिल किया

एजेंसी, नोएडा

देवांक (13) और अयान (8) के शानदार खेल की बदौलत तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेटस ने नोएडा इंडोर स्टेडियम में रविवार रात खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 88वें मैच में बंगाल वारियर्स को 38-35 से हराकर अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। पटना को 15 मैचों में नौवीं जीत मिली है। देवांक और अयान के अलावा उसके लिए दीपक ने पांच और अंकित ने तीन अंक जुटाए जबकि बंगाल के लिए स्टार रेडर मनिंदर सिंह ने सुपर-10 लगाया। नितिन ने भी 6 अंक लिए जबकि डिफेंस से सागर ने चार अंक बनाए। बंगाल ने मनिंदर के शानदार रेड्स की बदौलत शुरुआती चार मिनट में 5-4 की लीड बना ली थी लेकिन मयूर कदम को आउट कर देवांक ने स्कोर 5-5 कर दिया और फिर अंकित ने मनिंदर को लपक पटना को 6-5 से आगे कर दिया। इसके बाद दोनों टीमों को 2-2 अंक मिले और फिर फजल ने अयान का शिकार कर 8वें मिनट में स्कोर 8-8 कर दिया।



देवांक ने हालांकि फजल को आउट कर अपने साथी का हिसाब बराबर किया और फिर रिवाइव होकर आए अयान ने सिद्देश को आउट कर 10वें मिनट की समाप्ति तक पटना को 11-9 से आगे कर दिया। अब बंगाल के लिए सुपर टैकल आन था लेकिन प्रणय ने दो अंक की रेड के साथ न सिर्फ इस स्थिति को टाला बल्कि स्कोर भी 11-11 कर दिया। फिर सागर ने देवांक को टैकल कर बंगाल को लीड दिला दी। हालांकि पटना ने फिर स्कोर 13-13 से बराबर कर लिया। सिद्देश ने हालांकि सुधाकर को आउट कर पटना के लिए सुपर टैकल आन कर दिया। शुभम ने मनिंदर को डू ओर डाई रेड पर मनिंदर को लपक इसका फायदा उठाया और पटना को 15-14 से आगे कर दिया। बंगाल ने इसके बाद फासला 1 का किया लेकिन देवांक ने मल्टी प्वाइंट रेड के साथ हाफटाइम तक पटना को 19-15 से आगे कर दिया। फिर देवांक ने हाफटाइम के बाद सुपर रेड के साथ 22-17 किया और बंगाल को आलआउट की ओर धकेल दिया। और फिर इसे अंजाम देकर 27-18 की लीड ले ली। आलइन के बाद पटना ने 2 के मुकाबले 3 अंक लेकर 10 अंक का फासला बनाए रखा। और फिर इसे 11 तक पहुंचाते हुए बंगाल को सुपर टैकल सिचुएशन में डाल दिया। सागर ने हालांकि देवांक को सुपर टैकल कर फासला थोड़ा कम किया। फिर फजल ने देवांक का सुपर टैकल कर 30 मिनट की समाप्ति तक स्कोर 25-33 कर दिया। बंगाल की टीम सुपर टैकल के दम पर मैच में बनी हुई थी। मयूर ने अयान के खिलाफ एक और सुपर टैकल के साथ स्कोर 27-34 किया और फिर विश्वास ने अकरम और दीपक को बाहर कर फासला 5 का कर दिया। पटना ने हालांकि 8 अंक की लीड के साथ अपनी स्थिति मजबूत की। यहां से पटना की जीत तय लग रही थी। मनिंदर और सागर ने हालांकि इसके बाद कुछ अंक लेकर फासला 3 का किया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और बंगाल अपना हार का सिलसिला नहीं तोड़ सकी और सीजन की नौवीं हार को मजबूर हुई।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, मंगलवार, 03 दिसंबर, 2024





# शादी से पहले त्वचा और बालों की करें देखभाल

शादी के लिए परिधान और आभूषणों की तैयारियों के साथ-साथ ज़रूरी है अपनी त्वचा को भी तैयार करना। शादी वाले दिन दमकता चेहरा दुल्हन की पहचान होता है। इसीलिए, इस ख़ास अवसर के लिए अपने चेहरे को भी तैयार कर लें इन ख़ास घरेलू उपायों से।

### उबटन से आए निखार

- 4-5 बादाम, 1-2 छोटे चम्मच मसूर दाल और चिरौंजी को बारीक पीसकर पाउडर बना लें। थोड़े-से पाउडर को दूध में रातभर के लिए भिगो दें। अगले दिन इस पेस्ट को पूरे चेहरे और गर्दन पर लगाएं। जब यह सूख जाए तो ठंडे पानी से धो लें।
- 1 बड़ा चम्मच बेसन, 1 छोटा चम्मच नींबू का रस, 1 छोटा चम्मच दही और थोड़ा-सा गुलाबजल मिलाकर चेहरे पर लगाएं। 15-20 मिनट के बाद धो लें।

### हाथ-पैर भी दमकाएं

- 2 छोटे चम्मच नींबू के रस में 1 छोटा चम्मच पिसी शक्कर मिलाएं। इसे हाथ-पैर पर लगाएं। जब सूख जाए तो बेसन का उबटन लगाकर साफ़ करें।
- आलू का रस निकाल लें। इसे पूरे पैर और हाथों पर 10 मिनट लगाएं और धो लें। आलू में प्राकृतिक ब्लीच होता है जिससे त्वचा की टैनिंग साफ़ हो सकती है। खूबसूरती बढ़ाने के लिए शादी के एक सप्ताह पहले पेडीक्योर और मैनीक्योर करना न भूलें।

### बालों की देखभाल

- एलोवेरा जैल व कैस्टर ऑयल को मिलाकर बालों व जड़ों में लगाएं। 20-30 मिनट बाद शैम्पू कर लें। इसे हफ्ते में 1-2 बार करें।
- 2 केलों को मसल लें। इसमें कप शहद और कप ऑलिव या कैस्टर ऑयल अच्छी तरह से मिलाएं। इसे बालों और जड़ों में लगाएं। 20-30 मिनट बाद शैम्पू से धो लें। इसे हफ्ते में एक बार करें।
- 1 अंडे का सफ़ेद भाग, 2 बड़े चम्मच नारियल तेल, कप दूध, 1 नींबू का रस और 1 बड़ा चम्मच शहद मिलाएं। इसे बालों पर लगाएं और 30 मिनट के बाद शैम्पू से धो लें।

### नींद लें व धूप से बचें

- नींद की कमी और थकान आपके चेहरे और निखार के लिए ठीक नहीं। 7-8 घंटे की भरपूर नींद से आंखों की थकावट, फूलापन और काले घेरे छुपेंगे। निखार और ताज़गी भी मिलेगी। वहीं, धूप में जाने से बचें और बाहर निकलते वक़्त शरीर को ढककर रखें।



हम एक परिवार में रहते हैं। जब किसी एक सदस्य को तनाव होता है तो परिवार में शामिल सभी लोगों को इसका पता चल जाता है। आख़िर घर के हर व्यक्ति के रंग-ढंग से सब परिचित होते हैं। समझने लायक़ यह है कि अक्सर परेशान व्यक्ति बात करने या समस्या की जड़ तक पहुंचने में असफल रहता है। तनावग्रस्त व्यक्ति का व्यवहार अजीब हो जाता है। ऐसे में, घर-परिवार व दोस्त अगर शिकायत करने लगें कि इस व्यक्ति के व्यवहार के कारण हमें परेशानी हो रही है, तो यह अपनी ज़िम्मेदारी से भागना कहा जाएगा।

# परिवार में तनाव का असर खुद पर न पड़ने दें

हम सबके पास समस्याओं की एक विस्तृत सूची है। किसी की आय ज़रूरत से कम है, तो किसी को भविष्य के लिए बचत के रास्ते नहीं सूझ रहे, कोई किसी बीमारी का तनाव पाले है, तो कहीं पढ़ाई के बोझ से दबे बच्चे अपने भविष्य और अभिभावकों के सपनों को पूरा करने को लेकर चिंतित हैं। हम एक परिवार में रहते हैं। जब किसी एक सदस्य को तनाव होता है तो परिवार में शामिल सभी लोगों को इसका पता चल जाता है। आख़िर घर के हर व्यक्ति के रंग-ढंग से सब परिचित होते हैं। समझने लायक़ यह है कि अक्सर परेशान व्यक्ति बात करने या समस्या की जड़ तक पहुंचने में असफल रहता है। तनावग्रस्त व्यक्ति का व्यवहार अजीब हो जाता है। ऐसे में, घर-परिवार व दोस्त अगर शिकायत करने लगें कि इस व्यक्ति के व्यवहार के कारण हमें परेशानी हो रही है, तो यह अपनी ज़िम्मेदारी से भागना कहा जाएगा। अगर कोई क़रीबी व्यक्ति तनाव में है तो उसके व्यवहार पर हंगामा करके माहौल को तनावग्रस्त करने के बजाय, इस स्थिति से घर-परिवेश को बचाना चाहिए।

## व्यक्ति तनाव में है ऐसे समझें...

**चिड़चिड़ाना...** जब कोई व्यक्ति तनाव में होगा तो वो छोटी-छोटी बातों पर चिढ़ जाएगा। उसे हर बात बुरी लगेगी और उसका व्यवहार रूखा होगा।

**काम प्रभावित होगा...** प्रदर्शन में एकदम से बदलाव आता है। स्कूल, दफ़्तर या घर के काम पर असर पड़ने लगता है। व्यवहार को लेकर नई चुनौतियां उत्पन्न होती हैं, लोगों से संबंध ख़राब होने लगते हैं।

**अकेलापन...** प्रभावित व्यक्ति गुमसुम भी हो सकता है। हो सकता है, लोगों से दूर रहने लगे। बात करने से कतराए। शून्य में ताकते हुए अलग-थलग रहना पसंद करे।

**स्वास्थ्य पर असर...** तनाव के कारण व्यक्ति की ऊर्जा कम होने लगती है और वह हमेशा बीमार रहता है। वह शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहने लगता है।

**झगड़ा होगा...** किसी विषय को लेकर झगड़ा हो सकता है। उदाहरण के लिए, अगर आपने पीड़ित शख़्स का कोई सामान इस्तेमाल कर लिया तो वो उस पर झगड़ना शुरू कर देगा। इससे परिवार के सदस्यों के बीच स्थायी झगड़ा या मनमुटाव हो सकता है।

## बात करना ही एकमात्र हल है

अगर परिवार में किसी सदस्य का व्यवहार एकाएक रूखा या गुमसुम-सा हो गया है तो उस पर नाराज़ होने के बजाय उससे बात करें। उसे कहां समस्या है और वो क्या सोच रहा है, जानने की कोशिश करें। उसे विश्वास दिलाना सबसे ज़्यादा ज़रूरी है कि उसकी परेशानी का सबको अहसास है और सब उसकी मदद करना चाहते हैं।

## बात को गंभीरता से लें

अगर शख़्स आपके पूछने पर अपनी समस्या बताता है तो हो सकता है आपको वह तनाव लेने वाली बात न लगे। अगर आप उसको सुनकर कहते हैं कि 'यह भी कोई तनाव लेने वाली बात है!' तो उसे लगेगा कि आप उसकी भावनाओं को समझ नहीं पा रहे हैं। शायद आपके लिए वह समस्या उतनी बड़ी नहीं होगी, लेकिन ऐसा जताने के बजाय उसे इस मुश्किल से निकलने में मदद करें। उसके साथ हल ढूंढें।

## आप हैं, विश्वास दिलाएं

किसी व्यक्ति को तनाव से निकालने के लिए उसे विश्वास दिलाना ज़रूरी है कि आप उसे सुन रहे हैं और उसकी समस्या को हल भी करेंगे। एक बार विश्वास होने पर वो आप से खुलकर बात कर सकेगा। परिवार का माहौल भी ऐसा ही होना चाहिए कि गर किसी को समस्या है तो वो बेझिझक अपनी बात रख सके।

## बातों को नजरअंदाज न करें

अगर व्यक्ति अपनी समस्या आपको बताता है और आप उसे सुनकर नज़रअंदाज़ करते हैं तब भी आप उसका विश्वास खो देते हैं। उसे लगेगा कि जो लोग उसकी समस्या सुन नहीं सकते वो उसका हल भी नहीं निकालेंगे। यह स्थिति, ऐसी सोच ख़तरनाक नतीजों तक भी ले जा सकती है। व्यक्ति अवसादग्रस्त हो सकता है।

## अपने तनाव को साथ लेकर न चलें

कई बार परिवार में तनाव इसलिए भी बढ़ जाता है, क्योंकि हम बाहर का तनाव घर में और घर का तनाव बाहर लेकर जाते हैं। इससे परिवार और दोस्तों, सबसे दूरियां बढ़ने लगती हैं।

## असर जो दिखता है

व्यक्ति बेचैन रहता है, बेवजह गुस्सा करने लगता है, अचानक चुप हो जाता है, उसे लोगों से मिलना अच्छा नहीं लगता, वो थका-सा महसूस करता है, जल्दी-जल्दी बीमार पड़ने लगता है आदि।

## मन पर असर

नींद का कम होना, ध्यान भटकना, नकारात्मक विचारों पर लगाम लगाने में मुश्किल, हरदम खोया-खोया रहना, चिंता की इंतहा, ख़ुश न हो पाना, मुस्कान तक कम हो जाना आदि।





# ओवरथिंकिंग से कैसे बचें?

सवाल में ही परिस्थिति का असली रूप छुपा है। मन में अनगिनत विचार आने का अर्थ है कि व्यक्ति उस लम्हे निष्क्रिय है। वो कोई कार्य नहीं कर रहा है, ऐसा कार्य जिसमें मस्तिष्क या पूरा ध्यान लगाना ज़रूरी हो। हम ज़रूरत से ज़्यादा कब सोचते हैं, तब जब सोचते ही रहने का अवकाश ख़ुद को देते हैं। इस प्रक्रिया में हम जाते क्यों और कैसे हैं, आइए समझते हैं। जब किसी मुद्दे या विषय पर बहुत ज़्यादा सोचने लगें और नतीजे पर पहुंचना मुश्किल लग रहा हो, या ऐसी स्थिति पर विचार करें कि जिसका तुरंत कोई निदान संभव न हो, तो हमें लगता है कि हम उलझ गए हैं। सोचना ज़रूरी है मंथन करने के लिए, लेकिन केवल सोचते रहने के लिए नहीं।

सेल्फ़ हेल्प किताबों के मशहूर लेखक जॉन मैक्सवेल का कथन है, 'हमारा जीवन महज़ दस प्रतिशत वो है, जो हमारे साथ घटता है और नब्बे प्रतिशत वो है, जिस तरह हम इन घटनाओं का सामना करते हैं।' जो हो रहा है, उसका जिस तरह सामना करेंगे से अर्थ है कि उसको जैसा प्रतिसाद देंगे, वह है हमारा असली जीवन और उसका स्वरूप। जब नब्बे प्रतिशत पर हमारा नियंत्रण होता है, तो मानकर चलिए कि जीवन को संभालने का गुर हमें आता है।

## प्रतिसाद और प्रतिक्रिया

परिस्थितियां सदा पक्ष में नहीं रहतीं। ज़िंदगी नर्म-गर्म चलती रहती है। कभी कुछ अच्छा होता है, तो कभी मन का नहीं भी होता है। ऐसे में शिकायत करना, समय, भाग्य या किसी इंसान पर दोषारोपण करते रहना ही प्रतिक्रिया देना है, जिसका साफ़-साफ़ मतलब है कि आपकी ख़ुशियों की चाबी किसी और के हाथ में है- चाहे इंसान, चाहे परिस्थितियां। अब सवाल उठ सकता है कि परिस्थिति को क्या प्रतिसाद दें? यह स्मरण रखें कि कुछ करने का विकल्प हमेशा आपके पास है। परिवर्तन और दिक़्क़तें तो आएंगी ही, लेकिन उनके सामने लचीला रवैया, हल ढूंढने वाली सोच और उबरकर बाहर आ जाने वाला हौसला रखें, तो हालात की मुश्किलें रोड़ा नहीं बनेंगी।

## सोचते रहने से क्या होगा?

बस पूरी भरी है, तब भी जाना तो है। गर्मी की, धूप की, भीड़ या जगह की कमी की शिकायत करने से यात्रा भली नहीं होगी। यह तो ऐसा हुआ जैसे अपनी यात्रा और गंतव्य का ज़िम्मा आपने भीड़ और मौसम के हाथों सौंप दिया हो और ख़ुद को निर्बल कर लिया हो। आप बस में चढ़िए, धीरे-धीरे स्थान भी मिल जाएगा और खिड़की से आती हवा की ताज़गी भी। केवल सोचते रह जाते, तो बस भी छूटती और लक्ष्य भी।

## क्रिया महत्वपूर्ण है

मन में ढेर सारे विचार आने से बचने का तरीक़ा है कि मन को इस लम्हे यानी वर्तमान में ले आएं। कुछ काम करने लगें, जिसमें ध्यान लगे। अगर किसी समस्या के बारे में सोच रहे हैं, तो उसके समाधान को लेकर काम करने लगें। जो विचार सोच में डरा रहे होंगे या नतीजे पर पहुंचने से रोक रहे होंगे, वो क्रियाशील होते ही अपने डर के अंधेरों से बाहर आ जाएंगे। अति में सोचने, केवल सोचते रहने, चिंता करने या आशंकित रहने से जीवन थमा रहेगा। अगर कहीं पहुंचने की फ़िक्र है, तो चलिए। सोचते मत रहिए।



शादी-ब्याह में भेंट दूल्हा-दुल्हन के लिए स्नेह और आशीर्वाद का रूप होती है। इसलिए उपहार ऐसा होना चाहिए जो ज़रूरत पड़ने पर उनके भविष्य में काम आए। कोई वस्तु भेंट करने के बजाय धन या क़ीमती धातुएं देंगे तो वे इसका सही समय पर सही उपयोग कर पाएंगे। यहां हमारा मतलब नक़दी या ज़ेवरात से नहीं है, आशय धन के रूप में उपहार से है।

# नवविवाहित जोड़े को भेंट करें ऐसे उपहार

## गोल्ड/सिल्वर ईटीएफ

विवाह के अवसर पर सोने-चांदी के आभूषण भी भेंट किए जाते हैं और इसे शुभता के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। लेकिन इसमें समस्या यह है कि आवश्यकता होने पर यदि आभूषणों को बेचा जाए, तो निर्माण लागत की कटौती कर ली जाती है। दूसरी समस्या आभूषणों के सुरक्षित रख-रखाव की भी है। इसीलिए, गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ उचित विकल्प हो सकते हैं। ईटीएफ, एक प्रकार के म्यूचुअल फंड हैं, जिन्हें किसी भी अन्य शेयर की तरह ही स्टॉक एक्सचेंज पर उस समय पर प्रचलित बाज़ार भाव पर ख़रीदा और बेचा जा सकता है। आजकल गोल्ड ईटीएफ का बाज़ार मूल्य लगभग 51 रुपये प्रति यूनिट है। आप अपनी आवश्यकता के अनुसार न्यूनतम 1 यूनिट भी ख़रीद सकते हैं, यूनिट ख़रीदने की कोई अधिकतम सीमा नहीं है।

## गोल्ड बॉन्ड

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड, भारत सरकार की ओर से भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किए जाते हैं। बैंक शाखाओं, स्टॉक ब्रोकर्स और रिज़र्व बैंक के सीधे रीटेल पोर्टल पर एक निश्चित अवधि में बेचने के लिए उपलब्ध होते हैं। गोल्ड बॉन्ड 8 वर्ष के लिए जारी किए जाते हैं। उन पर प्रति वर्ष 2.5 फ़ीसदी की दर से ब्याज दिया जाता है। निवेश की अवधि पूरी होने पर उस समय प्रचलित सोने के बाज़ार मूल्य के आधार पर आपके निवेश का भुगतान कर दिया जाता है। ऑनलाइन ख़रीद पर 50 रुपये प्रतिग्राम की छूट भी मिलती है। इन्हें स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट कराया जाता है, जहां आप 5 वर्ष के बाद उन्हें बेच सकते हैं। इसके अतिरिक्त, आप रिज़र्व बैंक द्वारा केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से जारी बॉन्डों के विषय में भी विचार कर सकते हैं।

## म्यूचुअल फंड यूनिट

नवविवाहित जोड़े को म्यूचुअल फंड यूनिट की भेंट देने पर भी आप विचार कर सकते हैं। वैसे तो अनेक प्रकार के फंड उपलब्ध हैं, लेकिन फ्लेक्सी फंड अथवा मल्टी कैप फंड में निवेश कर छोटी, मझोली और बड़ी, यानी तीनों प्रकार की कंपनियों में निवेश का लाभ लिया जा सकता है। न्यूनतम 100 रुपये का भी निवेश किया जा सकता है।

## सेंसेक्स/निफ्टी ईटीएफ

इंडेक्स ईटीएफ, नवविवाहितों को देने के लिए आकर्षक उपहार हो सकते हैं। सेंसेक्स ईटीएफ सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों और निफ्टी ईटीएफ, निफ्टी 50 इंडेक्स में शामिल 50 कंपनियों के बाज़ार भाव को व्यक्त करते हैं। मान लीजिए आज सेंसेक्स ईटीएफ प्रति यूनिट लगभग 722 रुपये और निफ्टी ईटीएफ लगभग 213 रुपये पर उपलब्ध हैं। आप न्यूनतम 1 यूनिट भी ख़रीद सकते हैं। इसके लिए डीमैट खाता होना ज़रूरी है।

## संयुक्त बैंक खाता

अगर नवविवाहित जोड़ा आपके बहुत क़रीबी है तो पति-पत्नी के संयुक्त नाम से बैंक खाता खुलवा देना भी एक अच्छा उपहार हो सकता है। इसी प्रकार आप उनके नाम से बैंक में फिक्स्ड डिपॉज़िट भी कर सकते हैं।

## टर्म व हेल्थ इंश्योरेंस

नवविवाहित युगल को जीवन बीमा सुरक्षा भी भेंट कर सकते हैं। आप उन्हें एक वर्ष का टर्म इंश्योरेंस ख़रीदकर दे सकते हैं। इसमें ख़र्च भी अधिक नहीं है। इसके अलावा, एक फैमिली फ्लोटर हेल्थ इंश्योरेंस प्लान भी दे सकते हैं। ये ऑनलाइन पोर्टल से ख़रीदे जा सकते हैं। वर-वधू को यह जानकर अच्छा लगेगा कि आपको उनकी चिंता है।

## डीमैट खाता

आजकल शेयर, बीमा पॉलिसी, ईटीएफ और म्यूचुअल फंड यूनिट आदि के लिए डीमैट खाता अनिवार्य हो गया है। नवविवाहित जोड़े के नाम से एक डीमैट खाता खुलवाकर भेंट कर सकते हैं।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, मंगलवार, 03 दिसंबर, 2024





# राम चरण की फिल्म आरसी16 में हुई दिव्येंदु की एंट्री

तेलुगु सुपरस्टार राम चरण अपनी आगामी फिल्म आरसी16 (अस्थाई नाम) को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में जान्हवी कपूर के नजर आने की चर्चा बीते कुछ समय से काफी ज्यादा चल रही थी। इस बीच इस फिल्म में अब एक और सितारे की एंट्री हो गई है। वेब सीरीज मिर्जापुर में मुन्ना भैया का किरदार निभाने वाले दिव्येंदु अब राम चरण के साथ पर्दे पर नजर आने वाले हैं।

### फिल्म में हुई मुन्ना भैया की एंट्री

हाल ही में निर्माताओं ने सोशल मीडिया के जरिए इस बात की जानकारी फैंस के साथ साझा की है। वृद्धि सिनेमाज के आधिकारिक एक्स पेज पर दिव्येंदु के फिल्म में काम करने की पुष्टि की गई है। साथ ही, निर्माताओं ने यह भी जानकारी दी है कि फिल्म में उनके लिए खास तरह का किरदार तैयार किया गया है।

### निर्माताओं ने दी जानकारी

इस एक्स पोस्ट में दिव्येंदु खतरनाक लुक में नजर आ रहे हैं। अभिनेता के फोटो के साथ पोस्ट में लिखा है, हमारे पसंदीदा मुन्ना भैया, उनके लिए खास तौर पर तैयार की गई शानदार भूमिका में बड़े पर्दे पर छाएंगे। इस पोस्ट पर लोग काफी ज्यादा उत्साहित नजर आए और उन्होंने दिव्येंदु को राम चरण के साथ पर्दे पर देखने की अपनी उत्सुकता व्यक्त की।
निर्देशक ने किया खास अंदाज में स्वागत
फिल्म के निर्देशक बुची बाबू सना ने भी फिल्म में उनकी एंट्री पर खुशी जताई है। उन्होंने एक्स पर लिखा, हमारे और आपके भैया....मुन्ना भैया...फिल्म में आपका स्वागत है...आइए धमाल मचाते हैं।

### स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है आरसी 16

आरसी 16 की बात करें तो इसे एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म माना जा रहा है। हाल ही में मैसूर जाते हुए राम चरण की एक तस्वीर भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। कथित तौर पर आरसी 16 की शूटिंग 22 नवंबर को मैसूर में शुरू हुई थी। फिल्म में एआर रहमान का संगीत लोगों को सुनने को मिलेगा। बुची बाबू सना रंगस्थलम और उप्पेना जैसी शानदार फिल्में लिख चुके हैं। यही वजह है कि फैंस को उनकी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है।



# पति पत्नी और वो 2 में नजर आ सकती हैं रवीना टंडन



कार्तिक आर्यन, भूमि पेडनेकर का आक आमच्या पांडे की फिर पति पत्नी और वो को दर्शकों का खूब प्यार मिला। यह फिल्म 6 दिसंबर 2019 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 86.89 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार किया था। पति पत्नी और वो के सीक्वल का ऐलान पहले ही हो चुका है। अब खबर आ रही है कि फिल्म की स्टार कास्ट में रवीना टंडन भी शामिल हो सकती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक... पति पत्नी और वो 2 में मुख्य भूमिका निभाने लिए निर्माताओं ने रवीना से संपर्क किया है। फिल्म के निर्देशक मुदस्सर अजीज और रवीना के बीच बातचीत जारी है। इस फिल्म में रवीना एक बोल्ड महिला का किरदार निभाएंगी, जो कार्तिक के जिंदगी में उलझन पैदा करती है। यह कार्तिक और रवीना के बीच पहला सहयोग होने वाला है। फिलहाल इस खबर की ऑफिशियल पुष्टि होना बाकी है। पति पत्नी और वो 2 की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। कहा जा रहा है कि अगले साल की शुरुआत में फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी।




# छावा की बदली रिलीज डेट

## पुष्पा 2 - द रूल से नहीं होगा क्लैश

विक्की कौशल की फिल्म छावा की रिलीज डेट बदल गई है। दिलचस्प है कि मेकर्स ने यह फैसला तब लिया है, जब हफ्ते भार बाद ही यह सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली थी। छत्रपति संभाजी महाराज पर बनी छावा पहले 6 दिसंबर 2024 को रिलीज होने वाली थी। बॉक्स ऑफिस पर इसकी टक्कर अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2- द रूल से होने वाली थी। लेकिन अब फिल्म को एक महीने के लिए टाल दिया गया है। मेकर्स ने घोषणा की है छावा अब 14 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में आएगी। वैसे, दिलचस्प यह है भी है कि रिलीज की यह नई तारीख विशेष महत्व रखती है, क्योंकि 19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती है। लक्ष्मण उतेकर के डायरेक्शन में बनी छावा में विक्की कौशल मराठा योद्धा-राजा छत्रपति संभाजी की भूमिका निभाएंगे। छावा में विक्की कौशल के अलावा अक्षय खन्ना ने औरंगजेब का किरदार निभाया है। फिल्म में रश्मिका मंदाना, आशुतोष राणा, दिव्या दत्ता, नील भूपालम और संतोष जुवेकर भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले इसका निर्माण हुआ है।



# आप जैसा कोई है होगा माधवन-फातिमा की फिल्म का नाम

भारतीय सिनेमा के जाने-माने फिल्म निर्माता और निदेर्शक करण भाजन दिनों अपनी अगली फिल्म की तैयारियों में जुटे हुए हैं। खास बात यह है कि इस फिल्म में आर माधवन और फातिमा सना शेख की जोड़ी नजर आएगी। यह पहला मौका है, जब दोनों कलाकार परदे पर साथ नजर आने वाले हैं। अब माधवन और फातिमा की फिल्म के शीर्षक से परदा उठ गया है। यह एक रोमांटिक फिल्म होने वाली है। पिछले काफी समय से खबर आ रही थी कि माधवन और फातिमा की फिल्म का नाम ठरकी रखा गया है, लेकिन इन खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। रिपोर्ट्स के अनुसार... माधवन और फातिमा की फिल्म का नाम ठरकी नहीं, बल्कि आप जैसा कोई है है, जिसके निर्देशन की करण ने विवेक सोनी को सौंपी है। राधिका आनंद और जहान हांडा ने इस फिल्मी कहानी लिखी है। यह फिल्म एक लव स्टोरी के इर्द-गिर्द बुनी गई है। हालांकि यह प्रेम कहानी थोड़ा हटके होगी। माधवन फिल्म में एक उम्रदराज आदमी के किरदार में होंगे, वहीं फातिमा एक युवा लड़की की भूमिका में होंगी। फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। धर्मा प्रोडक्शंस का नेटफ्लिक्स से गहरा नाता रहा है।

# पुष्पा 2 के लिए उत्साहित हैं रश्मिका मंदाना

**अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने गुरुवार को इफ्फी गोवा के 55वें संस्करण में पुष्पा 2 फिल्म को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि फिल्म का सीक्वल गुरुवार को रिलीज होने वाला है। फिल्म पुष्पा- द राइज काफी भावुक करने वाली कहानी रही है।**

पुष्पा 2- द रूल में तेलुगू सुपरस्टार अल्लू अर्जुन नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का सेट रश्मिका के लिए घर की तरह ही था। उन्होंने कहा, फिल्म की शूटिंग खत्म होने के बाद वे थोड़ी परेशान हो गईं थीं। फिल्म के दूसरे हिस्से की रिलीज को लेकर रश्मिका बहुत ही उत्साहित हैं।
5 दिसंबर को रिलीज होने वाली है पुष्पा 2 फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 5 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। फिल्म का निर्देशन सुकुमार ने किया। फिल्म में रश्मिका मंदाना और फहाद फाजिल भी नजर आने वाली है। उन्होंने कहा, मैं पिछले सात-आठ सालों से इंडस्ट्री में हूं, जिनमें से पांच साल मैं पुष्पा के सेट पर रही हूं। मेरे लिए पुष्पा मेरा घर है।
अभिनेत्री ने कहा, मैं दुनिया में कहीं भी जाती हूं, मैं पुष्पा के सेट पर वापस घर लौटती हूं। मेरे लिए, यह मेरे दिमाग में अवचेतन रूप से चलता रहता है कि मैं दुनिया में कहीं भी जाऊं, मैं वापस घर आऊंगी। यह थोड़ा दुखद है लेकिन साथ ही मैं एक अभिभूत स्थिति में हूं, जहां मुझे नहीं पता कि वास्तव में क्या महसूस करना है। मैं दुखी हूं लेकिन साथ ही मैं उत्साहित भी हूं।

### पुष्पा 2 को लेकर बोलीं रश्मिका

रश्मिका ने कहा, आप सोच रहे होंगे कि पुष्पा 2 पूरी तरह से एक्शन से भरपूर फिल्म होगी, लेकिन यह बेहद भावनात्मक है। इसमें एक पारिवारिक पहलू भी है, जो कि अधिकांश भाग में है। इसलिए जितना आप पुष्पा के स्वैग और एक्शन का इंतजार कर रहे हैं, उतना ही भावनात्मक ड्रामा का भी इंतजार कर रहे हैं। यह सब कुछ का मिश्रण होने जा रहा है।

# शाहिद कपूर की आगामी एक्शन फिल्म के लिए उत्साहित हैं विद्या बालन

शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म देवा के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित यह फिल्म 31 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। टीम द्वारा फिल्म की रिलीज डेट हाल ही में साझा की गई है, जिससे प्रशंसकों के बीच फिल्म को लेकर और अधिक उत्साह बढ़ गया है। वहीं अब विद्या बालन ने अपने सोशल मीडिया पर इस थ्रिलर को बड़े पर्दे पर देखने के लिए अपनी उत्सुकता व्यक्त की है। पहले शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की आने वाली फिल्म देवा 14 फरवरी 2025 को वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज होने वाली थी। लेकिन, टीम ने फिल्म की बड़े पर्दे पर रिलीज की तारीख को बदलकर 31 जनवरी 2025 कर दिया है, जिससे दर्शकों का इंतजार कम हो गया है।
टीम द्वारा घोषणा किए जाने के तुरंत बाद, विद्या बालन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर इसे रीपोस्ट किया। उन्होंने आगे अपनी उत्सुकता व्यक्त करते हुए लिखा, येय बहुत उत्साहित हूं। अरे देवा, 31-01-25 का इंतजार नहीं कर सकती। इस फिल्म का निर्माण विद्या के पति और फिल्म निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर ने किया है। फिल्म की नई तारीख के बारे में टीम द्वारा आधिकारिक रूप से घोषणा करते हुए कैप्शन में लिखा, बैठ जाइए, क्योंकि इंतजार अब कम हो गया है! देवा आपके सोचने से भी पहले आ रहा है- 31 जनवरी, 2025! प्रचार वास्तविक है, ऊर्जा उम्मीद से ऊपर है, और हम आपको उम्मीद से पहले इस एक्शन से भरपूर थ्रिलर को लाने के लिए उत्साहित हैं! अपने कैलेंडर को चिह्नित करें और एक दिल-धड़कन वाले अनुभव के लिए तैयार हो जाएं जिसे आप कभी नहीं भूलेंगे!
ऐसा नहीं है कि सिर्फ देवा को ही नई रिलीज डेट मिली है। विक्की कौशल की फिल्म छावा अब 6 दिसंबर, 2024 के बजाय 14 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। एंटरटेनर के निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर इसकी घोषणा की है।





# विक्की कौशल ने पत्नी कैटरीना कैफ को क्यों कहा सूबेदार?

विक्की कौशल अपनी पत्नी कैटरीना कैफ की तारीफ करते नहीं थकते। अक्सर अभिनेता अपने अभिनय कौशल या डांस मूव्स के लिए अभिनेत्री को श्रेय देते नजर आते हैं। लेकिन इस बार, उन्होंने अपने स्टाइल का श्रेय उन्हें दिया है। छावा अभिनेता ने हाल ही में एक इवेंट के रेड कार्पेट पर रैंप वॉक किया। अभिनेता ने बताया कि कैसे कैटरीना उनके वॉर्डरोब की जिम्मेदारी संभालती हैं, जिससे वह कपड़े बदलकर थोड़ा प्रेजेंटेबल दिखते हैं। उन्होंने पत्नी कैटरीना को अपनी स्टाइल टीम का सूबेदार बताया और साझा किया कि कैटरीना उन्हें अक्सर कार्यक्रमों के लिए कपड़े चुनने में मदद करती है। जब विक्की कौशल से उनके पहनावे की पसंद के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने खुद को फैशन हैंडिकैप्ड बताया और साझा किया कि आकर्षक और प्रेजेंटेबल दिखने के लिए वह अपनी टीम पर निर्भर हैं। विक्की कहते हैं, मैं वास्तव में एक फैशन हैंडिकैप्ड इंसान हूं। मैं खुद को थोड़ा प्रस्तुत करने योग्य बनाने के लिए अपनी स्टाइल टीम पर भरोसा करता हूं।

### पत्नी को बताया स्टाइल टीम का सूबेदार

जब उनसे पूछा गया कि क्या कैटरीना कभी किसी कार्यक्रम में जाने से पहले उनसे अपना पहनावा बदलने के लिए कहती हैं, तो अभिनेता ने तुरंत कहा, हां, निश्चित रूप से वह स्टाइल टीम की सूबेदार हैं। सिर्फ विक्की ही नहीं कैटरीना भी अपने पति विक्की की तारीफ करने का कोई मौका नहीं छोड़तीं।

### कैटरीना भी बांध चुकी हैं पति की तारीफों के पुल

इस साल की शुरुआत में एक इंटरव्यू के दौरान अभिनेत्री ने उन दिनों के बारे में बात की थी जब उन्हें अच्छा महसूस नहीं हो रहा था और उन्हें अपनी असुरक्षाओं से निपटने के लिए आश्वासन की जरूरत थी। वह याद करती हैं कि कैसे उनके पति उन्हें खुद के साथ नम्र रहने की याद दिलाने में मदद करते थे।

# जवान पर भारी पड़ सकती है पुष्पा 2

पुष्पा 2 इस साल की बड़ी और बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। अल्लू अर्जुन के फैंस बेसब्री से इस फिल्म के रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, फिल्म के निर्माता भी फैंस के बीच फिल्म की उत्सुकता को समझते हुए जोर-शोर से इसका प्रमोशन कर रहे हैं। हाल में ही निर्माता ने बताया था कि ये फिल्म दुनिया भर में 12000 से भी ज्यादा स्क्रीन्स पर रिलीज होगी। अब इस फिल्म को लेकर नई जानकारी सामने आ रही है, जो फिल्म के एडवांस बुकिंग से जुड़ा है। इस फिल्म के हिंदी वर्जन की एडवांस बुकिंग ने शुरु होने के महज कुछ घंटे के अंदर ही करीब 3 करोड़ रुपए जुटा लिए हैं।

### शाहरुख की जवान को छोड़ सकती है पीछे

बताते चलें कि पहले दिन का रिकॉर्ड फिलहाल शाहरुख खान की जवान के नाम है, जिसने 65 करोड़ रुपये की कमाई की थी। ऐसे में पुष्पा 2 की लोकप्रियता को देखते हुए ये आंकड़ा फिल्म द्वारा आसानी से पार किया जा सकता है। ऐसे में ये देखना काफी दिलचस्प होगा कि अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना अभिनीत ये फिल्म नया रिकॉर्ड बना पाती है या नहीं और कामयाब होती है,तो कितने अंतर से ये रिकॉर्ड बना पाती है। बताते चलें कि जल्द ही फिल्म की तेलुगु राज्यों में भी बुकिंग शुरू हो जाएगी।

